

सूर्योदय प्रातः 5:14 | सूर्यास्त संध्या 6:18 | पखवाड़ा ज्येष्ठ कृ. तृतीया, संवत 2083 | तापमान अधिकतम 33° न्यूनतम 22°

# फ्रीडम फाइटर

राष्ट्रहित सर्वोपरि

रांची, पटना व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित



रांची, सोमवार, 04 मई 2026, वर्ष : 17, अंक : 79, कुल पृष्ठ : 12, मूल्य : 2 रुपये, E-mail : freedomfighterranchi@gmail.com / epaper : https://epaper.avnpost.in/editions


**शेयर बाजार**

सेंसेक्स 76,913.50 -582.86 (-0.75%)

निफ्टी 23,997.55 -180.10 (-0.74%)

**सर्राफा बाजार** प्रति 10 ग्राम

24 carat

सोना 1,46,840.00

चांदी 2700.00

# 05 राज्यों में हुए चुनावों के आज आयेंगे नतीजे

- प्रत्याशियों की धड़कनें हुईं तेज
- जीत-हार के खूब लग रहे कयास
- हर दल के हैं अपने-अपने दावे

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली :** पश्चिम बंगाल, असम, केरल, पुडुचेरी और तमिलनाडु विधानसभा चुनाव के नतीजे 04 मई को आयेंगे। पश्चिम बंगाल की 294 सीटों पर 02 चरणों में मतदान हुआ था, हालांकि फालता सीट पर हुए मतदान को निरस्त कर दिया गया है। यहां अब 21 को फिर से मतदान होगा। इसलिए सोमवार को बंगाल की 293 सीटों को नतीजे आयेंगे। वहीं, असम की 126, केरल की 140 और पुडुचेरी की 30 सीटों पर एक चरण में 09 अप्रैल को मतदान हुआ था। तमिलनाडु की 234 सीटों पर भी एक ही चरण में 23 अप्रैल को वोटिंग हुई थी।

रिजल्ट से पहले जो एग्जिट पोल के अनुमान आये हैं, उनके मुताबिक असम में बीजेपी सत्ता की हैट्रिक लगाती नजर आ रही है। वहीं, बंगाल में भी पहली बार बीजेपी सरकार बनाती दिख रही है। केरल में लेफ्ट की विदाई होती दिख रही है, जबकि कुछ सर्वे में तमिलनाडु में टीवीके ; यानी विजय की पार्टी की जीत होती दिख रही है। हालांकि, ये एग्जिट पोल के सर्वे हैं; असली जीत-हार का पता तो 04 मई को ही चलेगा।



## बंगाल में निर्वाचन आयोग की तैयारी पूरी, 77 केन्द्रों पर होगी मतगणना

**पशिचम** बंगाल विधानसभा चुनाव दो चरणों में सम्पन्न होने के बाद अब सभी की निगाहें मतगणना पर टिकी है। वहीं, मतगणणा को लेकर निर्वाचन आयोग ने राज्य भर के मतगणना केन्द्रों की विस्तृत सूची जारी की है। आयोग के अनुसार, राज्य की 293 विधानसभा सीटों (फलता को छोड़ कर) की मतगणना कुल 77 केन्द्रों पर की जायेगी। इससे पहले 30 अप्रैल को आयोग ने मतगणना केन्द्रों की संख्या 87 से घटा कर 77 करने का निर्णय लिया था। मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) कार्यालय ने रविवार को बताया कि किस जिले के किस केन्द्र पर किन-किन विधानसभा क्षेत्रों के मतों की गिनती होगी। आयोग ने जिला-वार सभी मतगणना केन्द्रों के पते भी सार्वजनिक किये हैं। कोलकाता की 11 विधानसभा सीटों के लिए पांच मतगणना केन्द्र निर्धारित किये गये हैं। ● शेष पृष्ठ 11 पर

**बंगाल में इस बार हुआ रिकॉर्ड मतदान**

**बात** करें बंगाल की, तो इस बार राज्य के मतदाताओं ने राजनीतिक इतिहास में एक अभूतपूर्व अध्याय लिख दिया है। इस बार बंगाल में भारी मतदान हुआ है। आजादी के बाद एक नया रिकॉर्ड बना है। इससे पहले 2011 ● शेष पृष्ठ 11 पर

## एक झलक

### आधार नियमों पर सुप्रीम कोर्ट में आज सुनवाई

**नयी दिल्ली :** सुप्रीम कोर्ट सोमवार 04 मई को आधार कार्ड जारी करने के नियमों को सख्त बनाने से जुड़ी जनहित याचिका पर सुनवाई कर सकता है। इस याचिका में मांग की गयी है कि आधार जारी करने की प्रक्रिया में सख्त गाइडलाइन बनायी जाये, ताकि इसका दुरुपयोग रोका जा सके। जनहित याचिका दायर करते हुए याचिकाकर्ता ने कहा है कि नये आधार कार्ड केवल 06 साल तक के बच्चों को जारी किये जायें और किशोरों व वयस्कों के लिए अलग नियम बनाये जायें। जानकारी के मुताबिक इस मामले की सुनवाई मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की बेंच करेगी।

### मिट्टी का टीला ढहने से मां-बेटी समेत तीन की मौत

**कौशांबी :** उत्तर प्रदेश में जनपद कौशांबी के मंझनपुर थाना क्षेत्र में रविवार को खुदाई के दौरान मिट्टी का टीला ढहने से उसके मलबे में छह से अधिक लोग दब गये। जब तक ग्रामीणों ने सभी को निकाल कर अस्पताल पहुंचाया तब तक मां-बेटी सहित तीन लोगों की मौत हो गयी। सूचना पर पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने घटना की जांच पड़ताल की। सीओ सदर शिवांक सिंह ने बताया कि कौशाम्बी जनपद के मंझनपुर तहसील अंतर्गत चाकथामा गांव की कुछ महिलाएं रविवार को अपने मकान और चुल्हे की पुताई के लिए गांव के पास बने तालाब में मिट्टी की खुदाई करने गयी थी।

## अंदर के पन्नों पर


- 3 झारखंड में 4-5 मई को बारिश, वज्रपात और ओलावृष्टि...
- 5 डीसी का मैराथन दौरा, 04 प्रखंडों में 30 + योजनाओं...
- 7 वरिष्ठों-दिव्यांगों के लिए लिफ्ट की सुविधा उपलब्ध हो...
- 9 सांसद सांस्कृतिक महोत्सव सह स्वदेशी मेला का समापन...
- 10 आईपीएल में कोलकाता की लगातार तीसरी जीत...



## कार्टून कोना




# मुख्य सचिव अविनाश कुमार ने जनगणना-2027 के तहत स्व-गणना की प्रक्रिया की पूरी

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** मुख्य सचिव अविनाश कुमार ने जनगणना-2027 के तहत स्व-गणना की प्रक्रिया पूरी की। इस अभियान के तहत 01 मई से 15 मई तक स्व-गणना कार्य प्रारम्भ हो चुका है। इसी क्रम में रविवार को मुख्य सचिव अविनाश कुमार ने स्व-गणना की प्रक्रिया पूरी की। 15 मई के पश्चात मकान सूचीकरण एवं मकान गणना कार्य 06 मई से 14 जून 2026 तक पूरे राज्य में किया जायेगा। इस गहन जनगणना अभियान के दौरान घर-घर जाकर प्रगणक से सम्बद्ध कर्मी डेटा संग्रह करेंगे। सभी जिलों में इस कार्य के ● शेष पृष्ठ 11 पर



## झारखंड उच्च न्यायालय के महाधिवक्ता ने भी स्व-गणना की प्रक्रिया की पूरी



झारखंड उच्च न्यायालय के महाधिवक्ता राजीव रंजन मिश्रा ने जनगणना-2027 के तहत रविवार को स्व-गणना की प्रक्रिया पूरी की।

## पश्चिम बंगाल चुनाव में केन्द्रीय बलों ने किया सराहनीय कार्य : अधीर रंजन

**एजेंसी**

**कोलकाता :** वरिष्ठ कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में केन्द्रीय बलों की भूमिका की खुल कर सराहना की है। शनिवार देर शाम पत्रकारों से बातचीत करते हुए अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि केन्द्रीय अर्द्धसैनिक बलों की मौजूदगी के कारण आम मतदाता बिना डर के मतदान केन्द्रों तक पहुंच सके और अपेक्षाकृत भयमुक्त माहौल में मतदान हुआ। उन्होंने स्पष्ट किया कि केन्द्रीय बलों की तारीफ का मतलब यह नहीं है कि वह भाजपा या चुनाव आयोग का समर्थन कर रहे हैं, बल्कि उनका कहना है कि सुरक्षा व्यवस्था बेहतर होने से लोगों को अपने मताधिकार का उपयोग करने में सहूलियत मिली।

राज्य की सत्तारूढ़ पार्टी तृणमूल कांग्रेस पर गम्भीर आरोप लगाते हुए अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ दल के मुंह से धर्म की बात करना उचित नहीं लगता। उन्होंने आरोप लगाया कि पंचायत चुनाव से लेकर नगर निकाय चुनाव तक में विपक्षी दलों ● शेष पृष्ठ 11 पर

## इंफाल एयरपोर्ट कार्गो टर्मिनल के पास विस्फोट

**इंफाल :** मणिपुर में इंफाल इंटरनेशनल एयरपोर्ट के कार्गो टर्मिनल के पास बम विस्फोट की खबर सामने आयी है। इस घटना से इलाके में सनसनी फैल गयी है। सूचना मिलते ही मौके पर फॉरेंसिक टीम ने पहुंच कर जांच आरम्भ किया। शुरुआती जानकारी के आधार पर, मणिपुर पुलिस के एक सूत्र ने बताया कि रविवार को मणिपुर में साम्प्रदायिक झड़पों की बरसी मनायी जा रही है। इसी बीच, इंफाल में बीर टिकेंद्रजीत इंटरनेशनल एयरपोर्ट के कार्गो टर्मिनल के पास सुबह करीब 11.50 बजे एक आईईडी विस्फोट हुआ।

# मिशन दृष्टि सफलतापूर्वक लॉन्च

## पीएम मोदी ने गैलेक्सीआई टीम को दी बधाई

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली :** बेंगलुरु स्थित एक निजी अंतरिक्ष स्टार्टअप गैलेक्सी आई द्वारा विकसित उपग्रह मिशन दृष्टि रविवार को स्पेसएक्स फाल्कन 9 रॉकेट की मदद से लॉन्च किया गया। इस उपग्रह से मौसम आपदा के असर, कृषि और सीमा निगरानी से जुड़ी तस्वीरें प्रभावी ढंग से मिल सकेंगी। पीएम मोदी ने एक्स पोस्ट के जरिये गैलेक्सीआई के संस्थापकों और पूरी टीम को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

उन्होंने एक्स पर पोस्ट में लिखा- गैलेक्सीआई द्वारा शुरू किया गया मिशन दृष्टि अंतरिक्ष यात्रा में एक अहम उपलब्धि है। विश्व के पहले ऑप्टोसार उपग्रह और भारत में निर्मित सबसे बड़े निजी उपग्रह का सफल प्रक्षेपण, नवाचार और राष्ट्र निर्माण के प्रति हमारे युवाओं के जुनून का प्रमाण है। गैलेक्सीआई के संस्थापकों और पूरी टीम को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं...। रविवार को 190 किलोग्राम वजनी मिशन दृष्टि कैलिफोर्निया से लॉन्च किया गया। यह किसी भारतीय निजी कम्पनी द्वारा निर्मित अब तक का सबसे बड़ा उपग्रह है। इस विशेष उपग्रह की विशेषता यह है कि इसमें एक ही उपग्रह पर मल्टीस्पेक्ट्रल कैमरा और सिंथेटिक एपर्चर रडार इमेजर लगा हुआ है।

दृष्टि मिशन का मूल आधार ऑप्टोसार नामक एक नवीन हाइब्रिड प्रणाली है, जो एक ही प्लेटफॉर्म पर ऑप्टिकल इमेजिंग और सिंथेटिक एपर्चर रडार को संयोजित करनेवाली तकनीक है। परम्परागत रूप से उपग्रह या तो ऑप्टिकल सेंसर या फिर रडार पर निर्भर करते हैं। ऑप्टिकल सिस्टम तस्वीरों के ● शेष पृष्ठ 11 पर



■ अब मौसम आपदा, कृषि और सीमा निगरानी से जुड़ीं तस्वीरें प्रभावी ढंग से मिलेंगी

## सीएम हेमन्त सोरेन ने पीएम नरेन्द्र मोदी को लिखा पत्र

# जनगणना 2027 में सरना धर्म को मिले अलग पहचान

## सरना धर्म को अलग कोड देने की मांग

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने जनगणना 2027 में आदिवासी/सरना धर्म को अलग पहचान देने की मांग को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को विस्तृत पत्र लिखा है। इस पत्र की कॉपी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और राज्यपाल संतोष गंगवार को भी भेजी गयी है। मुख्यमंत्री ने पत्र में कहा है कि सरना धर्म आदिवासी समाज की आस्था, परम्परा और सांस्कृतिक पहचान का प्रमुख आधार है, इसलिए इसे जनगणना में पृथक कोड देकर मान्यता दी जानी चाहिए। उन्होंने उम्मीद जतायी है कि केन्द्र सरकार इस मांग पर गम्भीरता से विचार करेगी।



सीएम सोरेन ने प्रधानमंत्री को लिखे पत्र में जनगणना 2027 की शुरुआत के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि तथ्य आधारित नीति निर्माण किसी भी राष्ट्र के संतुलित विकास के लिए जरूरी है। उन्होंने कहा कि 2021 में प्रस्तावित जनगणना विभिन्न कारणों से टल गयी थी, लेकिन अब इसे शुरू किया जाना महत्त्वपूर्ण कदम है। उन्होंने यह भी बताया कि राज्य सरकार इस प्रक्रिया में पूर्ण सहयोग कर रही है। उन्होंने स्वयं स्व-गणना कर इस अभियान में भागीदारी निभायी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सटीक आंकड़ों के अभाव में किसी भी समाज के विकास से जुड़ीं नीतियों पर प्रतिकूल असर पड़ सकता है। ● शेष पृष्ठ 11 पर

## हथियार तस्करी मॉड्यूल से जुड़े चार गुर्गे गिरफ्तार

**चंडीगढ़ :** अमृतसर कमिश्नरेट पुलिस ने चार हथियार तस्करों को गिरफ्तार करके सरहद पार से हथियारों की तस्करी के एक और मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है। इनके पास से ऑस्ट्रिया निर्मित दो 9 एमएम ग्लॉक, चीन निर्मित चार .30 बोर और एक .30 बोर पिस्तौल बरामद की गयी हैं। पंजाब के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने रविवार को बताया कि गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों की पहचान समरबीर सिंह उर्फ सिमर (21) निवासी महिंद्रा कॉलोनी, ● शेष पृष्ठ 11 पर

## बच्चों में मधुमेह प्रबंधन के लिए राष्ट्रीय गाइडलाइन जारी

# मुफ्त इंसुलिन और जांच सुविधा का एलान

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली :** केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने रविवार को सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा पर आयोजित राष्ट्रीय शिखर सम्मेलन के दौरान बच्चों में 'मधुमेह मेलिटस' (डायबिटीज) के प्रबंधन के लिए एक विस्तृत राष्ट्रीय मार्गदर्शिका जारी की। इस पहल के साथ भारत उन चुनिंदा देशों में शामिल हो गया है, जिन्होंने बचपन में होनेवाले मधुमेह को अपनी सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली में शामिल किया है। यह पहल देश में बच्चों के स्वास्थ्य और समग्र विकास को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम है। मंत्रालय के अनुसार, इस दस्तावेज के जरिये पहली बार देश में बाल ● शेष पृष्ठ 11 पर


भारत की जनगणना 2027 CENSUS OF INDIA

गृह मंत्रालय भारत सरकार

## हमारी जनगणना हमारा विकास

(जनगणना 2027 का पहला चरण)

स्व-गणना (Self Enumeration) से जुड़े सामान्य प्रश्न और उत्तर (भाग-2)

**स्व-गणना क्या है?**

स्व-गणना एक ऑनलाइन प्रक्रिया है जिसमें आप प्रगणक की प्रतीक्षा किए बिना, स्वयं SE पोर्टल (se.census.gov.in) पर अपने परिवार की जानकारी भर सकते हैं



**स्व-गणना के क्या लाभ हैं?**
- अपनी सुविधा से जानकारी भर सकते हैं
- गोपनीयता सुनिश्चित
- जनगणना प्रक्रिया को तेज़ और कुशल बनाती है

**स्व-गणना पोर्टल में लॉग-इन कैसे करें?**
- राज्य / संघ राज्य क्षेत्र चुनें
- मुखिया का नाम, मोबाइल नंबर और ईमेल (वैकल्पिक) भरें
- OTP द्वारा सत्यापन करें
- स्व-गणना शुरू करें

**अपने घर का सही स्थान कैसे चिन्हित करें?**
- जिला / पिनकोड चुनें
- क्षेत्र / लैंडमार्क दर्ज करें
- मैप पर ज़ूम करें और घर के पास लोकेशन मार्क करें (सटीक पता न दिखने पर घबराएं नहीं)
- सही लोकेशन चिन्हित करना आवश्यक है

**क्या मैं अपनी जानकारी बाद में संशोधित कर सकता / सकती हूँ?**
- सबमिट करने से पहले एडिट कर सकते हैं
- सबमिशन के बाद, प्रगणक के आने पर ही बदलाव संभव होगा

**क्या स्व-गणना (SE) पोर्टल को भारत के बाहर से एक्सेस किया जा सकता है?**

नहीं, यह सुविधा केवल भारत की भौगोलिक सीमा के भीतर उपलब्ध है

**यदि सबमिशन के बाद गलती पता चले तो क्या करें?**

प्रगणक के आने पर SE ID के साथ सुधार करवाया जा सकता है

**क्या मैं फॉर्म सेव करके बाद में पूरा कर सकता / सकती हूँ?**

हां, आप प्रोग्रेस सेव कर सकते हैं और निर्धारित समय के भीतर फॉर्म पूरा कर सकते हैं

टोल फ्री - 1855

CBC 19108/13/0080/2627

चलो निभाएं अपनी ज़िम्मेदारी, करें जनगणना में भागीदारी

CensusIndia2027

## एक झलक

### सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में श्रद्धाभाव से मनी महात्मा बुद्ध की जयंती

**बेडो :** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के प्रांगण में शुक्रवार को श्रद्धाभाव व हर्षोल्लास के साथ महात्मा बुद्ध की जयंती मनायी गयी। विद्यालय के प्रधानाचार्य सत्येंद्र कुमार न दीप जला कर जयंती का शुभारम्भ किया। मौके पर प्रधानाचार्य कहा कि महात्मा बुद्ध ने अपना सारा जीवन मानव कल्याण में समर्पित कर दिए थे ।उन्होंने सांसरिक जीवन को त्याग कर मानव के सेवा को अपना रास्ता चुना। उन्होंने विश्व को सत्य, और अहिंसा के रास्ते में चलने का संदेश दिया। आज भारत ही नही विश्व के सैकड़ों देश बौद्ध धर्म को मान रहें है। बुद्ध जयंती मानना सार्थक तब होगा,जब हमसब उनके उपदेश एवं उनके बताये रास्ते को अपने जीवन में अपनायेंगे। मौके पर विद्यालय के आचार्य एवं भैया बहन मौजूद थे।

### सड़क हादसे में बरौदी निवासी रंजीत पाहन की मौत

**बुढ़मू :** शनिवार रात एक सड़क दुर्घटना में बरौदी निवासी विचार पाहन के पुत्र रंजीत पाहन (45 वर्ष) की मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार, रंजीत पाहन अपने परिजनों के साथ एक शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे, इसी दौरान एक मोटरसाइकिल ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में वे गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजनों ने उन्हें तत्काल इलाज के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गयी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। पुलिस मामले की जांच में जुट गयी है।

### मंडा पूजा को लेकर टेरपा में स्थानीय लोगों ने की बैठक

**पतरातू :** प्रखंड अंतर्गत पालू पंचायत के टेरपा गांव स्थित दुर्गा मंदिर प्रांगण में रविवार को स्थानीय लोगों की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता संतोष कुमार सिंह और संचालन उज्जवल कुमार सिंह ने किया। बैठक में मंडा पूजा के भव्य आयोजन को लेकर तैयारियों पर चर्चा की गयी। बैठक के दौरान बताया गया कि आगामी 29 मई की रात से 30 मई की सुबह तक मंडा पूजा किया जाएगा। जिसमें लोटन सेवा, फुलखुंदी सहित अन्य अनुष्ठान संपन्न होंगे। इसके साथ ही मंडा पूजा स्थल के निकट भव्य मेला भी सजेगा। पूजा के दौरान छऊ नृत्य कलाकार भी सांस्कृतिक प्रस्तुती देंगे। बैठक में हरिदास साव, संतोष सिंह, अमित यादव, रिंकू मिश्रा, विनोद यादव, आनंद कुमार, प्रवेश सिंह, रवींद्र महतो, शशि रंजन, कारण कुमार , सत्यवान कुमार, राहुल कुमार, विकास गिरी, सोना प्रताप सिंह, अजय कुमार सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।

### कुरसे में मंडा पूजा कमिटी का हुआ पुनर्गठन

**भुरकुंडा :** मंडा पूजा को लेकर रविवार को कुरसे शिव मंदिर प्रांगण में बैठक की गयी। जिसमें मंडा पूजा के सफल आयोजन को लेकर चर्चा करते हुए कई निर्णय लिए गए। बैठक में पूर्व की मंडा पूजा समिति को भंग कर नई कमेटी का गठन किया गया। साथ ही मंदिर संचालन के आयोजन और झूला हेतु भी अलग-अलग कमेटी बनाई गई। पुनर्गठित श्री श्री मंडा पूजा समिति में अध्यक्ष जगन्नाथ मुंडा, उपाध्यक्ष राजेश्वर सिंह कपूर, संतोष बेदिया, राजेंद्र तुरी, अजय तुरी, कोषाध्यक्ष जयदेव सिंह, उप कोषाध्यक्ष परमवीर सिंह, सचिव पंकज सिंह, सह सचिव जनार्दन मुंडा, उप सचिव संतोष यादव, मीडिया प्रभारी दिलीप प्रजापति, दीपक सिंह चुने गए। वहीं संरक्षक कमेटी में रामदास बेदिया, वीरेंद्र यादव, रविंद्र बेदिया, राणा प्रताप सिंह, धनेश्वर यादव, दिनेश सिंह, फुलेश्वर तुरी, जय लाल सिंह, नकुल सिंह, सहदेव ठाकुर, गिरधारी गोप, सचिन साहू, विजय मुंडा शामिल हैं।

### अखिल भारतीय महिला सम्मेलन के स्थापना दिवस पर मेगा आई चेक अप एण्ड हेल्थ कैम्प का आयोजन

# 250 से अधिक लोग हुए लाभान्वित

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** स्वर कोकिला, स्वतंत्रता सेनानी, सुप्रसिद्ध कवयित्री और भारत की पहली महिला राज्यपाल सरोजिनी नायडू द्वारा स्थापित अखिल भारतीय महिला सम्मेलन की स्थापना दिवस के अवसर पर आज रांची में मेगा आई चेक अप एण्ड हेल्थ कैम्प का आयोजन किया गया। राजधानी के करमटोली चौक पर स्थित रांची प्रेस क्लब के सभा कक्ष में आयोजित इस शिविर में 300 से अधिक लोगों ने अपनी नेत्र जांच के साथ ही स्वास्थ्य परीक्षण भी करवाया और लाभान्वित हुए। इस शिविर के संबंध में जानकारी देते हुए अखिल भारतीय महिला सम्मेलन बरियातु की सचिव अनुपमा प्रसाद ने बताया कि इस शिविर में




सुप्रसिद्ध स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ। पुष्पा पांडेय और श्रेष्ठ नेत्र चिकित्सालय के चिकित्सकों एवं अनेक स्वास्थ्य कर्मियों की टीम ने अपना योगदान दिया। कैम्प में सभी लोगों को उनके स्वास्थ्य के संबंध में परामर्श दिया गया। इससे पहले स्वर कोकिला, सरोजिनी नायडू के चित्र पर माल्यार्पण के साथ प्रारम्भ आज के समारोह में अखिल भारतीय महिला सम्मेलन, बरियातु की ओर से एक सेमिनार का आयोजन किया गया जिसमें महिलाओं की सशक्त होती भूमिका के संदर्भ में सभी वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किये। सेमिनार को संबोधित करती हुई सम्मेलन की अध्यक्ष मीना सिंह ने कहा कि महिलायें सभी क्षेत्रों में जागरूक हैं और वे निरंतर आगे बढ़ रही हैं और आवश्यकता इस बात की है कि अब उन्हें राजनीति एवं प्रशासनिक क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिये तमाम कानूनी रूकावटों को दूर किया जाये अपने संबोधन में सचिव अनुपमा प्रसाद ने कहा कि जिस प्रकार से हाल फिलहाल में महिलाओं की भूमिका बढ़ी है उसे मामले में यह कहना महिलाओं के मामले में सबसे महत्वपूर्ण और सकारात्मक बात यह है कि महिलाओं की भूमिका और उनकी पहचान के मामले में महिलाएं ही आगे बढ़ चढ़कर अपना योगदान दे रही है और अफसोस की बात यह है कि जहां भी पुरुषों या राजनीतिक नेतृत्व से अपेक्षित आशा होती है वह पूरी नहीं हो पाती श्रीमती प्रसाद ने कहा कि जिस दिन इस परिस्थिति में बदलाव होगा उसे दिन न केवल महिलाओं की स्थिति और भी ज्यादा महत्वपूर्ण होगी बल्कि इसका सीधा-सीधा असर देश के राजनीतिक, आर्थिक एवं सामाजिक विकास पर भी होगा जो सरोजनी नायडू के सपनों को पूरा करेगा। आज के मेगा आई चेक अप हेल्थ कैंप के आयोजन में इंदिरा शुक्ला, सतनाम सलूजा, सुषमा शुक्ला, कुमकुम गौड़, राका ठाकुर, नैना तनेजा, मोना गुप्ता, नूतन मिश्रा, एकता राय, सुचन्द्रा पांडा, सुचित्रा अग्रवाल, हरबीर कौर, किरण सिंह, रूपम सिन्हा, अनुपमा सिंह, पुष्पा सिंह, रागिनी लक्ष्मण के साथ ही अन्य अनेक पदाधिकारियों एवं सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## तेज धूप में निकलने से बचे, करें पेय पदार्थों का सेवन : वीरेन्द्र प्रताप

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** न्यायमूर्ति-सह-कार्यपालक अध्यक्ष, झालसा श्री सुजीत नारायण प्रसाद के दिशा-निर्देश पर एवं माननीय सदस्य सचिव झालसा, कुमारी रंजना अस्थाना एवं माननीय न्यायायुक्त, रांची श्री अनिल कुमार मिश्रा-1 के मार्गदर्शन में तथा डालसा सचिव श्री राकेश रौशन की मौजुदगी में डालसा टीम रांची के द्वारा आज दिनांक 03.05.2026 को डालसा रांची एवं दुकानदार सहयोग समिति, रांची के संयुक्त प्रयास से डालसा, रांची द्वारा आज तीसरा दिन प्रचंड गर्मी को देखते हुए रांची के बहु बाजार चैक रांची हीट-वेव-रिलीफ कैंप लगाकर राहत सामग्री के रूप में पानी का बोतल और ओ.आर.एस का वितरण किया गया। इस अवसर पर डालसा एलएडीसी सहायक वीरेन्द्र प्रताप, होटल सहयोग समिति के




सदस्यगण, पीएलवी भुप्रताप महतो, प्रदीप नाग, साहिष्ता प्रवीण, रजनी कुमारी एवं मुन्नी देवी उपस्थित थे। राहत सामग्री वितरण कार्यक्रम में एलएडीसी सहायक वीरेन्द्र प्रताप अपने टीम के साथ स्वयं उपस्थित होकर लोगों के बीच राहत सामग्री के रूप में पानी बोतल और ओआरएस का वितरण किये। उन्होंने कहा कि तेज धूप में निकलने से बचे और पेय पदार्थों का अधिक से अधिक सेवन करें। पीएलवी भुप्रताप महतो ने भी लोगों से कहा कि इस प्रचण्ड गर्मी को देखते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकारी, रांची के द्वार राहत कैंप लगाया गया है और आगे भी लगाया जायेगा।

## रामगढ़ में नीट परीक्षा शांतिपूर्ण और कदाचार मुक्त तरीके से सम्पन्न



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रामगढ़ :** जिले के परीक्षा केंद्रों पर राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा रविवार को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं कदाचार मुक्त माहौल में संपन्न हुई। उपायुक्त ऋतुराज और पुलिस अधीक्षक मुकेश कुमार लुनायत के कुशल नेतृत्व में जिला प्रशासन द्वारा की गई चाक-चौबंद व्यवस्थाओं के बीच परीक्षार्थियों ने शांतिपूर्ण माहौल में परीक्षा दी। परीक्षा के सफल संचालन को लेकर उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने स्वयं विभिन्न केंद्रों का भ्रमण कर स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी निगरानी और अभ्यर्थियों की सुविधाओं का अवलोकन किया। उपायुक्त ने परीक्षा संपन्न होने के पश्चात कहा कि जिला प्रशासन की प्राथमिकता पारदर्शिता और शुचिता बनाए रखना थी, जिसे सभी अधिकारियों एवं कर्मियों के आपसी समन्वय से सफलतापूर्वक पूरा किया गया। उन्होंने परीक्षा कार्य में प्रतिनियुक्त सभी दंडाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों एवं केंद्राधीक्षकों को उनके सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। परीक्षा केंद्रों के बाहर भी विधि-व्यवस्था पूरी तरह सामान्य रही। यातायात प्रबंधन एवं सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम होने के कारण परीक्षार्थियों एवं उनके अभिभावकों को किसी भी प्रकार की कठिनाई का सामना नहीं करना पड़ा। इस दौरान जिला प्रशासन के अन्य वरीय पदाधिकारी भी मुस्तैद रहे।

## रांची के मैरेज पैलेस में शादी के दौरान 30 लाख चोरी, सीसीटीवी के आधार पर तलाश जारी

**रांची :** रांची के बरियातू थाना क्षेत्र स्थित मैथन मैरेज पैलेस में शादी समारोह के दौरान नकदी और जेवरात से भरे बैग की चोरी का सनसनीखेज मामला सामने आया है। घटना रविवार की है, जिसके बाद पीड़ित ने थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी है। प्राथमिकी के अनुसार, नामकुम निवासी विजय कुमार पांडेय अपनी पुत्री का विवाह मैथन मैरेज पैलेस में कर रहे थे। जयमाला के दौरान उनकी पत्नी मंजु पांडेय के पास रखा बैग, जिसमें नकद रुपये, सोने के जेवरात और एक मोबाइल फोन था, एक अज्ञात बच्चा लेकर फरार हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची, मामले की जांच शुरू की, लेकिन अब तक आरोपी का कोई सुराग नहीं लग सका है। पीड़ित विजय पांडेय ने मैरेज पैलेस प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि समारोह में सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम नहीं थे। उनके अनुसार चोरी की कुल राशि करीब 25 से 30 लाख रुपये के बीच है। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की जांच जारी है और सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। संदिग्ध की पहचान कर उसे पकड़ने के लिए संभावित ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है।

### जेसीआई रांची यूथ का 'फैशन फिएस्टा 2 .0' 26–27 मई को

# 40 स्टॉलों के साथ भव्य आयोजन की तैयारी

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** युवाओं की अग्रणी संस्था जेसीआई रांची यूथ द्वारा आगामी 26 एवं 27 मई 2026 को महाराजा अग्रसेन भवन में 'फैशन एवं लाइफस्टाइल एग्जीबिशन-फैशन फिएस्टा 2.0' का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह प्रदर्शनी प्रतिदिन सुबह 10 बजे से रात्रि 8 बजे तक आम जनता के लिए खुली रहेगी। इस दो दिवसीय आयोजन में झारखंड के विभिन्न शहरों से लगभग 40 स्टॉल लगाए जाएंगे, जिनमें फैशन और लाइफस्टाइल से जुड़े आकर्षक उत्पाद उपलब्ध रहेंगे। आयोजन में प्रवेश शुल्क 20 रुपये निर्धारित किया गया है। साथ ही पहले 100 आगंतुकों को विशेष उपहार दिया जाएगा, जबकि 5000 रुपये या उससे अधिक की खरीदारी करने वाले ग्राहकों को




सरप्राइज गिफ्ट प्रदान किया जाएगा। कार्यक्रम के पहले दिन 26 मई को प्रातः 10 बजे उद्घाटन समारोह आयोजित होगा। इसी दिन 4 से 15 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों के लिए पेंटिंग प्रतियोगिता भी रखी गई है, जिसमें भाग लेने हेतु 100 रुपये पंजीकरण शुल्क निर्धारित किया गया है। वहीं दूसरे दिन बच्चों के मनोरंजन के लिए विशेष मैजिक शो का आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा, सर्वश्रेष्ठ स्टॉल को भी सरप्राइज उपहार देकर सम्मानित किया जाएगा। इस कार्यक्रम की जानकारी जेसीआई रांची यूथ की अध्यक्ष जेसी एचजीएफ मोनिका गोयनका द्वारा दी गई। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष कुशा जालान, बिजेंद्र प्रसाद, अंकित अग्रवाल, प्रतीक भदानी, अंकित छपरिया सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में जय काबरा, पूजा प्रसाद, ऋचा जालान, वेदिका सिंघानिया, संजीव कुमार, सचिव भावेश राठौड़, सौरभ चौधरी, अनुज अग्रवाल एवं अन्य सदस्य सक्रिय रूप से योगदान दे रहे हैं।

साहित्य और संस्कृति का संगम

## 10 मई के भव्य मुशायरे को लेकर रांची में तैयारियां तेज



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** झारखंड साहित्य संगम के तत्वावधान में आगामी 10 मई को आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय भव्य मुशायरा एवं कवि सम्मेलन की तैयारियों को लेकर शनिवार शाम कर्बला चौक स्थित गुलशन हॉल में एक महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा को अंतिम रूप देने के साथ-साथ आयोजन को भव्य और ऐतिहासिक बनाने के लिए विभिन्न जिम्मेदारियों का बंटवारा किया गया। बैठक के दौरान वाईबीएन यूनिवर्सिटी की ओर से राज्य के सभी विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों से विशेष अपील की गई कि वे इस साहित्यिक महाकुंभ में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें। विश्वविद्यालय ने कहा कि ऐसे आयोजनों से विद्यार्थियों और शोधार्थियों में साहित्य, संस्कृति और सामाजिक सद्भाव का संदेश व्यापक रूप से प्रसारित होता है। इस अवसर पर झारखंड साहित्य संगम के प्रदेश महासचिव डॉ. ओम प्रकाश ने वाईबीएन यूनिवर्सिटी के चेयरमैन डॉ. रामजी यादव को अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया। बैठक में आयोजन की भव्यता, अतिथियों के स्वागत एवं अनुशासन व्यवस्था पर विस्तार से चर्चा की गई। इस बैठक में नसीर अफसर, डॉ. वासुदेव प्रसाद, डॉ. अमीन रहबर, डॉ. रामजी यादव, काफीलुर रहमान, सैफुल हक, लबरेज आलम, मो. फिरोज आलम, मो. इरफान अहमद, मो. रिजवान सहित कई प्रबुद्ध साहित्यकार एवं समाजसेवी उपस्थित रहे।

### इशांक कुमार की ऐतिहासिक उपलब्धि पर कांग्रेस नेताओं ने किया सम्मान

# उज्ज्वल भविष्य की दीं शुभकामनाएं

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** नन्हे तैराक इशांक कुमार द्वारा कम उम्र में तैराकी के क्षेत्र में विश्व रिकॉर्ड स्थापित करने की ऐतिहासिक उपलब्धि पर आज झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश,



महिला कांग्रेस अध्यक्ष सह पूर्व मेयर रमा खलखो, मीडिया विभाग के अध्यक्ष सतीश पौल मुंजनी सूर्यकांत शुक्ला, हटिया प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष गोपाल उपाध्याय, सोशल मीडिया के संजय कुमार तथा यूथ कांग्रेस अध्यक्ष आशीष कुमार उनके निवास स्थान पहुँचे और उन्हें सम्मानित किया। इस दौरान नेताओं ने इशांक को पुष्पगुच्छ एवं सम्मान प्रतीक भेंट कर उनकी अभूतपूर्व उपलब्धि की सराहना की तथा उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए हार्दिक शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि इतनी कम उम्र में इशांक की यह ऐतिहासिक उपलब्धि पूरे समाज के लिए एक प्रेरणास्रोत है। उन्होंने कहा कि यह सफलता केवल व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं, बल्कि पूरे झारखंड और देश के लिए गर्व का विषय है। विश्वास जताया कि इशांक भविष्य में भी इसी तरह अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से देश और राज्य का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन करते रहेंगे। केशव जी ने यह भी कहा कि इशांक जैसे प्रतिभाशाली बच्चों को प्रोत्साहन और उचित मंच देने की आवश्यकता है, ताकि वे अपने कौशल को और निखार सकें और देश के लिए नई ऊंचाइयां हासिल कर सकें। झारखंड के लिए यह अत्यंत गर्व और सम्मान का क्षण है, जिसने पूरे प्रवेश में उत्साह और खुशी का माहौल बना दिया है। इशांक की इस उपलब्धि ने यह साबित कर दिया है कि कड़ी मेहनत, समर्पण और सही मार्गदर्शन से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है।

## विधायक नवीन जायसवाल ने किया श्री राधा कृष्ण प्रणामी मंदिर रोड निर्माण कार्य का शिलान्यास

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** रांची के कृष्णा नगर, पुंदाग थाना के पीछे फॉरेस्ट रोड स्थित श्री राधा कृष्ण प्रणामी मंदिर मार्ग के पीसीसी पथ निर्माण कार्य का शुभारंभ हटिया विधानसभा क्षेत्र के विधायक नवीन जायसवाल द्वारा विधिवत पूजा-अर्चना एवं श्रीफल फोड़कर किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र में उत्साह और प्रसन्नता का वातावरण देखने को मिला। स्थानीय श्रद्धालुओं एवं नागरिकों ने विधायक का गर्मजोशी से स्वागत किया। शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान विधायक श्री नवीन जायसवाल ने कहा कि मंदिर मार्ग का निर्माण क्षेत्र की लंबे समय से चली आ रही महत्वपूर्ण आवश्यकता थी। इस सड़क के निर्माण से मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं, स्थानीय निवासियों तथा राहगीरों को काफी सुविधा मिलेगी। उन्होंने आश्वासन दिया कि निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ कर गुणवत्तापूर्ण तरीके से समय पर पूर्ण कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि



जनसुविधाओं का विस्तार उनकी प्राथमिकता है और क्षेत्र के विकास के लिए सड़क, नाली, जल निकासी एवं अन्य बुनियादी सुविधाओं पर निरंतर कार्य किया जा रहा है। मंदिर मार्ग का निर्माण होने से आसपास के क्षेत्र का आवागमन भी सुगम होगा। यह जानकारी ट्रस्ट के प्रवक्ता संजय सर्राफ ने देते हुए कहा कि इस अवसर पर श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट के अध्यक्ष डूंगरमल अग्रवाल, उपाध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल, पूरणमल सर्राफ,सुरेश अग्रवाल, अरविंद अग्रवाल, मधुसूदन जाजोदिया, दीपेश निराला, मनीष जालान, संजय सर्राफ, ज्ञान प्रकाश शर्मा, विशाल साहू सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## आंधी-तूफान का कहर, विशाल पेड़ गिरने से कई दुकानें और वाहन हुए क्षतिग्रस्त

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**ओरमांझी :** रविवार की दोपहर आंधी-तूफान के साथ हुई तेज बारिश ने ओरमांझी थाना क्षेत्र के पांचा बाजार में भारी तबाही मचाई। तेज हवाओं के कारण सड़क किनारे खड़ा एक विशाल पेड़ अचानक गिर पड़ा, जिसकी चपेट में आने से कई दुकानें और वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, पेड़ गिरने से एक कार और एक बाइक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे के समय आसपास मौजूद लोग किसी तरह अपनी जान बचाकर भागे। स्थानीय लोगों ने बताया कि यदि उस समय बाजार में अधिक भीड़ होती, तो बड़ा हादसा हो सकता था। इस घटना में पिंटू महतो, गौरव कुमार, साहिल कुमार, अविनाश पटेल, भोलाशंकर महतो एवं गौतम कुमार के वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। वहीं कई छोटी दुकानें भी पेड़ की चपेट में आकर बुरी तरह प्रभावित हुईं। आंधी-तूफान का असर पूरे क्षेत्र में देखने को मिला। कई घरों के छप्पर उड़ गए तथा घरों में रखे अनाज और अन्य सामान भी बारिश में भीगकर बर्बाद हो गए। ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द राहत एवं मुआवजा देने की मांग की है।

> ओरमांझी के पांचा बाजार में मचा हड़कंप, बाल-बाल बचे लोग
>
> तेज बारिश और तूफान से जनजीवन प्रभावित, कई घरों के छप्पर उड़े

## पोटंगा में विस्थापितों और स्थानीय संवेदक संघ की हुई बैठक

**उरीमारी :** विस्थापित कार्यालय न्यू बिरसा पोटंगा में रविवार को विस्थापितों और स्थानीय संवेदक संघ की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता संवेदक संघ के अध्यक्ष सूरज बेसरा और संचालन सचिव महावीर साव ने किया। इस बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि उरीमारी और बिरसा परियोजना मे सिविल, ईएन्डएम, सेफ्टी, एक्सावेशन और सर्वे के कार्यों में उरीमारी क्षेत्र से बाहर के संवेदकों को किसी भी हाल में काम नहीं करने दिया जाएगा। कहा गया कि यहां के विस्थापित और स्थनीय संवेदक सीसीएल द्वारा कम संविदा निकाले जाने के कारण बेरोजगारी का दंश झेल रहे है। सीसीएल प्रबंधन अधिक से अधिक संविदा निकाले, जिससे विस्थापितों और स्थानीय संवेदकों को समुचित रोजगार मिल सके। इस बैठक में झामुमो केंद्रीय सदस्य सह विस्थापित नेता सोनराम मांझी, पूर्व जिला उपाध्यक्ष झामुमो हजारीबाग सह विस्थापित नेता संजय करमाली, विस्थापित नेता दिनेश करमाली, विनोद हेम्ब्रोम, सुरेश हेम्ब्रोम, सहाबीर हेम्ब्रोम, रविंद्र सोरेन, पंकज हेम्ब्रोम, अजय मरांडी, विजय सोरेन सहित अन्य उपस्थित थे।

### विद्या भारती के जनजातीय क्षेत्र शिक्षा प्रशिक्षण वर्ग का समापन

# मनमोहक प्रस्तुतियों ने जीता सभी का मन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**पिस्का नगड़ी :** विद्या भारती जनजातीय क्षेत्र की शिक्षा, झारखंड द्वारा आयोजित सरस्वती शिक्षा केंद्र आचार्य प्रशिक्षण वर्ग का समापन समारोह अत्यंत गरिमामय वातावरण आचार्य प्रशिक्षण विद्यालय, श्री कृष्ण चंद्र गांधी शैक्षिक नगर, कुदलुम में संपन्न हुआ। इस अवसर पर प्रशिक्षणार्थी बहनों द्वारा जनजातीय एवं ग्रामीण परिवेश के पारिवारिक क्रियाकलापों का जीवंत प्रदर्शन प्रस्तुत किया गया, जिसने ग्रामीण जीवन शैली को साकार कर उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया। कार्यक्रम की यह प्रस्तुति



विशेष आकर्षण का केंद्र रही, जिसके लिए सभी सहभागी बहनों को बधाई दी गई। समापन समारोह में संघ चालक मान्यवर देवव्रत पाहन जी (रांची), विद्या भारती के राष्ट्रीय मंत्री एवं जनजातीय क्षेत्र शिक्षा प्रभारी मान्यवर ब्रह्माजी राव, करमचंद भगत कॉलेज की प्राचार्य डॉ. मंजू, क्षेत्रीय मंत्री (उत्तर-पूर्व) एवं प्रांतीय अध्यक्ष विद्या विकास समिति झारखंड श्री राम अवतार जी, मंत्री विद्या विकास समिति एवं वनांचल शिक्षा समिति रांची डॉ ब्रजेश कुमार जी, प्रदेश सचिव श्री नकुल शर्मा जी तथा जनजातीय क्षेत्र शिक्षा के प्रांत संयोजक कलम हेंब्रम जी सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। इस प्रशिक्षण वर्ग में कुल 254 प्रशिक्षणार्थियों ने भाग लिया, जिसमें झारखंड के 235 स्थानों से आचार्य-बहनों की सहभागिता रही।

### रांची में बिजली आपूर्ति समस्या को लेकर चैम्बर और जेबीवीएनएल अधिकारियों की बैठक

# समस्याओं का शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने का आश्वासन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** राजधानी राँची में लगातार हो रही बिजली कटौती और प्रमुख व्यवसायिक क्षेत्रों में लंबे समय तक आपूर्ति बाधित रहने की समस्या को लेकर झारखण्ड चैम्बर ऑफ कॉमर्स की एक महत्वपूर्ण बैठक जेबीवीएनएल राँची जोन के सुपरिटेंडिंग इंजीनियर (विद्युत) डी.एन. साहू के साथ आयोजित की गई। बैठक में चैम्बर पदाधिकारियों ने कहा कि अनियमित बिजली आपूर्ति के कारण शहर में व्यापारिक गतिविधियां प्रभावित हो रही हैं।




विशेष रूप से व्यवसायिक क्षेत्रों में बार-बार बिजली कटौती, लो-वोल्टेज और बिना पूर्व सूचना के लंबे समय तक पावर कट की स्थिति गंभीर चिंता का विषय है। इस दौरान अधिकारियों ने बताया कि बढ़ते बिजली लोड के मुकाबले पुराना और जर्जर विद्युत इंफ्रास्ट्रक्चर, ट्रांसफार्मरों की सीमित क्षमता, तकनीकी फॉल्ट, बार-बार ट्रिपिंग, मौसमीय प्रभाव (आंधी-बारिश) तथा शहरी विस्तार के अनुरूप ढांचे का पर्याप्त विकास न होना प्रमुख समस्याएं हैं। चैम्बर प्रतिनिधियों ने जोर देकर कहा कि राजधानी में निर्बाध बिजली आपूर्ति अत्यंत आवश्यक है, खासकर उन व्यावसायिक क्षेत्रों में जहां संपूर्ण गतिविधियाँ बिजली पर निर्भर हैं। उन्होंने इन क्षेत्रों को प्राथमिकता देने की मांग की। इस पर जेबीवीएनएल अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि लोड मैनेजमेंट को बेहतर बनाया जाएगा, जर्जर लाइनों और ट्रांसफार्मरों को चरणबद्ध तरीके से बदला जाएगा, फॉल्ट रेस्पॉन्स समय को कम किया जाएगा तथा नियमित मेंटेनेंस और मॉनिटरिंग को मजबूत किया जाएगा। साथ ही व्यावसायिक क्षेत्रों में विशेष ध्यान देकर समस्याओं का शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने की बात कही गई। बैठक में चैम्बर उपाध्यक्ष राम बांगड़, महासचिव रोहित अग्रवाल, सह सचिव रोहित पोद्दार, पूर्व अध्यक्ष पवन शर्मा और एनर्जी उप समिति के चेयरमैन बिनोद तुलस्यान उपस्थित रहे। वहीं जेबीवीएनएल की ओर से कई कार्यपालक अभियंता एवं तकनीकी अधिकारी भी शामिल हुए।

## संकीर्तन से भक्तिमय हुआ गांव, दिखा श्रद्धा और उल्लास का अद्भुत संगम

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गोला :** गोला प्रखंड के बरलंगा बांका टोला स्थित श्री श्री राधा रानी मंदिर में विगत 01 मई से आयोजित भव्य संकीर्तन कार्यक्रम ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया है। इस धार्मिक आयोजन में ग्रामवासी बड़ी संख्या में भाग ले रहे हैं। श्रद्धालु मंदिर प्रांगण पहुंचकर बंगाल-झारखंड से पहुंचे संकीर्तन मंडली के कलाकारों का हौंसला अफजाई कर रहे हैं। कार्यक्रम की शुरूआत विगत शुक्रवार से विधिवत पूजा-अर्चना के साथ हुई, जिसके पश्चात संकीर्तन का सिलसिला देर शाम तक अनवरत चलता रहा। संकीर्तन मंडली के कलाकारों द्वारा प्रस्तुत जोयो राधे,



राधे राधा, कृष्ण जोयो के उद्घोष से श्रद्धालु भाव-विभोर हो गए। माहौल पूर्ण रूप से आध्यात्मिक एवं धार्मिक ऊर्जा से भर गया। ग्रामीणों ने इस आयोजन को आपसी भाईचारे और सांस्कृतिक एकता का प्रतीक बताया। बुजुर्गों से लेकर युवाओं और बच्चों तक सभी ने संकीर्तन कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर भाग लिया। महिलाओं और कुंवारी कन्याओं की सक्रिय भागीदारी ने कार्यक्रम की शोभा को चार चांद लगा दिया।

## एक झलक

### द्वितीय राष्ट्रीय योगासन चैम्पियनशिप 2026 के लिए रांची टीम राउरकेला रवाना

**रांची :** द्वितीय राष्ट्रीय योगासन चैम्पियनशिप 2026 का आयोजन राउरकेला में जेपी हॉस्पिटल में होने जा रहा है। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए रांची जिले की मोक्ष मंत्र योग संस्था के कई प्रतिभागी शनिवार को हटिया रेलवे स्टेशन से राउरकेला के लिए रवाना हुए। टीम के साथ कोच स्वीटी कुमारी मौजूद रहीं, जिन्होंने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। इस टीम में शामिल खिलाड़ी हैं—छवि पांडेय, कृत्रिम टोपो, माही पांडेय, जसप्रीत कौर, सनाया राज, आराध्या वैभव दुबे, चिराग सिंह, मुकेश कुमार महतो और सुदीक्षा सरकार। प्रतियोगिता में देशभर से प्रतिभागियों के शामिल होने की संभावना है, जिससे मुकाबला कड़ा होने वाला है। रांची टीम के खिलाड़ी बेहतर प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

### आज मनाया जायेगा रघुवर दास का जन्मदिन

**रांची :** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं ओडिशा के पूर्व राज्यपाल तथा भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता रघुवर दास जी का जन्मदिन आज एक विशेष सामाजिक कार्यक्रम के तहत मनाया जायेगा। यह कार्यक्रम रातू रोड स्थित मधुकम, रुगड़ीगढ़ा के पास स्लम बस्ती में छोटे-छोटे बच्चों के साथ आयोजित किया जायेगा। इस अवसर पर बच्चों के साथ केक काटकर जन्मदिन मनाया जायेगा। साथ ही, बच्चों में शिक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से कॉपी और पेंसिल का भी वितरण किया जायेगा। कार्यक्रम में मीडिया बंधुओं से अनुरोध किया गया है कि वे सुबह 11:15 बजे निर्धारित स्थान—मधुकम शास्त्री चौक, रुगड़ीगढ़ा—पर पहुंचने का कष्ट करें। यह आयोजन सामाजिक सरोकार और शिक्षा को बढ़ावा देने की दिशा में एक सकारात्मक पहल माना जा रहा है।

### अग्रवाल युवा सभा ने किया गो सेवा कार्यक्रम का आयोजन

**रांची :** रविवार को प्रातः 7:30 बजे रांची गोशाला, हरमू रोड में अग्रवाल युवा सभा, रांची द्वारा एक गौ सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर निर्बल एवं असहाय गायों को हरी सब्जी, घास, रोटी और गुड़ खिलाकर सेवा की गई। यह सेवा कार्यक्रम संस्था के सदस्यों अग्र निखिल सुल्तानिया एवं अग्र अनूप टेकरीवाल द्वारा संपन्न किया गया। कार्यक्रम में संस्था के सदस्यों एवं उनके परिवारजनों ने भी भाग लिया और गौ माता की सेवा कर पुण्य लाभ प्राप्त किया।

## झारखंड में 4-5 मई को बारिश, वज्रपात और ओलावृष्टि का अलर्ट

# 60 किमी/घंटा तक चलेंगी तेज हवाएं



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** झारखंड में मौसम एक बार फिर करवट लेने जा रहा है। मौसम विभाग ने 4 और 5 मई को राज्य के कई जिलों में बारिश के साथ वज्रपात (बिजली गिरने) और ओलावृष्टि की संभावना जताई है। इस दौरान 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने का भी अनुमान है। संभावित खराब मौसम को देखते हुए विभाग ने ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार, 4 मई को रामगढ़, हजारीबाग, कोडरमा, बोकारो, गिरिडीह, धनबाद, जामताड़ा, देवघर, दुमका, पाकुड़, गोड्डा और साहिबगंज जिलों में बारिश के साथ आंधी-तूफान और वज्रपात की संभावना है। वहीं 5 मई को राजधानी रांची समेत खूंटी, पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, रामगढ़, हजारीबाग, बोकारो, कोडरमा, सरायकेला-खरसावां, धनबाद, गिरिडीह, देवघर, जामताड़ा, दुमका, पाकुड़, साहिबगंज और गोड्डा जिलों में भी मौसम का यही मिजाज बना रह सकता है। पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य में तापमान में भी उतार-चढ़ाव देखने को मिला। सबसे अधिक तापमान डाल्टनगंज में 38.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि लातेहार में न्यूनतम तापमान 17.7 डिग्री सेल्सियस रहा। रविवार को रांची और आसपास के इलाकों में सुबह मौसम साफ रहा, लेकिन दोपहर बाद बादल छा गए और ठंडी हवाएं चलने लगीं, जिससे लोगों को गर्मी से कुछ राहत मिली। तापमान की बात करें तो रांची में अधिकतम 32.2 और न्यूनतम 20.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जमशेदपुर में अधिकतम 35.1 और न्यूनतम 23.7 डिग्री, डाल्टनगंज में अधिकतम 38.6 और न्यूनतम 22.5 डिग्री, बोकारो में अधिकतम 33.2 और न्यूनतम 22.5 डिग्री, जबकि चाईबासा में अधिकतम 33.4 और न्यूनतम 22.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग ने लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है, खासकर खराब मौसम के दौरान खुले स्थानों से दूर रहने और सुरक्षित जगहों पर शरण लेने को कहा गया है।

## श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर मंदिर के 19वें वार्षिकोत्सव की तैयारी तेज, संचालन समिति की बैठक सम्पन्न

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** शहर के एकमात्र दिव्यदेशम् श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर मंदिर में भगवान श्री तिरुपति बालाजी की स्थापना के 19 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित होने वाले वार्षिकोत्सव सह कल्याणोत्सव की तैयारियों को लेकर मंदिर संचालन समिति की बैठक सम्पन्न हुई। रविवार, 3 मई को आयोजित इस बैठक की अध्यक्षता कार्यकारी अध्यक्ष राम अवतार नरसरिया ने की। बैठक में आगामी त्रिदिवसीय महोत्सव की रूपरेखा एवं तैयारियों पर विस्तृत चर्चा की गई। बताया गया कि यह वार्षिकोत्सव सह कल्याणोत्सव 26 जून (शुक्रवार) से 28 जून (रविवार) तक भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा। महोत्सव का आयोजन श्रीधाम वृंदावन स्थित जानकीवल्लभ मंदिर के पीठाधीश्वर जगद्गुरु रामानुजाचार्य स्वामी अनिरुद्धाचार्य जी महाराज के सानिध्य में होगा। वहीं, दक्षिण भारत के कांचीपुरम से आए विद्वान आचार्य श्रीवत्स भट्टर के नेतृत्व में वैदिक अनुष्ठान संपन्न कराए जाएंगे। हर वर्ष की तरह इस बार भी महोत्सव को भव्य और आकर्षक बनाने की तैयारी की जा रही है, जिससे रांचीवासियों को धार्मिक और सांस्कृतिक उल्लास का अनुभव हो सके। बैठक में प्रमुख रूप से राम अवतार नरसरिया, अनूप अग्रवाल, ओमप्रकाश केजरीवाल, रमेश धरनीधरका, घनश्याम दास शर्मा, अनीश अग्रवाल, विनय धरनीधरका, संतोष कुमार मोदी, कन्हैयालाल लोहिया, उदय राठौर, आनंद प्रकाश अग्रवाल, राजेश सुलतानिया और शशिभूषण सिंह सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## पुंदाग तेली मुक्ति धाम के प्रस्तावित मार्ग का संयुक्त निरीक्षण

# ग्रामीणों ने उठायी शीघ्र निर्माण की मांग



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** पुंदाग स्थित तेली मुक्ति धाम के प्रस्तावित मार्ग का रविवार को झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश एवं झारखंड प्रदेश तेली समाज के प्रदेश अध्यक्ष अरुण साहू द्वारा संयुक्त रूप से स्थल निरीक्षण किया गया। इस दौरान मुक्ति धाम तक सुगम आवागमन सुनिश्चित करने हेतु प्रस्तावित मार्ग की वर्तमान स्थिति का जायजा लिया गया तथा स्थानीय ग्रामीणों एवं समाज प्रतिनिधियों से विस्तृत चर्चा की गई। निरीक्षण के दौरान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि तेली मुक्ति धाम केवल धार्मिक और सामाजिक स्थल ही नहीं, बल्कि समाज की आस्था और परंपरा का केंद्र है। ऐसे महत्वपूर्ण स्थल तक सुगम मार्ग की व्यवस्था अत्यंत आवश्यक है, ताकि स्थानीय लोगों को किसी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े। वहीं, झारखंड प्रदेश तेली समाज के अध्यक्ष अरुण साहू ने संबंधित विषय पर शीघ्र आवश्यक पहल करने तथा जनभावनाओं के अनुरूप मार्ग निर्माण हेतु सकारात्मक प्रयास का आश्वासन दिया। मौके पर झारखंड प्रदेश तेली समाज के रांची जिला अध्यक्ष जेम्स कश्यप, प्रदेश महासचिव प्रकाश साहू, पुंदाग ग्राम अध्यक्ष राम कुमार विद्यार्थी सहित बड़ी संख्या में समाज के गणमान्य सदस्य एवं स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने भी मुक्ति धाम तक पहुंच मार्ग निर्माण को जनहित एवं समाजहित से जुड़ा मुद्दा बताते हुए शीघ्र कार्रवाई की मांग की।

## एफटीएस एकल युवा रांची ने 'पुण्यार्थ' के अंतर्गत गोसेवा का किया आयोजन



**रांची :** फ्रेंड्स ऑफ ट्राइबल सोसाइटी (एफटीएस) एकल युवा, रांची चैप्टर के तत्वावधान में रविवार को 'पुण्यार्थ' कार्यक्रम के अंतर्गत हरमू स्थित गोशाला में गोसेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संगठन के युवाओं ने गो माता को हरा चारा, गुड़ एवं अन्य पोषक आहार खिलाया तथा गोशाला परिसर की साफ-सफाई में सक्रिय सहयोग प्रदान किया। चैप्टर अध्यक्ष अभिनव मित्तल ने कहा, 'हमारा संकल्प है कि प्रतिमाह नियमित रूप से गोसेवा का आयोजन किया जाये। यह हमारा सामाजिक एवं सांस्कृतिक दायित्व है। सभी युवाओं से आग्रह है कि इस पुण्य कार्य में बढ़-चढ़ कर भाग लें और संगठन को अपना सहयोग प्रदान करें।' कार्यक्रम में एकल युवा के अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

## श्री राधा- कृष्ण प्रणामी मंदिर में अन्नपूर्णा महाप्रसाद का हुआ आयोजन

# भजनों पर खूब झूमे श्रद्धालु



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** डॉ. संत शिरोमणी स्वामी सदानंद महाराज जी के सानिध्य में एम.आर.एस. श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट द्वारा संचालित श्री कृष्ण प्रणामी मंगल राधिका सदानंद सेवाधाम श्री राधा कृष्ण प्रणामी मंदिर पुंदाग रांची में 264 वां श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा सेवा महाप्रसाद का आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्री राधा रानी जी का दिव्य आकर्षक आभूषणों से अलंकृत कर अलौकिक श्रृंगार किया गया। तत्पश्चात महाप्रसाद का विधिवत भोग दोपहर 12 बजे मंदिर के पुजारी अरविंद कुमार पांडेय द्वारा लगायी गयी, महाप्रसाद मे मसालेदार वेजिटेबल खिचड़ी, जलजीरा शर्बत, सत्तू पानी का वितरण महिला समिति की आशा सिंह, आशा मिश्रा और नंदरानी पाठक के सौजन्य से किया गया। मंदिर परिसर में उपस्थित 1500 से भी अधिक श्रद्धालुओं के बीच महाप्रसाद का वितरण किया गया। तत्पश्चात भजन- संध्या में ट्रस्ट के भजन गायक मनीष सोनी ने प्रभु श्याम एवं राधा कृष्ण पर आधारित मनमोहक सुमधुर भजनों से श्रोताओं को खूब झुमाया। तथा श्री राधा कृष्ण के जयकारा से पूरा वातावरण कृष्णमय एवं भक्तिमय बन गया। तत्पश्चात सामूहिक रूप से महाआरती की गई?। ट्रस्ट के प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ ने बताया कि श्री राधा कृष्ण मंदिर में सुबह से ही भक्तों का तांता लगा रहा तथा 3 हजार से अधिक श्रद्धालुओं में दर्शन किये। उन्होंने बताया कि मंदिर में प्रत्येक दिन दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक वेजिटेबल खिचड़ी महाप्रसाद का वितरण किया जाता है जिसमें 400 से भी अधिक श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करते हैं।

## भीषण गर्मी में राहत

# शौण्डिक संघ ने शुरू की निःशुल्क प्याऊ सेवा



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** झारखण्ड प्रदेश शौण्डिक संघ ने भीषण गर्मी के प्रकोप को देखते हुए आमजन की सुविधा के लिए निःशुल्क प्याऊ सेवा की शुरूआत की है। संघ की कार्यकारिणी बैठक में लिए गए निर्णय के तहत वर्द्धमान कंपाउंड स्थित प्रदेश अध्यक्ष के आवास के समक्ष प्रथम प्याऊ का उद्घाटन किया गया। इस पुनीत कार्य का शुभारंभ मुख्य अतिथि रांची की महापौर रोशनी खलखो ने किया। उद्घाटन के अवसर पर उन्होंने संघ के इस सामाजिक प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि तपती गर्मी में राहगीरों को शीतल जल उपलब्ध कराना मानवता की सच्ची सेवा है। संघ द्वारा आज से तीन अन्य स्थानों पर भी प्याऊ सेवा शुरू की जा रही है। सभी जगहों पर स्टील के गिलास रमेश साहु द्वारा तथा गुड़-चना रमण साहु एवं सुमन साहु द्वारा उपलब्ध कराया गया है। संघ के अध्यक्ष सुनील साहू और महासचिव विद्याधर प्रसाद ने संयुक्त रूप से बताया कि समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए विभिन्न सार्वजनिक स्थलों पर पेयजल की व्यवस्था की जा रही है, ताकि राहगीरों को गर्मी से राहत मिल सके। कार्यक्रम में जयश्री साहु ने महापौर का स्वागत पुष्पगुच्छ भेंट कर किया। इस अवसर पर संरक्षक अरुण गुप्ता, कुमुद साहु, वरिष्ठ उपाध्यक्ष उदय साहू सहित रमेश साहू, मयंक साहु, पंकज साहू, कुणाल शाह, अरुणदेव कुमार, नवल साहु, शिवेन्द्र जी और कृष्णा साहु समेत संघ के कई गणमान्य सदस्य व पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## आस्था और परम्परा का संगम, बुटी में 07 दिवसीय मंडा पूजा सम्पन्न

# श्रद्धालुओं ने बरसाये आस्था के फूल



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** श्री श्री मंडा पूजा समिति, बुटी के तत्वावधान में 7 दिवसीय मंडा पूजा का भव्य आयोजन किया गया। इस धार्मिक अनुष्ठान में गांव के लगभग 200 भोक्ता एवं सोखताइन शामिल हुए। पूजा के दौरान लोटन सेवा, होड़न सेवा सहित कई पारंपरिक अनुष्ठान गोसाई जी द्वारा संपन्न कराये गये। बैसाख पूर्णिमा (शुक्रवार) को आयोजित फुलखुंदी कार्यक्रम विशेष आकर्षण का केंद्र रहा, जिसमें भोक्ता एवं सोखताइन ने तालियों की गड़गड़ाहट के बीच दहकते अंगारों पर चलकर अपनी अटूट शिव भक्ति का प्रदर्शन किया। वहीं रात्रि में बंगाल से आए कलाकारों ने छऊ नृत्य प्रस्तुत कर बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों का मन मोह लिया। विशेष रूप से महिला कलाकारों की प्रस्तुति आकर्षण का केंद्र रही। शनिवार की शाम झूलन कार्यक्रम में भोक्ताओं ने सज-धज कर लगभग 30 फीट ऊंचे झूले पर झूलते हुए आस्था के फूल बरसाए, जिन्हें नीचे खड़ी श्रद्धालु महिलाओं ने अपने आंचल में समेटकर श्रद्धा का प्रतीक माना। शाम 5 बजे से रंगारंग नागपुरी सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें झारखंड के प्रसिद्ध कलाकार पवन राजा, ललिता जी और प्रीति बारला ने अपनी प्रस्तुतियों से पूरे मेले में समां बांध दिया। उनके गीतों पर युवा और बच्चों का उत्साह देखते ही बन रहा था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद आदित्य साहू ने फीता काटकर मेले का उद्घाटन किया, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में कांके विधायक सुरेश बैठा उपस्थित रहे। सांसद ने मंडा पूजा आयोजन समिति की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन गांव में सुख-शांति और समृद्धि लाते हैं, जिन्हें बनाए रखना आवश्यक है। इस अवसर पर ललकु महतो, रामकिशोर ओहदार, राजकुमार महतो (केंद्रीय अध्यक्ष, मंडा पूजा समिति), सदर थाना प्रभारी कुलदीप कुमार, अवधेश बैठा, कमलेश राम, चंदन सिंह, राजेंद्र ओहदार, रामेश्वर प्रसाद, कार्तिक महतो, मनोज महतो, तुलसी महतो, जितेंद्र महतो, परमेश्वर प्रसाद, नरेश महतो, ललक नाथ महतो, संजय साहु, बालकृष्णा महतो, डॉ. विश्वनाथ आनंद सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## 'स्वस्थ समाज रचना' विषय पर स्मारिका सम्पादन बैठक सम्पन्न, विद्वानों ने रखे विचार



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** आचार्य कुल झारखंड प्रांत, रांची के तत्वावधान में 'आचार्य कुल संदेश झारखंड प्रदेश' स्मारिका के संपादन को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन वर्ल्ड बुद्धा फाउंडेशन सभागार, बरियातू रोड में किया गया। बैठक का मुख्य विषय स्वस्थ समाज रचनाः दशा एवं दिशा रहा, जिसमें समाज के समग्र विकास, नैतिक मूल्यों के संवर्धन और शिक्षाविदों की भूमिका पर विस्तार से चर्चा की गयी। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि उक्त विषय पर आधारित स्मारिका के लिए रचनाएं 15 जून 2026 तक आमंत्रित की जाएंगी। चयनित श्रेष्ठ रचनाओं का संकलन कर स्मारिका का विमोचन आगामी रांची जिला आचार्य कुल अधिवेशन में किया जायेगा। इस अवसर पर परामर्श मंडल, संरक्षक मंडल और संपादक मंडल के गठन के साथ विभिन्न दायित्वों के लिए विद्वान व्यक्तित्वों को जिम्मेदारी सौंपी गई, ताकि इस महत्वपूर्ण प्रकाशन कार्य को प्रभावी ढंग से पूरा किया जा सके। बैठक में प्रमुख रूप से डॉ. सुबोध कुमार, डॉ. हरीश कुमार, डॉ. काली दास, डॉ. अरविंद कुमार लाल, डॉ. उपेंद्र उपाध्याय, डॉ. सकलदेव चौरसिया, डॉ. वासुदेव प्रसाद, डॉ. अमित सिन्हा, डॉ. जय प्रकाश पांडेय, डॉ. नीतीश राज, डॉ. संतोष साहू, डॉ. रंजीत, डॉ. लक्ष्मण नायर एवं डॉ. ओम प्रकाश सहित कई शिक्षाविदों और बुद्धिजीवियों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

## बाल-संस्कार शाला में कलात्मक प्रदर्शन कर मना वार्षिकोत्सव

# विद्या विभूति का लाभ सबको मिलना चाहिए : सुलोचना



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** जिलांतर्गत कांके प्रखंड समन्वय के तहत गायत्री प्रज्ञा केन्द्र में अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा आयोजित वार्षिक महोत्सव बाल संस्कारशाला कांके में भव्य रूप से मनाया। संस्कारशाला के बच्चों द्वारा उद्देश्यपूर्ण अभिनय जैसे ऑपरेशन सिंदूर नाटक, नशा मुक्त भारत नाटक, मोबाईल उपयोगी शो जैसी प्रस्तुति की गई। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हेजेल डेविस (रोटरी क्लब ऑफ रांची नार्थ सदस्य, संजुक्ता विश्वास काम आलाप संगीत संस्थान की संस्थापक एवं शास्त्रीय संगीत की शिक्षका) और मेरी आवाज, मेरी पहचान के संचालक एवं मुख्य सदस्यगण तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में भी निरंजन सिंह (परिव्राजक गायत्री परिवार, टाटानगर) उपस्थित थे। सभी बच्चों का मनोबल बढ़ाते हुए उन्हें बाल संस्कारशाला कांके की ओर से मेडल तथा पारितोषिक वितरण किया गया। इसकी संचालिका सुलोचना शाहदेव, सहायक में कृति शाहदेव, सुरुचि रंजन, रेणु श्रीवास्तव सहित टीम सदस्यों ने खूबसूरत ढंग से मनाया। इसके अतिरिक्त इस अवसर पर बहुत से कार्यक्रम हुए, जिसमें संगीत, नृत्य, नाटक, प्रज्ञा योग जैसे कार्यक्रम में बच्चों ने भाग लिया और उनके प्रोत्साहन के लिए उन्हें पुरस्कार और उपहार देकर उनका मनोबल बढ़ाया गया।

## '15 दिन 15 जन सेवा' अभियान का दूसरा दिन सफल, 250 से अधिक लोगों को मिली राहत



**रांची :** मारवाड़ी युवा मंच, समर्पण शाखा द्वारा चलाए जा रहे '15 दिन 15 जन सेवा' अभियान के तहत दूसरे दिन का कार्यक्रम सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। अभियान के अंतर्गत शहर में विभिन्न स्थानों पर जरूरतमंदों की सेवा की जा रही है। अध्यक्षा शुभा अग्रवाल के स्लोगन 'प्यार बांटते चलो' के तहत गाड़ीखाना स्थित शनि मंदिर परिसर में बढ़ती गर्मी को देखते हुए राहगीरों और श्रमिकों के बीच जूस एवं खाद्य सामग्री का वितरण किया गया। इस सेवा कार्य का संचालन शाखा सदस्य वीणा शर्मा के नेतृत्व में किया गया। इस पहल से भीषण गर्मी के बीच 250 से अधिक लोगों को राहत मिली। कार्यक्रम में अध्यक्षा शुभा अग्रवाल, सचिव रेखा रायका, कविता सोमानी, वीणा शर्मा, वर्षा धानुका, शायरी अग्रवाल, पायल जैन, निशु सराफ सहित शाखा की अन्य सदस्यों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। अभियान के तहत आगामी 13 दिनों तक प्रतिदिन शहर के विभिन्न स्थानों पर सेवा कार्य आयोजित किए जाएंगे। इस संबंध में जानकारी मीडिया प्रभारी वेदिका सिंघानिया ने दी।

## झारखंड चैम्बर और गवर्नमेंट टूल रूम के बीच स्किल डेवलपमेंट सहयोग पर हुई अहम बैठक



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** फेडरेशन ऑफ झारखंड चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रतिनिधिमंडल ने आज झारखंड गवर्नमेंट टूल रूम परिसर में प्रिंसिपल सह प्रबंध निदेशक महेश गुप्ता के साथ बैठक की। यह बैठक दोनों संस्थानों के बीच पूर्व में हुए एमओयू के अनुपालन को लेकर आयोजित की गई थी। बैठक में चैम्बर के उपाध्यक्ष राम बांगड़ तथा स्किल डेवलपमेंट उप समिति के चेयरमैन आलोक सिंह उपस्थित रहे। बैठक के दौरान एमएसएमई और मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर के लिए स्किल डेवलपमेंट, उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुरूप प्रशिक्षण तथा असंगठित श्रमिकों को प्रशिक्षित कर रोजगार से जोड़ने जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। राम बांगड़ ने टूल रूम से उनके प्रशिक्षण संसाधनों, मशीनरी, लैब्स और अन्य सुविधाओं का विस्तृत विवरण साझा करने का अनुरोध किया, ताकि चैम्बर के सदस्यों को इसकी जानकारी मिल सके और अधिक से अधिक उद्योग इसका लाभ उठा सकें। साथ ही यह भी विचार किया गया कि झारखंड के विभिन्न शहरों में स्थित चैम्बर सदस्य किस प्रकार टूल रूम की सुविधाओं से जुड़ सकते हैं। इस दौरान आउटरीच प्रोग्राम, इंडस्ट्री कनेक्ट और संभावित सहयोग मॉडल पर भी चर्चा हुई, जिससे राज्यभर के उद्योगों को कुशल मानव संसाधन उपलब्ध कराया जा सके। टूल रूम द्वारा उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुरूप विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम तैयार करने तथा चैम्बर सदस्यों के लिए संस्थान विजिट आयोजित करने पर सहमति बनी। यह भी निर्णय लिया गया कि झारखंड गवर्नमेंट टूल रूम द्वारा एक विस्तृत प्रस्तुति 20 मई 2026 को चैम्बर सदस्यों के समक्ष दी जाएगी।

# झारखंड कांग्रेस की नयी कमिटी का गठन, पदाधिकारियों की सूची जारी




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी की स्वीकृति के बाद झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कांग्रेस भवन, राँची में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में प्रदेश कांग्रेस कमिटी एवं अन्य समितियों के पदाधिकारियों व सदस्यों की सूची जारी की। इस अवसर पर अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के सचिव सह-प्रभारी भूपेन्द्र मारावी, सतीश पॉल मुंजनी, अभिलाष साहू, सोनाल शांति और राजन वर्मा भी उपस्थित रहे। नवगठित कमिटियों में पीसीसी कार्यकारी समिति, राजनीतिक मामलों की समिति, समन्वय समिति, अभियान समिति, परिसीमन समिति, चुनाव प्रबंधन समिति तथा एसआईआर समिति का गठन किया गया है। जेपीसीसी की कार्यकारी समिति में एक कोषाध्यक्ष, 16 उपाध्यक्ष, 43 महासचिव, 44 पीसीसी कोऑर्डिनेटर, 81 सचिव और 44 संयुक्त सचिव शामिल होंगे। इनमें से 14 उपाध्यक्षों को राज्य की अलग-अलग संसदीय सीटों की जिम्मेदारी दी जाएगी, जबकि 2 उपाध्यक्षों को विभागों और फ्रंटल संगठनों के समन्वय का कार्य सौंपा गया है। 34 महासचिवों को जिला कांग्रेस कमिटी अध्यक्षों के साथ मिलकर जिलों में प्रभारी के रूप में कार्य करने की जिम्मेदारी दी जाएगी, जबकि शेष को संगठन, मीडिया, मॉनिटरिंग, प्रशिक्षण और शिकायत निवारण जैसे महत्वपूर्ण दायित्व सौंपे जाएंगे। इसी प्रकार 34 पीसीसी कोऑर्डिनेटर को जिलों में तथा अन्य को राज्यस्तरीय समन्वय की जिम्मेदारी दी जाएगी। 81 सचिवों को विधानसभा क्षेत्रों में और 44 संयुक्त सचिवों को महत्वपूर्ण क्षेत्रों में सहयोग के लिए तैनात किया जाएगा। जेपीसीसी अध्यक्ष अगले 48 घंटों में सभी पदाधिकारियों को भौगोलिक और कार्यात्मक जिम्मेदारियां सौंपने संबंधी अधिसूचना जारी करेंगे। नई कार्यकारी समिति में सभी वर्गों, महिलाओं और 45 वर्ष से कम उम्र के युवाओं को समुचित प्रतिनिधित्व देने का प्रयास किया गया है। पदाधिकारियों का कार्यकाल 5 वर्षों का होगा, लेकिन हर वर्ष प्रदर्शन के आधार पर समीक्षा की जाएगी। राजनीतिक मामलों की समिति में 34 सदस्य होंगे, जो राज्य की राजनीतिक रणनीति तय करेंगे। समन्वय समिति संगठन में तालमेल सुनिश्चित करेगी, जबकि अभियान समिति आगामी चुनावों के लिए रणनीति तैयार करेगी। परिसीमन समिति गठबंधन दलों के साथ मिलकर परिसीमन प्रस्तावों पर कार्य करेगी और चुनाव प्रबंधन समिति चुनावों की तैयारियों को मजबूत करेगी। वहीं, एसआईआर समिति मतदाता सूची से जुड़े कार्यों पर विशेष ध्यान देगी।

## 'श्री शिवाला सेवा समिति' के प्रतिनिधिमंडल ने दिया मुख्यमंत्री को आमंत्रण



**रांची :** कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में रविवार को मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से 'श्री शिवाला सेवा समिति' के प्रतिनिधिमंडल ने शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री श्री सोरेन को 05 मई 2026 से 11 मई 2026 तक सुकुरहुटू गोशाला फुटबॉल मैदान, रांची में आयोजित होनेवाली 'श्री शिव महापुराण कथा' में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होने हेतु सादर आमंत्रित किया। प्रतिनिधिमंडल में रमेश सिंह, रितेश कुमार, रवि राज, राहुल कुमार, सनद कुमार सहित अन्य सदस्य भी उपस्थित थे।

## क्रशर व्यवसायियों की समस्याओं पर मंत्री से वार्ता, समाधान का मिला आश्वासन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** क्रशर व्यवसायियों की समस्याओं को लेकर आज झारखण्ड चैंबर ऑफ कॉमर्स के प्रतिनिधिमंडल ने राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर से मुलाकात की। बैठक में झारखंड उच्च न्यायालय में लंबित जनहित याचिका (आनंद कुमार बनाम झारखंड सरकार) के संदर्भ में खनन पट्टों एवं क्रशर इकाइयों के लिए निर्धारित दूरी (400 मीटर एवं 500 मीटर) के प्रभाव पर विस्तार से चर्चा हुई। प्रतिनिधिमंडल ने मंत्री को अवगत कराया कि इस नियम के कारण अधिकांश क्रशर इकाइयों का संचालन प्रभावित हुआ है, जिससे उद्योग से जुड़े हजारों मजदूरों के समक्ष आजीविका का संकट उत्पन्न हो गया है। साथ ही, राज्य सरकार को राजस्व हानि और बुनियादी ढांचा (इंफ्रास्ट्रक्चर) कार्यों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका भी जतायी गयी। चैंबर अध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा ने इस गंभीर मुद्दे के शीघ्र समाधान के लिए मंत्री से हस्तक्षेप करने का आग्रह किया।

## एक झलक

### सड़क हादसे में घायल युवक अजहर मिरदाहा की इलाज के दौरान मौत

**भरनो (गुमला) :** प्रखंड क्षेत्र के भरनो-पाबेया मुख्य मार्ग पर बीते मंगलवार को हुए सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक युवक सूपा गांव निवासी 25 वर्षीय अजहर मीरदाहा है ।उसकी मौत की खबर मिलते ही परिजनों समेत पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है ।मिली जानकारी के अनुसार अजहर मीरदाहा भरनो के मिशन चौक स्थित अपनी एल्यूमिनियम स्लाइडर की दुकान बंद कर मंगलवार की देर शाम अपने बाइक से घर सूपा लौट रहा था ।इसी दौरान सूपा महुआटोली मोड़ के समीप बिना लाइट के चल रहे एक ट्रैक्टर से उसकी बाइक की सीधी टक्कर हो गई थी ।टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए और अजहर के सिर में गंभीर चोटें आईं थीं ।घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से उसे तत्काल भरनो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया,जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी नाजुक स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रांची रेफर कर दिया गया ।रांची के एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान रविवार को उसने दम तोड़ दिया ।परिजनों ने बताया कि अजहर मीरदाहा काफी मिलनसार और व्यवहार कुशल युवक था ।वह अपने परिवार का इकलौता सहारा था और कुछ ही दिनों बाद उसकी शादी होने वाली थी ।उसकी असामयिक मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है ।इधर युवक की मौत की खबर सुनते ही भरनो,सूपा और आसपास के क्षेत्रों में शोक की लहर फैल गई ।परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों ने प्रशासन से सड़क सुरक्षा को लेकर ठोस कदम उठाने और दोषी वाहन चालक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है।

### महामृत्युंजय मंत्रोच्चारण के साथ नर्मदेश्वर शिवलिंग की प्राण-प्रतिष्ठा सम्पन्न

**सिंदरी (धनबाद):** पांच दिवसीय महायज्ञ और वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच रविवार को सिंदरी स्थित शिव मंदिर में



नर्मदेश्वर शिवलिंग की प्राण-प्रतिष्ठा विधि-विधान के साथ संपन्न हुई। पूरे क्षेत्र में भक्ति और उत्साह का माहौल देखने को मिला। प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में शिव मंदिर समिति के सचिव दिनेश सिंह, विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के विभाग प्रमुख विकास गिरी उर्फ सोनू गिरी अपनी पत्नी नेहा गिरी के साथ उपस्थित रहे। इसके अलावा मुकेश कुमार उर्फ राजू तिवारी समेत कई गणमान्य लोग आयोजन में शामिल हुए। सिंदरी विधायक चंद्रदेव महतो और भाजपा नेत्री तारा देवी ने भी महाआरती में भाग लेकर भगवान शिव का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस धार्मिक अनुष्ठान का संचालन देवघर, बासुकीनाथ और बनारस से आए विद्वान पंडितों के निर्देशन में हुआ। महायज्ञ के दौरान कलश शोभा यात्रा, गंगा आरती और भस्म आरती मुख्य आकर्षण रहे, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

### शादी के एक सप्ताह बाद युवती की ट्रेन से कट कर मौत

**दुमका :** हंसडीहा-दुमका रेलखंड के बीच चंद्रदीप रेलवे क्रॉसिंग के समीप एक घटना सामने आई है। जहां ट्रेन की चपेट में आने से नवविवाहिता की मौत हो गई। यह घटना हंसडीहा थाना क्षेत्र अंतर्गत इलेक्ट्रिक पोल संख्या 86/12 और 86/15 के बीच हुई। मृतका की पहचान शोभा कुमारी (19) के रूप में हुई है ।जानकारी के अनुसार शोभा कुमारी की शादी बीते 26 अप्रैल को जरमुंडी थाना क्षेत्र के डूमरथर गांव निवासी रामदयाल मांझी के पुत्र हेमकांत मांझी के साथ हुई थी। शादी के महज एक सप्ताह के भीतर ही इस तरह की घटना ने सभी को स्तब्ध कर दिया है। बताया जा रहा है कि यह हादसा वंदे भारत ट्रेन से हुआ जो जमालपुर से हावड़ा की ओर जा रही थी।

# बैंक ऑफ महाराष्ट्र में लूटपाट करनेवाले 03 अपराधी गिरफ्तार



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग :** बीते दिनों हथियार के बल पर बरही में स्थित बैंक ऑफ महाराष्ट्र से 4 किलो सोना व 4 लाख 22 हजार रुपये उड़ा ले जाने वाले तीन अपराधियों को पुलिस ने सिंहपुर, सारनाथ उत्तरप्रदेश से गिरफ्तार कर लिया गया । अपराध में शामिल तीन अन्य अपराधकर्मियों को पकड़ने के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही थी ।गिरफ्तार अपराधियों के पास से 912 ग्राम सोना, 20 लाख रुपये, एक स्कार्पियो,दो बाइक और छः मोबाइल फोन बरामद हुआ है। पकड़े गए लुटेरे बैंकों से सोने और नगदी लूटने वाले अंतराज्यीय गिरोह के कुख्यात अपराधी हैं। अपराधियों पर पश्चिम बंगाल, बिहार और उत्तराखंड में अनेक लूट और आर्म्स एक्ट के मामले दर्ज हैं पुलिस अधीक्षक ने पत्रकार वार्ता कर कहा। बरही के बैंक ऑफ महाराष्ट्र में 24 अप्रैल को लुटेरों ने घटना को अंजाम दिया था। बैंक में लूटपाट करने वाले 4 अपराधी शामिल थे जबकि 2 अपराधी बरही चौक पर लुटेरों का इंतजार कर रहे थे ।सीसीटीवी और तकनीकी जांच से मिली सफलता घटना के बाद अपराधियों को पकड़ने के लिए एसआईटी का गठन किया गया था। पुलिस समन्वय बनाकर कई टीमों में बंटकर अपराधियों को पकड़ने के लिए काम कर रही थी। अपराधियों ने घटना को अंजाम देने के पूर्व तीन माह के अंतराल में तीन से चार बार रेकी की थी। एसआईटी टीम ने रेकी के दौरान अपराधियों द्वारा प्रयुक्त काले रंग के स्कार्पियो नंबर बीआर 01एच एन 2024 की पहचान सीसीटीवी फुटेज में कर ली थी। अपराधियों की यही स्कार्पियो एसआईटी टीम को अपराधियों तक पहुंचाया ।यूपी के एसटीएफ ने झारखंड पुलिस की मदद कीअपराधियों को पकड़ने में उत्तरप्रदेश की एसटीएफ टीम ने हजारीबाग झारखंड पुलिस को मदद की। यूपी के एसटीएफ के साथ मिलकर हजारीबाग पुलिस ने यूपी के राजभर बस्ती, सिंहपुर हरुआ रिंग रोड क्षेत्र में स्कार्पियो की घेराबंदी कर अपराधियों को धर दबोचा। गिरफ्तार अपराधी पंकज सिंह उर्फ रौनक सिंह ग्राम बनगाई जिला गोरखपुर यूपी का है। मो अफजल ग्राम नरहट जिला नवादा का है वहीं सौरभ कुमार यादव ग्राम सियरही जिला मऊ उत्तरप्रदेश का रहने वाला है। लूट की घटना में शामिल अन्य तीन अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापामारी कर रही है। अपराधियों को पकड़ने वाली टीम में एएसपी हजारीबाग अमित आनंद, बरही एसडीपीओ अजीत कुमार विमल, पुलिस निरीक्षक समेत सदर, मुफ्फसिल, बरही, चौपारण, पदमा, इचाक, पेलावल, बड़ाबाजार के थानाप्रभारी और पुलिस अधिकारी शामिल थे।

## सोलर स्ट्रीट लाइटों पर चोरों की नजर, कई बैटरी और खम्भे हुए गायब



**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ पंचायत में पूर्व मुखिया संजय प्रसाद कसेरा के कार्यकाल के दौरान वर्ष 2017-18में पंचायत के सभी वार्डो में सोलर स्ट्रीट लाइट लगाया गया था। सोलर लाइट के लगने से कुछ वर्षों तक विष्णुगढ़ पँचायत रौशनी से रौशन रहा, परन्तु वर्तमान समय मे इसका उचित रख रखाव नही हुआ जिसकी वजह से लाखों रुपये की लागत से लगे दर्जनो सोलर स्ट्रीट लाइट आज मृत प्रायः हो गए है। बात इतने में खत्म हो जाती तो कोई बात नही थी, हाल के बीते वर्षों में सोलर लाइट के खम्बे में लगी बैटरी और एलईडी बल्ब लगभग सभी जगहों से असामाजिक तत्वों के द्वारा चोरी कर बेचे जा चुके है। यह सिर्फ विष्णुगढ़ पँचायत की बात नही कमोबेश यह हालात समूचे प्रखण्ड के सभी पंचायतों में एक जैसे हीं है। अभी ताजा घटना में विष्णुगढ़ पंचायत के ग्राम टंडा स्थित माँ सिंहवाहिनी मंदिर में 14वे वित्त आयोग से तत्कालीन मुखिया संजय प्रसाद कसेरा के कार्यकाल में वार्ड सदस्य विकास कुमार दास की उपस्थिति में वर्ष 2018 में लगाए गए सोलर लाइट का आज नामोनिशान तक मिटा दिया गया है। बीते एक वर्ष पूर्व सोलर बैट्री और सोलर लाइट अज्ञात चोरों द्वारा चोरी की घटना का अंजाम दिया जा चुका है, बचा हुआ सोलर लाइट का खंभा भी बीते रात्रि में अज्ञात लोगों द्वारा जड़ से उखाड़ कर मंदिर के पीछे धर्मशाला के पास छिपा दिया गया है। खंभे की लंबाई और भारी होने के कारण उठाकर ले भागने में सफल नहीं हो सके, ग्रामीणों की नजर जब छिपाए गए खंभे पर पड़ी तो इसकी सूचना वर्तमान पंसस प्रतिनिधि विकास कुमार दास को दी गई, जिसने खंभे को उठाकर सुरक्षित स्थान पर रख दिया। विष्णुगढ़ के जनप्रतिनिधियों एवं प्रखण्ड विकास पदाधिकारी को इस बात पर संज्ञान लेना चाहिए ताकि पूर्व में लगे स्ट्रीट लाइट की मरम्मति एवं बैटरी लगाकर फिर से पूरा प्रखण्ड कम खर्च में दोबारा रौशनी से रौशन किया जा सकता है ।

## मूली पड़हा गुमला का एक दिवसीय पड़हा जतरा सम्पन्न

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गुमला :** 05 वीं अनुसूचि क्षेत्र के पारम्पारिक स्वशासन व्यवस्था पड़हा व्यवस्था का पड़हा जतरा का आयोजन किया गया। इसमें गांव के महतो, बैगा, पहान, पाइन भरवा, पुजार, बेल देवान, कोटवार विभिन्न गांवों के खोडहा दलों के साथ शामिल हुए। इस मौके पर मूली पड़हा के बेल देवराम भगत ने स्वागत भाषण करते हुए कहा कि पड़हा हमारे क्षेत्र का संविधान है और इसे भारतीय संविधान में मान्यता है। मूली पड़हा के कोटवार देवेन्द्र लाल उराँव ने कहा कि 1996 के तहत पांचवीअनुसूचि क्षेत्र में पेसा कानून झारखण्ड राज्य में लागू किया गया ,लेकिन पारम्पारिक व्यवस्था पर लगातार कुठारागत हो रहा है। ग्राम सभा के गठन में गैर पारंपरिक लोग ईसाई लोग दबाव के बल पर कब्जा कर रहे हैं ।जो पेसा का घोर उल्लंघन है। पड़हा हमारे सामाजिक धार्मिक सांस्कृतिक और न्यायिक आधार पर गांव का संरक्षक है। मूली देवान चुंइया कुजूर ने कहा कि पड़हा डोकलो मानकी मांझी परगना पेसा का आधार है। पड़हा 12 जातियों को संचालित और नियंत्रित करता है ।जल जंगल जमीन भाषा संस्कृति की रक्षा सुरक्षा करती है। नगर परिषद अध्यक्ष शकुंतला उराँव ने कहा कि हमें अपनी संस्कृति, धरोहर विरासत को समाजिक और राजनीतिक अगुवाओं के साथ मिल संरक्षित करने की जरुरत है । जिप उपाध्यक्ष संयुक्ता देवी ने कहा कि पूर्वजों का पड़हा गांव की शक्ति है और लोकतंत्र हमारे देश की मजबूती का आधार है। पादा पड़हा के बेल राजू उराँव ने कहा कि पड़हा व्यवस्था पूर्वजों की देन है । बाबा कार्तिक उराँव और भिखराम भगत ने पड़हा को 1962 में पुनर्गठित किया । आज हर गांव में हर प्रखण्ड में हर जिला में पड़हा गठन करने की जरूरत है। इस कार्यकम में मूली पड़हा के सोनो मिंज, गौरी किण्डो, फूलमनी उराँव ,पुष्पा उराँव, राजबेल उराँव, महेन्द्र उराँव ,शन्ति देवी, शान्ति मिंज, राजी पड़हा के सदस्य सच्चिदानंदन उराँव ,विनोद मिंज, कल्याण आश्रम के खेदू नायक ,बिरजू नगेसिया, रामावतार भगत, हन्दू भगत, राम उराँव, बलराम उराँव, डाड़ा पड़हा के अजय उराँव, महाबीर उराँव, शशिकान्त उराँव, राजेश उराँव, सन्त कुमार भगत ,जगजीवन भगत, विमल राम भगत, झाड़ी भगत सहित विभिन्न गांव के लोग बड़ी संख्या में मौजूद थे।

## धनबाद में होमगार्ड बहाली पर उबाल, सीबीआई जांच की मांग



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबादः** होमगार्ड बहाली प्रक्रिया को लेकर वर्षों से इंतजार कर रहे अभ्यर्थियों का आक्रोश एक बार फिर सड़क पर दिखा। रविवार को बड़ी संख्या में अभ्यर्थी गोल्फ ग्राउंड में एकत्र हुए और बैठक कर राज्यपाल से मिलकर पूरे मामले की सीबीआई जांच कराने तथा लंबित बहाली को जल्द पूरा करने की मांग उठाने का निर्णय लिया। बैठक के दौरान अभ्यर्थियों ने कहा कि वर्ष 2017 में विज्ञापन संख्या 1/2017 के तहत बहाली प्रक्रिया पूरी की गई थी। शारीरिक जांच से लेकर अन्य आवश्यक चरणों का वीडियो रिकॉर्डिंग भी कराया गया था। इसके बावजूद बाद में यह कहकर पूरी प्रक्रिया रद्द कर दी गई कि संबंधित वीडियो कैसेट गुम हो गया है। अभ्यर्थियों का आरोप है कि यह कैसेट उपायुक्त कार्यालय में सुरक्षित रखा गया था, लेकिन प्रशासनिक लापरवाही की सजा उन्हें भुगतनी पड़ रही है। अभ्यर्थी सूरज कुमार ने कहा कि चयन प्रक्रिया पारदर्शी तरीके से पूरी हुई थी, इसके बावजूद बहाली रद्द कर दी गई, जो पूरी तरह अन्यायपूर्ण है। वहीं बसंती देवी ने अपनी पीड़ा बताते हुए कहा कि वह विधवा हैं और बहाली नहीं होने के कारण उनके सामने आजीविका का गंभीर संकट खड़ा हो गया है। उन्होंने कहा कि वर्षों के इंतजार के बाद अब उनकी उम्र भी 30 वर्ष के करीब पहुंच गई है, जिससे दोबारा प्रक्रिया में शामिल होना भी कठिन हो गया है। अभ्यर्थियों ने बताया कि वर्ष 2018 में 708 अभ्यर्थियों की मेरिट सूची जारी की गई थी। थाना सत्यापन, बैंक खाता, एटीएम और चेकबुक जैसी सभी औपचारिकताएं पूरी कर ली गई थीं, लेकिन इसके बावजूद अब तक नियुक्ति नहीं दी गई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि जल्द ही राज्यपाल से मिलकर ज्ञापन सौंपा जाएगा और पूरे मामले की निष्पक्ष जांच सीबीआई से कराने की मांग की जाएगी। अभ्यर्थियों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई, तो वे उग्र आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

## कांग्रेस नेता अरुण साहू प्रदेश समन्वय समिति का सदस्य हुए मनोनीत

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**पदमा :** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा बरही विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता अरुण साहू को प्रदेश समन्वय समिति का सदस्य मनोनीत किए जाने पर बरही विधानसभा क्षेत्र सहित कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों में हर्ष का वातावरण है। संगठन द्वारा दी गई इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी पर श्री साहू ने कांग्रेस शीर्ष नेतृत्व के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया है। श्री साहू ने कहा कि यह दायित्व उनके लिए सम्मान के साथ-साथ एक बड़ी जिम्मेदारी भी है, जिसे वे पूर्ण निष्ठा, समर्पण एवं संगठनात्मक प्रतिबद्धता के साथ निभाने का कार्य करेंगे। उन्होंने विशेष रूप से अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव के. सी. वेणुगोपाल, झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारी के. राजू तथा प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में झारखंड में कांग्रेस संगठन निरंतर मजबूत हो रहा है और कार्यकताओं को सम्मान मिल रहा है। उन्होंने आगे कहा कि पार्टी ने जिस विश्वास के साथ उन्हें यह दायित्व सौंपा है, उस विश्वास पर खरा उतरना उनकी प्राथमिकता होगी। वे प्रदेश नेतृत्व के मार्गदर्शन में संगठन की विचारधारा, नीतियों एवं जनहितकारी कार्यक्रमों को गांव-गांव और जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करेंगे तथा संगठन को बूथ स्तर तक सशक्त बनाने हेतु निरंतर सक्रिय रहेंगे। साहू के समन्वय समिति में शामिल किए जाने पर बरही विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ताओं, समर्थकों एवं शुभचिंतकों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे क्षेत्र के लिए गौरव का विषय बताया है।



## चड़क पूजा पर भट्ट टोला में छऊ नृत्य की धूम, रातभर झूमे दर्शक



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बाघमारा (धनबाद):** कपुरिया पंचायत के भट्ट टोला में चड़क पूजा के अवसर पर शनिवार देर रात भव्य छऊ नृत्य का आयोजन किया गया, जिसने पूरे इलाके को सांस्कृतिक रंग में रंग दिया। कार्यक्रम में पश्चिम बंगाल के पुरूलिया जिले के झालदा और जयपुर से आए कलाकारों ने अपनी शानदार प्रस्तुति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। छऊ नृत्य की पारंपरिक शैली में सजे कलाकारों ने आकर्षक और रंग-बिरंगे मुखौटे पहनकर पौराणिक कथाओं, महाकाव्यों और लोकगाथाओं को जीवंत रूप में मंच पर उतारा। उनके सधे हुए कदम, दमदार हाव-भाव और तालमेल ने दर्शकों को देर रात तक बांधे रखा। कार्यक्रम के दौरान सामाजिक और नैतिक मूल्यों से जुड़े संदेश भी प्रस्तुत किए गए, जिससे आयोजन केवल मनोरंजन तक सीमित नहीं रहा बल्कि जागरूकता का माध्यम भी बना।

### तिलाटांड़ महिला थाना गेट के पास हाई मास्ट लाइट का उद्घाटन, लोगों में खुशी



**बाघमारा (धनबाद):** कतरास वार्ड नंबर 1 अंतर्गत तिलाटांड़ महिला थाना गेट के समीप रविवार को हाई मास्ट लाइट का विधिवत उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र की पार्षद डॉ. मधुमाला मौजूद रहीं। उद्घाटन के बाद स्थानीय लोगों में खुशी का माहौल देखा गया और उन्होंने इस पहल का स्वागत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पार्षद डॉ. मधुमाला ने कहा कि नगर निगम चुनाव से पूर्व ही क्षेत्रवासियों ने इस स्थान पर हाई मास्ट लाइट लगाने की मांग उठाई थी। निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि यहां पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था नहीं होने के कारण लोगों को खासकर रात के समय परेशानी का सामना करना पड़ता था।

## भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा का अनावरण सांस्कृतिक कार्यक्रम का भव्य आयोजन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बरही :** प्रखंड क्षेत्र के ग्राम मलकोको में संविधान निमार्ता डॉ. भीमराव रामजी आंबेडकर की प्रतिमा का विधिवत अनावरण किया गया। इस अवसर पर भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला परिषद उपाध्यक्ष किशुन यादव ने फीता काटकर किया। अपने संबोधन में उन्होंने बाबा साहेब के योगदान को याद करते हुए कहा कि उनका जीवन समाज के हर वर्ग के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उन्होंने उपस्थित लोगों से संविधान के आदर्शों पर चलने और समाज में एकता बनाए रखने का आह्वान किया। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों और समाजसेवियों की सक्रिय भागीदारी रही। कार्यक्रम में मुखिया संघ अध्यक्ष विजय यादव, वार्ड सदस्य नागेश्वर दास, समाजसेवी लाली प्रसाद, मुकेश कुमार, मो. तस्लीम, बिरजू दास, सूरज दास, गुलाब दास, दिनेश दास, शंकर दास समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### गौतम क्लासेस चरही में आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित हुए मुखिया

## अपना एक लक्ष्य निर्धारित कर कार्य करें : देवकी महतो



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**चरही :** चुरचू प्रखंड अंतर्गत चरही में स्थित, गौतम क्लासेस चरही के द्वारा 10 वां पास छात्र एवं छात्राओं के लिए आयोजित विदाई समारोह कार्यक्रम में सम्मिलित हुए, हजारीबाग जिला के मुखिया संघ उपाध्यक्ष सह चूरचू प्रखंड मुखिया संघ अध्यक्ष सह बहेरा पंचायत मुखिया देवकी महतो, इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि, वह आगे के क्लासेस में भी इसी लगन के साथ पढ़ाई करें और अपने जीवन में एक लक्ष्य बनाकर उसी पे चलने का कार्य करें, जीवन बहुत ही अनमोल है सभी छात्र से अनुरोध है कृपया वह नशे से दूर रहे, ताकि अपने भविष्य को सही तरीके से एवं सुचारु ढंग से बना सके, उन्होंने गौतम क्लासेस के डायरेक्टर गौतम सर का भी सराहना करते हुए कहा की बच्चों के प्रति इनका डेडीकेशन एक अलग ही लेवल का होता है, पढ़ाई के साथ-साथ यह और भी क्षेत्रों में बच्चों को निखारने का हमेशा कोशिश करते हैं, मौके पर मुखिया देवकी महतो, गौतम क्लासेज डायरेक्टर गौतम त्रिपाठी, सभी शिक्षक गण एवं छात्र एवं छात्राओं मौजूद थे।

### फर्जी फेसबुक आईडी से उपायुक्त की फोटो का दुरुपयोग, जिला प्रशासन ने दी कड़ी चेतावनी

**चतरा :** जिला प्रशासन के संज्ञान में एक गंभीर मामला आया है। जिसमें उपायुक्त के नाम से एक फर्जी फेसबुक आईडी बनाकर उपायुक्त रवि आनंद के फोटो का दुरुपयोग किया जा रहा है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि उक्त आईडी पूरी तरह फर्जी है और इसका जिला प्रशासन या उपायुक्त से कोई भी आधिकारिक संबंध नहीं है। प्रशासन ने इसे साइबर अपराध की श्रेणी में बताते हुए कहा कि इस तरह की भ्रामक गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मामले को गंभीरता से लेते हुए साइबर सेल और संबंधित सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को भी सूचित कर दिया गया है।

## सीसीटीवी व वाईफाई से लैस हुआ बरही का स्वामी विवेकानंद पुस्तकालय

- तीन माई से प्रवेश के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बरही :** प्रखंड परिसर स्थित स्वामी विवेकानंद पुस्तकालय अब नए कलेवर में आम विद्यार्थियों के लिए खुल रहा है। स्वामी विवेकानंद पुस्तकालय ट्रस्ट के द्वारा गठित स्वामी विवेकानंद पुस्तकालय संचालन समिति के माध्यम से पुस्तकालय का संचालन किया जा रहा है। ट्रस्ट के कार्यकारी अध्यक्ष प्रो हीरामन साव एवं सचिव कृष्णा प्रजापति ने बताया कि स्वामी विवेकानंद पुस्तकालय का बेहतर कलर में रंग रोगन किया गया है। पुस्तकालय में शुद्ध पेयजल की व्यवस्था किया गया है। पूरा पुस्तकालय परिसर को सीसीटीवी कैमरा एवं वाईफाई से लैस किया गया है। पुस्तकालय संचालन को लेकर संचालन समिति के अध्यक्ष डॉ सुनील कुमार दत्त, सचिव संजय कुमार दुबे एवं एडमिशन प्रभारी राजेश कुमार ने बताया कि अब से पुस्तकालय का संचालन विधिवत किया जाएगा। पुस्तकालय में प्रवेश के लिए रजिस्ट्रेशन की सुविधा बनाई गई। पुस्तकालय में इंटरनेट की पूरी व्यवस्था है। आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों के लिए कंप्यूटर शिक्षा की व्यवस्था की जा रही है। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने वाले बच्चे इस पुस्तकालय में आकर बेहतर शैक्षणिक वातावरण में अध्ययन कर सकते हैं। पुस्तकालय का उपयोग निःशुल्क है। एक बार वार्षिक रजिस्ट्रेशन शुल्क 200 रुपए भुगतान करना होगा। पुस्तकालय सुबह नौ बजे से 8 बजे तक संचालित होगा। लेकिन फिलहाल शाम 4 बजे से 8 बजे रात खोलने की संचालन समिति ने दो हेल्पलाइन नंबर 9934142551, 8340455418, 7779991144 जारी किया है जिनसे संपर्क कर पूरी व्यवस्था की जानकारी लिया जा सकता है।

### फ्लड लाइट में सीमा देसाई टूर्नामेंट का भव्य शुभारम्भ, महिला क्रिकेट को मिल रहा नया आयाम

# हजारीबाग में महिला क्रिकेट का यह आयोजन जिले के लिए गर्व की बात : मनीष जायसवाल



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग :** झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से आयोजित महिला वर्ग का प्रतिष्ठित सीमा देसाई टूनार्मेंट एक मई से संजय सिंह स्टेडियम में फ्लड लाइट की रोशनी के बीच भव्य रूप से शुरू हो गया है। हजारीबाग में इस स्तर के आयोजन को लेकर खिलाड़ियों एवं खेल प्रेमियों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। रात्रिकालीन माहौल में खेले जा रहे मुकाबलों ने प्रतियोगिता को और आकर्षक बना दिया है। टूनार्मेंट में झारखंड ग्रीन, झारखंड रेड, झारखंड येलो एवं झारखंड ब्लू चार टीमों की भागीदारी सुनिश्चित की गई है। प्रत्येक टीम में 16-16 खिलाड़ी शामिल हैं,जो अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रही हैं। प्रतियोगिता के माध्यम से राज्य की उभरती महिला क्रिकेटरों को एक सशक्त मंच प्रदान किया जा रहा है, जिससे वे अपने खेल कौशल को निखारते हुए बड़े स्तर तक पहुंच सकें। टीमों के साथ अनुभवी कोच शुभलक्ष्मी शर्मा, सीमा सिंह, आशा सिंह, कविता रॉय, राजकुमार, प्रकाश मुंडा, सनी गुप्ता एवं जसकरण सिंह खिलाड़ियों का मार्गदर्शन कर रहे हैं। खिलाड़ियों की फिटनेस और प्रदर्शन को बेहतर बनाए रखने के लिए प्रशिक्षक महादेव सिंह एवं अनिकेश कुमार की तैनाती की गई है, जबकि फिजियो के रूप में पूजा दत्ता एवं अमना ओबैद अपनी सेवाएं दे रही हैं। मैचों के संचालन की जिम्मेदारी अंपायर सूरज साहू एवं इफ्तेखार अहमद निभा रहे हैं। वहीं स्कोरर के रूप में परंबीर सिंह, ऑब्जर्वर मनोज कुमार सिंह तथा लाइजनिंग ऑफिसर के रूप में सूरज कुमार (जेएससीए) की उपस्थिति आयोजन को सुव्यवस्थित बना रही है। शनिवार को सांसद मनीष जायसवाल स्वयं संजय सिंह स्टेडियम पहुंचे, जहां उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि महिला क्रिकेट को बढ़ावा देने की दिशा में इस प्रकार के आयोजन अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने कहा कि हजारीबाग में फ्लड लाइट के बीच इस स्तर का टूनार्मेंट आयोजित होना जिले के लिए गौरव का विषय है और इससे स्थानीय प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का सुनहरा अवसर मिलेगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यहां से निकली प्रतिभाएं आने वाले समय में राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर हजारीबाग का नाम रोशन करेंगी। उन्होंने आगे कहा कि खेल केवल प्रतिस्पर्धा का माध्यम नहीं, बल्कि अनुशासन, समर्पण और टीम भावना का सशक्त आधार है। इस तरह के आयोजन युवाओं को सकारात्मक दिशा प्रदान करते हैं और समाज में खेल संस्कृति को मजबूत बनाते हैं। आयोजन को लेकर शहर में उत्साह का माहौल है और इसे हजारीबाग को खेल मानचित्र पर नई पहचान दिलाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में देखा जा रहा है।

## एक झलक

### एंटी क्राइम चेकिंग अभियान में वाहनों की जांच, संदिग्धों की धर-पकड़

**धनबाद:** जिले में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से शनिवार को



शाम से लेकर देर रात तक व्यापक स्तर पर एंटी क्राइम चेकिंग अभियान चलाया गया। वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार के निर्देश पर जिले के सभी थाना क्षेत्रों में पुलिस टीमों ने प्रमुख चौक-चौराहों, बाजारों और संवेदनशील स्थानों पर सघन जांच अभियान संचालित किया। अभियान के दौरान कुल 1189 वाहनों की बारीकी से जांच की गई। पुलिस ने वाहन चालकों से आवश्यक कागजातों—जैसे ड्राइविंग लाइसेंस, रजिस्ट्रेशन प्रमाणपत्र और बीमा—की जांच की। जिन वाहनों के दस्तावेज अधूरे या त्रुटिपूर्ण पाए गए, उनके खिलाफ नियमानुसार चालान काटा गया और वाहन चालकों को भविष्य में सभी कागजात दुरुस्त रखने के निर्देश दिए गए। इसी क्रम में संदिग्ध व्यक्तियों की भी तलाशी ली गई तथा उनकी पहचान का सत्यापन किया गया। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, अभियान का मुख्य उद्देश्य आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाना, असामाजिक तत्वों पर निगरानी रखना और आम नागरिकों में सुरक्षा का भरोसा कायम करना है। वरीय पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जिले में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए इस प्रकार के अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेंगे। पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि जांच के दौरान सहयोग करें और वाहन चलाते समय सभी आवश्यक दस्तावेज अपने साथ रखें, ताकि अनावश्यक परेशानी से बचा जा सके।

### गांधी नगर में हाई मास्ट लाइट का उद्घाटन

**धनबाद:** शहर के गांधी नगर स्थित सब्जी बागान परिसर में रविवार को नवनिर्मित हाई मास्ट लाइट का उद्घाटन झारखंड विधानसभा के सचेतक सह धनबाद विधायक राज सिन्हा द्वारा किया गया। उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र के स्थानीय जनप्रतिनिधियों, गणमान्य व्यक्तियों एवं बड़ी संख्या में नागरिकों की उपस्थिति से माहौल उत्साहपूर्ण रहा। इस अवसर पर विधायक राज सिन्हा ने हाई मास्ट लाइट को आमजनों को समर्पित करते हुए कहा कि क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं का सुदृढ़ीकरण उनकी प्राथमिकता में शामिल है। उन्होंने कहा कि इस लाइट के चालू होने से पूरे सब्जी बागान परिसर में बेहतर और व्यापक प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित होगी, जिससे खासकर रात्रि के समय स्थानीय दुकानदारों, व्यापारियों, ग्राहकों और राहगीरों को सुविधा और सुरक्षा दोनों का लाभ मिलेगा।

# डीसी का मैराथन दौरा, 04 प्रखंडों में 30 + योजनाओं की समीक्षा



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** जिले में संचालित विकास योजनाओं की जमीनी हकीकत जानने के लिए उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन ने रविवार को बाघमारा, तोपचांची, गोविंदपुर और बलियापुर प्रखंडों का व्यापक दौरा किया। इस दौरान उन्होंने तालाब, सड़क, स्वास्थ्य केंद्र, शैक्षणिक संस्थानों सहित 30 से अधिक योजनाओं का निरीक्षण कर कार्यों की प्रगति और गुणवत्ता का जायजा लिया। दौरे की शुरूआत बाघमारा प्रखंड के रंगुनी पंचायत स्थित इमली तालाब निर्माण कार्य से हुई, जहां उपायुक्त ने कार्य की गति तेज करने का निर्देश दिया। इसके बाद तोपचांची प्रखंड के ब्रह्मांडिहा पंचायत में चरकोनिया, सिद्धवाद और गरगरिया तालाब के निर्माण कार्यों की गुणवत्ता की जांच की गई। वहीं तोपचांची बाजार में बन रहे डायलिसिस यूनिट, जीतपुर दुर्गा मंडप से चैता बस्ती तक सड़क निर्माण, एसएसडी +2 हाई स्कूल रोवाम में अतिरिक्त कक्ष निर्माण तथा पावापुर स्वास्थ्य उपकेंद्र के कार्यों का भी निरीक्षण किया गया। गोविंदपुर प्रखंड में उपायुक्त ने आरएस मोर कॉलेज में प्रस्तावित नीट परीक्षा केंद्र का भ्रमण किया तथा कॉलेज पुस्तकालय के विकास कार्यों की समीक्षा की। इसके अलावा रिजलीबांध तालाब का नवीनीकरण, जमडीहा से कुब्रीटांड़–चैनपुर आदिवासी टोला तक सड़क निर्माण, भितिया स्टेडियम का नवीनीकरण, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में बीपीएचयू निर्माण और उदयपुर स्वास्थ्य उपकेंद्र के कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। बलियापुर प्रखंड में उन्होंने बीबीएम कॉलेज व सिंदरी कॉलेज में लाइब्रेरी विकास कार्य, बीआईटी सिंदरी में नीट परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया। साथ ही बलियापुर-झरिया सड़क को भगरमपुर-रानी रोड से जोड़ने वाली सड़क, आमटाल व चांदकुइयां में तालाब निर्माण, पंजानियाटांड में बाबू गड़िया तालाब तथा आमटाल-धोखरा में प्रस्तावित मेगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स की समीक्षा की। दौरे के क्रम में उपायुक्त बेलगड़िया टाउनशिप पहुंचे, जहां जेआरडीए अधिकारियों के साथ बैठक कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और स्थानीय लोगों से संवाद किया। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देश दिया कि सभी योजनाएं गुणवत्ता के साथ तय समयसीमा में पूर्ण की जाएं। इस दौरान सिंदरी विधायक चंद्रदेव महतो, सिविल सर्जन डॉ. आलोक विश्वकर्मा समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## बाबूलाल मरांडी हुए राष्ट्रीय अम्बेडकर अवॉर्ड से सम्मानित



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद:** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं वर्तमान में भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी को राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित अम्बेडकर अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान उन्हें दलित, वंचित और आदिवासी समाज के उत्थान के क्षेत्र में किए गए उल्लेखनीय कार्यों के लिए प्रदान किया गया। धनबाद अम्बेडकर स्कूल ऑफ मार्शल आर्ट्स के अध्यक्ष एवं बहुजन साहित्य अकादमी के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष अनिल बाँसफोर ने रविवार को जानकारी देते हुए बताया कि 15 मार्च 2026 को आंध्रप्रदेश के तिरुपति स्थित जीएसकेआर भवन, बैरागीपट्टेदा में आयोजित बहुजन साहित्य अकादमी के 18वें राष्ट्रीय सम्मेलन में यह सम्मान प्रदान किया गया। उन्होंने बताया कि यह अवॉर्ड औपचारिक रूप से 1 मई 2026 को रांची स्थित मरांडी के आवास पर उन्हें सौंपा गया। अनिल बाँसफोर ने कहा कि बाबूलाल मरांडी लगातार झारखंड में दलित, गरीब, शोषित, पीड़ित, आदिवासी समुदाय के साथ-साथ खिलाड़ियों और विशेष रूप से सफाई कर्मचारियों के परिवारों के उत्थान के लिए कार्य करते रहे हैं। गौरतलब है कि बहुजन साहित्य अकादमी द्वारा दिया जाने वाला राष्ट्रीय अम्बेडकर अवॉर्ड उन विशिष्ट व्यक्तियों को प्रदान किया जाता है, जिन्होंने समाज के वंचित वर्गों के उत्थान में महत्वपूर्ण योगदान दिया हो।

## धनबाद में एयरपोर्ट निर्माण की पहल तेज राज्य सरकार करेगी केन्द्र से पत्राचार



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद:** कोयलांचल की वर्षों पुरानी एयरपोर्ट की मांग अब एक बार फिर रफ्तार पकड़ती दिख रही है। धनबाद में एयरपोर्ट निर्माण को लेकर राज्य सरकार जल्द ही केंद्र सरकार से औपचारिक पत्राचार करेगी। यह जानकारी निरसा विधायक अरुप चटर्जी ने रविवार को सर्किट हाउस में दी। उन्होंने बताया कि इस महत्वपूर्ण मुद्दे पर आगामी 7 मई को वे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात करेंगे। मुलाकात के बाद उम्मीद जताई जा रही है कि राज्य सरकार की ओर से धनबाद उपायुक्त को अगले एक माह के भीतर पत्र भेजा जाएगा, जिसके बाद एयरपोर्ट निर्माण के लिए जमीन चिन्हित करने की प्रक्रिया में तेजी आएगी। विधायक ने स्पष्ट किया कि प्रारंभिक चरण में लगभग 110 एकड़ भूमि की आवश्यकता होगी। इसके लिए तोपचांची क्षेत्र को प्राथमिकता में रखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र भौगोलिक और पर्यटन की दृष्टि से भी उपयुक्त है, जिससे आने वाले समय में धनबाद के विकास को नई दिशा मिल सकती है। इधर, मिशन एयरपोर्ट धनबाद और जीटा (GTA) के पदाधिकारियों ने भी इस मांग को लेकर सक्रियता बढ़ा दी है। प्रतिनिधिमंडल ने सर्किट हाउस में विधायक को ज्ञापन सौंपकर एयरपोर्ट निर्माण को शीघ्र गति देने की अपील की। मिशन एयरपोर्ट के उपाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह ने बताया कि एयरपोर्ट की मांग के समर्थन में व्यापक हस्ताक्षर अभियान चलाया जा रहा है। अब तक करीब 10 हजार लोगों के हस्ताक्षर लिए जा चुके हैं और लक्ष्य 12 लाख हस्ताक्षर तक पहुंचने का है, जिसे एक विश्व रिकॉर्ड के रूप में दर्ज कराने की योजना है।

## निर्विरोध चुनाव और नोटा पर उठे सवाल, ग्रामीण एकता मंच ने चुनाव आयोग से की सुधार की मांग



**धनबाद :** ग्रामीण एकता मंच ने चुनाव प्रणाली में पारदर्शिता और मतदाताओं के अधिकारों को सुनिश्चित करने की मांग को लेकर भारत निर्वाचन आयोग को पत्र भेजा है। मंच के केंद्रीय अध्यक्ष रंजीत सिंह उर्फ बबलू सिंह ने कहा कि लोकतंत्र में निष्पक्ष और विश्वसनीय चुनाव कराना आयोग की जिम्मेदारी है, लेकिन हाल के वर्षों में दबाव, धनबल और हेरफेर के आरोपों ने चुनाव प्रक्रिया की साख पर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने निर्विरोध चुनाव की बढ़ती प्रवृत्ति पर चिंता जताते हुए कहा कि बिना मतदान कराए किसी प्रत्याशी को विजयी घोषित करना लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ है। उनका कहना है कि नोटा (उपरोक्त में से कोई नहीं) मतदाताओं का वैध अधिकार है, ऐसे में लोगों को मतदान का अवसर दिए बिना परिणाम घोषित करना उचित नहीं है। रंजीत सिंह ने 2024 के लोकसभा चुनाव में सूरत लोकसभा सीट का उदाहरण देते हुए कहा कि वहां भाजपा उम्मीदवार को निर्विरोध विजयी घोषित किया गया।

## न्यायाधीश सड़क पर उतरे, प्रभात फेरी से कानूनी जागरूकता अभियान की शुरुआत



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** आम लोगों में कानूनी साक्षरता और अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर रविवार को धनबाद में 90 दिवसीय व्यापक आउटरीच कार्यक्रम की शुरूआत की गई। अभियान का शुभारंभ प्रभात फेरी निकालकर किया गया, जिसमें न्यायिक पदाधिकारी स्वयं सड़कों पर उतरकर लोगों को जागरूक करते नजर आए। प्रभारी प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष दुर्गेश चंद्र अवस्थी के नेतृत्व में प्रभात फेरी सिविल कोर्ट परिसर से शुरू होकर रणधीर वर्मा चौक तक गई और पुनः वापस लौटी। इस दौरान लोगों को कानून संबंधी जानकारी देने के साथ जागरूकता के संदेश दिए गए। मीडिया से बातचीत में न्यायाधीश अवस्थी ने बताया कि 90 दिनों तक चलने वाले इस अभियान में न्यायिक पदाधिकारियों के नेतृत्व में गठित टीमें जिले के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर लोगों को उनके अधिकारों और कानूनी सहायता के बारे में जागरूक करेंगी। उन्होंने नालसा हेल्पलाइन नंबर 15100 और डायन प्रथा से जुड़े मामलों के लिए हेल्पलाइन 181 की जानकारी देते हुए लोगों से इन सेवाओं का लाभ उठाने की अपील की। डालसा के अवर न्यायाधीश सह सचिव मयंक तुषार टोपनो ने बताया कि इस अभियान में लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम, एनजीओ, पैनल अधिवक्ता और पारा लीगल वालंटियर्स की टीम शामिल है, जो डोर-टू-डोर जाकर लोगों को कानून और सरकारी योजनाओं की जानकारी देगी। स्कूल-कॉलेजों में वाद-विवाद, निबंध, पेंटिंग व भाषण प्रतियोगिताएं भी आयोजित होंगी। कार्यक्रम में ए. मोईज, पारस कुमार सिन्हा, प्रफुल्ल कुमार, कुमार साकेत, निर्मला बारला, समा रोशनी कुल्लू, परमानंद उपाध्याय, संतोषिनी मुर्मु, अभिजीत पांडे, मनोज कुमार, ऋषि कुमार, शिवानी शर्मा, अर्पिता नारायण समेत कई न्यायिक पदाधिकारी, एलएडीसीएस चीफ कुमार विमलेंदु, डिप्टी चीफ अजय कुमार भट्ट व अन्य मौजूद रहे।

## झरिया में स्वास्थ्य मंत्री का पुतला दहन पत्रकारों पर हमले के विरोध में जोरदार प्रदर्शन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**पाथरडीह/धनबाद :** हजारीबाग में स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी के समर्थकों द्वारा पत्रकारों के साथ कथित मारपीट की घटना के विरोध में रविवार को कोयलांचल पत्रकार संघ ने झरिया में जोरदार प्रदर्शन किया। आक्रोशित पत्रकारों ने फूलारी बाग स्थित इंदिरा चौक पर नारेबाजी करते हुए मंत्री का पुतला दहन कर विरोध दर्ज कराया। प्रदर्शन के दौरान संघ के पदाधिकारियों और सदस्यों ने घटना की कड़ी निंदा करते हुए इसे लोकतंत्र के चौथे स्तंभ पर सीधा हमला बताया। वक्ताओं ने आरोप लगाया कि मंत्री की मौजूदगी में उनके समर्थकों द्वारा पत्रकारों के साथ मारपीट की गई, जो बेहद दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय है। पत्रकारों ने मंत्री से सार्वजनिक माफी की मांग करते हुए कहा कि उन्हें इस घटना की नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए तत्काल पद से हट जाना चाहिए। साथ ही, हमले में शामिल लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर सख्त कार्रवाई की मांग की गई। संघ के सदस्यों ने कहा कि राज्य में पत्रकारों पर हमले की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं, लेकिन उनकी सुरक्षा को लेकर कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है। उन्होंने राज्य सरकार से अविलंब पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने की मांग की। इस मौके पर संघ के संरक्षक चंद्र देव मिश्रा, अध्यक्ष सुनील सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष काजल राय, सचिव अरुण कुमार, अनुशासन समिति अध्यक्ष सन्नी शर्मा, कोषाध्यक्ष मो. एहसान, फोटो ग्राफर जॉन मिर्जा सहित कई पत्रकार मौजूद रहे।

## शक्तिनगर पहुंचे विधायक, समस्याओं के समाधान का दिया भरोसा



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

विधायक आपके द्वार कार्यक्रम

**धनबाद :** झारखंड विधानसभा के सचेतक सह धनबाद विधायक राज सिन्हा ने ह्वविधायक आपके द्वारह्व कार्यक्रम के तहत रविवार को मनईटांड़ मंडल के बरमसिया स्थित शक्तिनगर क्षेत्र का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र की विभिन्न गलियों में जाकर मूलभूत सुविधाओं की स्थिति का जायजा लिया और स्थानीय समस्याओं को नजदीक से समझा। निरीक्षण के क्रम में विधायक ने सड़कों की जर्जर स्थिति, नालियों की सफाई व्यवस्था एवं जल निकासी की समस्याओं का बारीकी से अवलोकन किया। कई स्थानों पर गंदगी और जलजमाव की समस्या सामने आई, जिससे स्थानीय लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मौके पर मौजूद लोगों ने विधायक के समक्ष पेयजल संकट, सड़क मरम्मत, नियमित सफाई और स्ट्रीट लाइट जैसी समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। विधायक राज सिन्हा ने आमजनों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देने की बात कही। उन्होंने आश्वासन दिया कि सभी समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर कराया जाएगा, ताकि क्षेत्रवासियों को राहत मिल सके। उन्होंने कहा कि हर वार्ड और हर मोहल्ले तक विकास पहुंचाना हमारी प्राथमिकता है। स्वच्छता, बेहतर सड़क और जल निकासी व्यवस्था सुनिश्चित करना ही इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने यह भी कहा कि जनता के बीच जाकर उनकी समस्याओं को समझना और मौके पर समाधान करना ही सच्ची जनसेवा है। इस अवसर पर स्थानीय कार्यकर्ता, पार्टी पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी मौजूद रहे। विधायक के दौरे से लोगों में उम्मीद जगी है कि जल्द ही उनकी समस्याओं का समाधान होगा।

## गंधेश्वरी को भव्य विदाई, सिन्दूर खेला और शोभायात्रा में उमड़ा आस्था का सैलाब



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद/बलियापुर:** गंधक बनिक समाज द्वारा आयोजित मां गंधेश्वरी पूजा का समापन रविवार को पूरे धार्मिक उत्साह और पारंपरिक उल्लास के साथ हुआ। अंतिम दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के बीच चक्रवर्ती तालाब में मां की प्रतिमा का विधि-विधान के साथ विसर्जन किया गया। इस दौरान पूरे क्षेत्र में भक्ति और श्रद्धा का वातावरण देखने को मिला। विसर्जन से पूर्व पूजा पंडाल में विशेष अनुष्ठान आयोजित किए गए। समाज की माताओं और बहनों ने मां की प्रतिमा पर चमन कर मंगलकामनाएं कीं तथा पारंपरिक सिंदूर खेला की रस्म अदा की। इस दौरान महिलाओं ने एक-दूसरे को सिंदूर लगाकर सुख-समृद्धि और परिवार की खुशहाली की कामना की। ढोल-नगाड़ों और पारंपरिक वाद्य यंत्रों की गूंज के बीच श्रद्धालु नाचते-गाते मां को विदाई देते नजर आए। इसके बाद भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में समाज के लोग शामिल हुए। शोभायात्रा विभिन्न मार्गों से होते हुए चक्रवर्ती तालाब पहुंची, जहां वैदिक मंत्रोच्चार के बीच मां की प्रतिमा का विसर्जन किया गया। विसर्जन के समय श्रद्धालुओं ने मां गंधेश्वरी से क्षेत्र की सुख, शांति और समृद्धि की प्रार्थना की। उत्सव के समापन पर श्रद्धालुओं के बीच खिचड़ी भोग का वितरण किया गया, जिसे लोगों ने प्रसाद स्वरूप ग्रहण किया।

## मासिक धर्म जागरूकता अभियान से छात्राओं को मिली नयी समझ



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**सिंदरी (धनबाद):** बीआईटी सिंदरी के एनएसएस इकाई द्वारा रविवार को डीएवी उच्च विद्यालय, टासरा में बदलाव नो मोर हश नामक मासिक धर्म जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य उच्च कक्षाओं की छात्राओं को मासिक धर्म से जुड़ी सही जानकारी देना और समाज में फैली भ्रांतियों को दूर करना था। अभियान के दौरान एनएसएस के स्वयंसेवकों ने छात्राओं को सरल एवं सहज भाषा में मासिक धर्म की प्रक्रिया, इसके दौरान होने वाले शारीरिक व मानसिक बदलाव तथा व्यक्तिगत स्वच्छता के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पीरियड्स एक प्राकृतिक जैविक प्रक्रिया है, जिसे लेकर किसी भी प्रकार की शर्म या भय रखने की आवश्यकता नहीं है। कार्यक्रम में स्वच्छता पर विशेष जोर देते हुए छात्राओं को सैनिटरी पैड के सही उपयोग, उसे नियमित अंतराल पर बदलने तथा सुरक्षित तरीके से निपटान करने की जानकारी दी गई। साथ ही, उपस्थित छात्राओं के बीच सैनिटरी पैड और चॉकलेट का वितरण भी किया गया, जिससे उन्हें व्यवहारिक रूप से जागरूक किया जा सके। इस अवसर पर एनएसएस बीआईटी सिंदरी के अध्यक्ष अनीश कुमार महतो, उपाध्यक्ष उषा किरण, आयुष कुमार, आयुष मिश्रा सहित अन्य स्वयंसेवक उपस्थित रहे। कार्यक्रम को लेकर छात्राओं में खासा उत्साह देखा गया और उन्होंने इसे बेहद उपयोगी बताया।

## धनबाद में शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न हुई नीट यूजी परीक्षा

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** जिले में राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा नीट यूजी- रविवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गई। परीक्षा के लिए निर्धारित सभी केंद्रों—पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय धनबाद नंबर-1, डिग्री कॉलेज आरएसपी-2 जामाडोबा, बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल यूनिवर्सिटी, आईआईटी आईएसएम तथा एसएसएलएनटी कॉलेज—पर परीक्षार्थियों ने सुव्यवस्थित तरीके से परीक्षा दी। जिला प्रशासन द्वारा परीक्षा की निष्पक्षता और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए व्यापक इंतजाम किए गए थे। सभी परीक्षा केंद्रों के 100 मीटर के दायरे में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा लागू रही, जिससे अनावश्यक भीड़भाड़ पर नियंत्रण रखा जा सके। परीक्षा से पहले अभ्यर्थियों की सघन जांच की गई और निर्धारित नियमों के तहत ही उन्हें प्रवेश दिया गया। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन ने जानकारी देते हुए बताया कि किसी भी केंद्र या कंट्रोल रूम में परीक्षा से संबंधित कोई शिकायत दर्ज नहीं हुई। आयोग के निर्देशानुसार प्रश्न पत्र समय पर सभी केंद्रों तक पहुंचाए गए और सभी स्टैटिक दंडाधिकारी, उड़नदस्ता टीम, जोनल मजिस्ट्रेट एवं पुलिस पदाधिकारी समय पर अपने-अपने स्थानों पर तैनात रहे।

## संजीव कुमार को राष्ट्रीय भगवान बुद्ध अवॉर्ड समाज के वंचित वर्गों के उत्थान में योगदान के लिए मिला सम्मान



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** झारखंड के सामाजिक कार्यकर्ता संजीव कुमार को राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित भगवान बुद्ध अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान बहुजन साहित्य अकादमी द्वारा आयोजित 18वें राष्ट्रीय सम्मेलन के दौरान 15 मार्च, 2026 को आंध्र प्रदेश के तिरुपति स्थित जीएसकेआर भवन, बैरागीपट्टेदा में प्रदान किया गया। इस संबंध में जानकारी देते हुए धनबाद अंबेडकर स्कूल ऑफ मार्शल आर्ट्स के अध्यक्ष, अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी एवं बहुजन साहित्य अकादमी के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष अनिल बाँसफोर ने बताया कि संजीव कुमार, जो झारखंड (रांची) के प्रधान मुख्य संरक्षक के रूप में कार्यरत हैं, को उनके सामाजिक योगदान के लिए इस प्रतिष्ठित अवॉर्ड से नवाजा गया है। उन्होंने बताया कि इस अवॉर्ड का औपचारिक वितरण 1 मई, 2026 को बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर रांची में किया गया।

## पंजाब से धराया धनसार थाना कांड का फरार अभियुक्त, ट्रांजिट रिमांड पर लाकर भेजा गया जेल



**धनबाद:** धनसार थाना में दर्ज कांड संख्या 240/2023 में पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। लंबे समय से फरार चल रहे नामजद अभियुक्त सूरज चौधरी को पुलिस ने पंजाब के लुधियाना से गिरफ्तार कर लिया है। शनिवार को उसे न्यायालय में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

# मुनीडीह वाशरी हादसा में चार मजदूरों की मौत पर 20-20 लाख मुआवजा, आश्रितों को नौकरी का भरोसा



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बाघमारा/धनबाद:** बीसीसीएल के मुनीडीह कोल वाशरी में हुए दर्दनाक हादसे के बाद मृतक मजदूरों के परिजनों को आर्थिक सहायता और नौकरी का आश्वासन मिला है। स्लरी (कोयले के गीले मलबे) की लोडिंग के दौरान हुए इस हादसे में चार मजदूरों की मौत हो गई थी, जिससे पूरे क्षेत्र में शोक और आक्रोश का माहौल बन गया था। घटना के बाद आक्रोशित परिजन और विभिन्न यूनियनों के नेता शवों को वाशरी गेट पर रखकर मुआवजा और नौकरी की मांग को लेकर डटे रहे। शनिवार देर रात से शुरू हुई वार्ता रविवार तड़के करीब चार बजे तक चली, जिसके बाद बीसीसीएल प्रबंधन, यूनियन प्रतिनिधियों और ग्रामीणों के बीच सहमति बनी। समझौते के तहत प्रत्येक मृतक के आश्रित को कुल 20-20 लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने पर सहमति हुई है। इसमें 10 लाख रुपये 10 दिनों के भीतर और शेष 10 लाख रुपये 20 दिनों के अंदर देने का आश्वासन दिया गया है। इसके अलावा अंतिम संस्कार के लिए 75 हजार रुपये अलग से दिए जाएंगे। परिजनों को स्थायी राहत देने के उद्देश्य से प्रत्येक प्रभावित परिवार के एक सदस्य को मुनीडीह वाशरी की आउटसोर्सिंग कंपनी में नौकरी देने पर भी सहमति बनी है। साथ ही मृतकों के बच्चों की शिक्षा के लिए डीएवी स्कूल में नामांकन और पढ़ाई का खर्च वहन करने की बात भी प्रबंधन ने कही है। हादसे की गंभीरता को देखते हुए बीसीसीएल प्रबंधन ने उच्च स्तरीय जांच के

## मुनीडीह वाशरी हादसा: मुआवजा मिला, लेकिन चार घरों का उजड़ना नहीं थमा



**धनबाद:** मुनीडीह वाशरी में हुए दर्दनाक हादसे ने सिर्फ चार मजदूरों की जान नहीं ली, बल्कि चार परिवारों के सपनों को भी हमेशा के लिए खत्म कर दिया। कागजों पर मुआवजे और नौकरी के समझौते भले हो गए हों, लेकिन जिन घरों के चूल्हे बुझ गए, वहां का सन्नाटा आज भी इस त्रासदी की गवाही दे रहा है। गोपनाडीह निवासी दिनेश बाउरी के घर में कुछ दिन पहले तक खुशियों का माहौल था। 21 अप्रैल को बड़े बेटे की शादी के बाद नई बहू के आगमन से घर गुलजार था, लेकिन एक सप्ताह के भीतर ही खुशियां मातम में बदल गईं। पत्नी आरती देवी और छोटे बेटे की आंखों में अब सिर्फ एक सवाल है—यह हादसा क्यों हुआ? परिजन कहते हैं कि मुआवजा दर्द को कम नहीं कर सकता।

## अनुपमा सिंह की पहल रंग लायी, मुनीडीह वाशरी हादसे के मृतकों के परिजनों को मिला मुआवजा



**धनबाद:** बीसीसीएल के मुनीडीह कोल वाशरी में हुए दर्दनाक हादसे के बाद मृतक मजदूरों के परिजनों को उचित मुआवजा दिलाने की दिशा में सार्थक पहल करते हुए राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन की कार्यकारी अध्यक्ष सह कांग्रेस नेत्री अनुपमा सिंह ने अहम भूमिका निभाई है। घटना में चार मजदूरों की मौत के बाद उन्होंने मामले को गंभीरता से लेते हुए बीसीसीएल के सीएमडी एवं संबंधित महाप्रबंधक से दूरभाष पर वार्ता कर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की। अनुपमा सिंह के निर्देश पर कांग्रेस की ओर से प्रीतम रवानी, मनोज महतो एवं विजय पासवान को प्रतिनिधि के रूप में प्रबंधन से वार्ता के लिए भेजा गया। प्रतिनिधिमंडल और बीसीसीएल प्रबंधन के बीच हुई बातचीत के बाद पीड़ित परिवारों के हित में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

## सम्पादकीय.....

# बिहार राजग में दांव-पेंच !

**बिहार** विधान परिषद के उपचुनाव पर इन दिनों सभी की नजरें टिकी हुई हैं। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने भाजपा की ओर से सूर्य कुमार शर्मा उर्फ अरविन्द शर्मा का नामांकन दाखिल कराया है। मंगल पांडेय ने यह सीट खाली की थी। इस सीट पर 12 मई को मतदान होगा। बिहार एनडीए में कुशवाहा जाति के दो नेता हैं। सम्राट चौधरी और उपेन्द्र कुशवाहा। एक जहां भाजपा के नेता और राज्य के मुख्यमंत्री हैं, वहीं दूसरे राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व राज्यसभा सांसद हैं। प्रसंगवश, 2025 के बिहार विधानसभा चुनाव की चर्चा आवश्यक है। तब उपेन्द्र कुशवाहा ने बिहार की राजनीति में कुशवाहा वोट की अहमियत बतायी थी और भाजपा आलाकमान पर 10 से 15 सीटों की मांग करते हुए जबरदस्त दबाव बनाया था। यह और बात है कि भाजपा आलाकमान ने राष्ट्रीय लोक मोर्चा को केवल 05 सीटें ही दी थीं। हालांकि, उसने हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा को 06 सीटों पर चुनाव लड़ने पर अपनी सहमति दे दी। यह जानकारी जब उपेन्द्र कुशवाहा को हुई, तो उन्होंने पुनः अपनी नाराजगी जतायी। फिर, भाजपा ने उन्हें भी 06 सीटों पर चुनाव लड़ने पर अपनी सहमति दे दी। नीतीश मंत्रिमंडल के गठन के दौरान उपेन्द्र कुशवाहा ने फिर एक बार चाल चली और सभी को चौंका दिया। अपनी पत्नी विधायक स्नेहलता अथवा अपने जीते हुए विधायकों को मंत्री नहीं बना कर बेटे दीपक प्रकाश को मंत्री बना दिया। यह देख पार्टी के तीनों विधायकों ने तो विद्रोह भी कर दिया था। दरअसल, उपेन्द्र कुशवाहा ने बेटे दीपक प्रकाश को मंत्री इसलिए बनवाया कि वह किसी भी सदन के सदस्य नहीं हैं। अतः, मंत्री पद बचाने के लिए एक एमएलसी की अतिरिक्त सीट तो मिल ही जायेगी। इस बीच एनडीए के अपने कारणों से नीतीश मंत्रिमंडल भंग हो गया। फिर, मंत्रिमंडल का पुनर्गठन हुआ, लेकिन दीपक मंत्री नहीं बन पाये। अब नये मंत्रिमंडल के मुखिया सम्राट चौधरी की सलाह पर भाजपा ने सूर्य कुमार शर्मा उर्फ अरविन्द शर्मा को विधान परिषद के लिए नामित किया है। इससे स्वाभाविक ही उपेन्द्र कुशवाहा की मुश्किलें बढ़ी हैं। जानकारों की मानें, तो कुशवाहा अपने बेटे के हित को देखते हुए बहुत सम्भव है, अपनी पार्टी का भाजपा में विलय कर दें। भाजपा भी ऐसा ही कुछ चाहती है। भाजपा के कतिपय नेता बताते हैं कि उपेन्द्र कुशवाहा को कुशवाहा वोट बैंक के लिए भाजपा बर्दाश्त कर रही थी। दबाव की इनकी राजनीति से बहुत परेशान थी। दरअसल, भाजपा अवसर की तलाश में थी। जैसे ही उसे अवसर मिला, उसने बिना देर किये कुशवाहा जाति से ही आनेवाले सम्राट चौधरी को मुख्यमंत्री बना दिया। इसके साथ ही उसने उपेन्द्र कुशवाहा की चाल को भी चित कर दिया। इसी तरह भाजपा ने अपनी ही पार्टी के नेता पूर्व उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा को भी साधा। विजय सिन्हा भूमिहार जाति से आते हैं। नीतीश सरकार में सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा ; दोनों उप मुख्यमंत्री थे। बताते हैं कि दोनों के बीच तालमेल बिलकुल अच्छा नहीं था। बात चाहे विधानसभा की हो या फिर सार्वजनिक स्थलों की, तालमेल की कमी स्पष्ट परिलक्षित हो रही थी। सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा के सम्बन्ध का इसी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि मुख्यमंत्री बनते ही सम्राट चौधरी ने विजय सिन्हा की सुरक्षा में कटौती कर दी। उसे जेड प्लस से घटा कर जेड श्रेणी कर दी। इसके अलावा उन्होंने विजय सिन्हा के निर्णय को भी बदल दिया। सम्राट चौधरी ने 224 राजस्व कर्मचारियों का निलम्बन वापस ले लिया, जिन्हें विजय सिन्हा ने राजस्व मंत्री रहते ढाई महीने पहले निलम्बित किया था। इसी तरह सम्राट ने राजस्व व भूमि सुधार विभाग के प्रधान सचिव को भी बदल दिया। सम्राट चौधरी के मंत्रिमंडल में दोनों ही उप मुख्यमंत्री जदयू के हैं। लिहाजा, सम्राट चौधरी के मंत्रिमंडल विस्तार में विजय सिन्हा उप मुख्यमंत्री तो नहीं ही बनेंगे, केवल मंत्री बन सकते हैं। सूर्य कुमार शर्मा उर्फ अरविन्द शर्मा भी भूमिहार जाति से हैं। वह भी मंत्री पद के प्रबल दावेदार हैं। ऐसे में बिहार में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार के मंत्रिमंडल में शीर्ष नेतृत्व कितना संतुलन बना पाता है, यह देखनेवाली बात होगी।

## ● किसने क्या कहा



विकसित भारत के सांस्कृतिक आधार में भाषाओं की निर्णायक भूमिका

**गजेन्द्र सिंह शेखावत**
**पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री**



इंदौर-पीथमपुर इकोनॉमिक कॉरिडोर मप्र की प्रगति का नया अध्याय

**मोहन यादव**
**मुख्यमंत्री (मध्य प्रदेश)**

# बारात, संस्कार और बदलता समाज

**विशेष** | **डॉ. प्रियंका सौरभ**

पहले विवाह एक लम्बी सामाजिक प्रक्रिया हुआ करती थी, जिसमें रिश्ते बनते थे, पड़ोस जुड़ता था और संस्कार पीढ़ी-दर-पीढ़ी स्थानांतरित होते थे। अब बहुत-सी शादियां एक दिन के कार्यक्रम, होटल या गेस्ट हाउस और सीमित औपचारिकताओं में पूरी हो जाती हैं, जिससे परम्परा का विस्तार सिकुड़ कर रस्म-अदायगी में बदलने लगा है। भारतीय विवाह केवल दो व्यक्तियों का निजी समझौता नहीं रहा है; वह हमेशा से परिवार, समुदाय और संस्कृति का साझा आयोजन रहा है। ग्रामीण समाज में बारात का अर्थ था मेहमानों का खुला स्वागत, सामूहिक भोजन, लोकगीत, हंसी-मजाक और रिश्तों की गरिमा का सार्वजनिक प्रदर्शन। भोजन का पंगत में परोसा जाना, दूल्हे का पारम्परिक वेश, समधी की पगड़ी, घर के आंगन में बनी अस्थायी सजावट और रात भर का ठहराव; ये सब विवाह को संस्कार बनाते थे, साधारण समारोह नहीं।

**एक** समय था जब बारात का आना केवल एक परिवार का दूसरे परिवार तक पहुँचना नहीं, बल्कि पूरे गाँव का उत्सव माना जाता था। घर-आँगन सजते थे, पंगत लगती थी, गीत गाए जाते थे, बुजुर्ग आशीर्वाद देते थे और मेहमानों की आवभगत को सम्मान का प्रश्न समझा जाता था। आज वही बारात कई जगहों पर समय की घड़ी में इतनी सिमट गई है कि पूरा आयोजन 'फटाफट जाओ, गटागट खाओ, सटासट लिफाफा पकड़ाओ और झटाझट वापस आओ' की शैली में बदलता दिखता है। यह बदलाव केवल खानपान या आयोजन की शैली का नहीं है; यह सामाजिक संबंधों, सामूहिकता और भारतीय विवाह-संस्कृति की आत्मा में आए परिवर्तन का संकेत है। पहले विवाह एक लंबी सामाजिक प्रक्रिया हुआ करती थी, जिसमें रिश्ते बनते थे, पड़ोस जुड़ता था और संस्कार पीढ़ी-दर-पीढ़ी स्थानांतरित होते थे। अब बहुत-सी शादियाँ एक दिन के कार्यक्रम, होटल या गेस्ट हाउस और सीमित औपचारिकताओं में पूरी हो जाती हैं, जिससे परंपरा का विस्तार सिकुड़कर रस्म-अदायगी में बदलने लगा है।

भारतीय विवाह केवल दो व्यक्तियों का निजी समझौता नहीं रहा है; वह हमेशा से परिवार, समुदाय और संस्कृति का साझा आयोजन रहा है। ग्रामीण समाज में बारात का अर्थ था मेहमानों का खुला स्वागत, सामूहिक भोजन, लोकगीत, हँसी-मजाक और रिश्तों की गरिमा का सार्वजनिक प्रदर्शन। भोजन का पंगत में परोसा जाना, दूल्हे का पारंपरिक वेश, समधी की पगड़ी, घर के आँगन में बनी अस्थायी सजावट और रात भर का ठहराव—ये सब विवाह को संस्कार बनाते थे, साधारण समारोह नहीं। इसी सामाजिक ढाँचे में मेहमान का मान बढ़ाना, उसे ठहराना, उसकी देखभाल करना और उसके साथ अपनापन बाँटना एक नैतिक कर्तव्य समझा जाता था। बाराती केवल खाने वाले आगंतुक नहीं थे; वे आने वाले नए रिश्ते के प्रतिनिधि थे। इसलिए उनका स्वागत भी उतना ही आत्मीय और विस्तृत होता था जितना स्वयं विवाह का अर्थ। यही कारण है कि पुराने लोग आज की जल्दी-जल्दी निपटने वाली शादियों को देखकर अक्सर कहते हैं—'अब शादी रही कहाँ, बस कार्यक्रम रह गया।' इस भावना में केवल शिकायत नहीं, बल्कि एक सांस्कृतिक सच भी छिपा है। समय बदला है, जीवन-शैली बदली है और विवाहों पर भी उसका असर पड़ा है। शहरीकरण, महँगाई, नौकरीपेशा जीवन, सीमित अवकाश, यातायात और आयोजन-व्यवस्था की नई सुविधाओं ने शादियों को छोटा और नियंत्रित बनाया है। आज कई परिवार बड़े आयोजन के बजाय कम समय में सब कुछ निपटाना चाहते हैं, ताकि मेहमानों पर बोझ न पड़े और मेजबान पर आर्थिक दबाव भी कम रहे। यह व्यावहारिक दृष्टि है, लेकिन इसके साथ परंपरागत आत्मीयता का कुछ हिस्सा खो भी जाता है।

गेस्ट हाउस, बैंक्वेट हॉल, कैटरिंग और तयशुदा टाइम-स्लॉट ने विवाह को अधिक व्यवस्थित तो बनाया है, पर अधिक औपचारिक भी। पहले जहाँ बाराती रुकते थे, अब वे भोजन करके लौट जाते हैं। पहले जहाँ रस्मों के साथ गीत और सामूहिक सहभागिता होती थी, अब कई जगह डीजे, फोटो-सत्र और स्टेज-इवेंट मुख्य आकर्षण बन गए हैं। विवाह की जीवंतता बनी रहती है, लेकिन उसकी आत्मीयता कम होने लगती है। आज की शादी पर सबसे बड़ा दबाव खर्च और प्रदर्शन का है। बहुत-से परिवार संस्कारों से अधिक 'लोग क्या कहेंग' की चिंता में रहते हैं। सजावट, कपड़े, मंच, खाने का मेन्यू, गाड़ियों का काफिला और सोशल मीडिया पर छपने वाली छवि—इन सबके बीच विवाह का मूल संदेश पीछे छूट जाता है। जहाँ पहले सादगी में गरिमा थी, वहाँ अब कई बार भव्यता में खोखलापन दिखाई देता है।

यह प्रवृत्ति केवल शहरी नहीं है; गाँवों में भी इसका असर दिख रहा है। पालकी की जगह लग्जरी कार, पारंपरिक गीतों की जगह तेज संगीत और सामूहिक बैठकी की जगह अलग-अलग टेबलों पर भोजन—ये बदलाव अपने-आप में बुरे नहीं हैं। समस्या तब होती है जब सुविधा-संस्कृति, संस्कार-संस्कृति को पूरी तरह विस्थापित कर देती है। तब शादी एक पवित्र मिलन की जगह सामाजिक प्रदर्शन बन जाती है। यही वह बिंदु है जहाँ आधुनिकता उपयोगी होने के बजाय विघटनकारी हो सकती है। विवाह भारतीय परंपरा में केवल उत्सव नहीं, एक संस्कार है। संस्कार का अर्थ है ऐसा आयोजन जो व्यक्ति को नैतिक, पारिवारिक और सामाजिक जीवन से जोड़ता है। जब विवाह केवल मनोरंजन, खानपान और फोटो के लिए रह जाए, तो वह संस्कार की जगह उत्सवी उपभोग में बदल जाता है। इससे नई पीढ़ी को यह संदेश मिलता है कि रिश्तों की गहराई नहीं, उनके आयोजन की चमक अधिक महत्वपूर्ण है। इसी कारण बुजुर्ग पीढ़ी को आज की शादियाँ अक्सर अपरिचित लगती हैं। वे कहते हैं कि पहले मेहमान परिवार का हिस्सा बनता था, अब वह सूची में दर्ज एक नाम भर है। पहले शादी में समय लगता था, इसलिए रिश्तों को समझने और निभाने का अवसर मिलता था। अब सब कुछ जल्दी हो जाता है, और जल्दी होने के साथ गहराई भी कम हो जाती है। समाज अगर अपने अनुष्ठानों को केवल औपचारिकता मानने लगे, तो धीरे-धीरे वे अर्थहीन होने लगते हैं।

# भारत : एकात्म चिन्तन की जन्मभूमि

**गौरतलब** | **हृदयनारायण दीक्षित**



किसे छोड़ें? किसे पढ़ें? क्या शास्त्र पढ़ें? पढ़ें तो विवेचन विश्लेषण कैसे करें? जानने के लिए सोचना जरूरी है और सोचने के पहले ठीक से देखना भी। देखने की एक दृष्टि वैदिक पूर्वजों ने दी है। बाद के इतिहास और दर्शन में प्रायः उसी विवेक को आधार बनाया गया है। इस समझ को प्राप्त करने का दुनिया का सबसे पुराना ग्रंथ है ऋग्वेद।

**हम** सब सोचते हैं। अनेक प्रश्न उठते हैं। प्रश्न स्वयं को जानने का भी है। संसार और स्वयं का बोध जरूरी है। प्रश्न बड़ा है- कैसे जानें इस असीम संसार को। समझ छोटी अति अल्प और संसार बड़ा। प्रश्न और भी हैं। जैसे सृष्टि क्या है? सृष्टि का कोई निमार्ता भी है क्या? यह सृष्टि नहीं थी तो क्या था? जो था वह क्या था? क्या शून्य था? क्या सृष्टि ऊर्जा का खेल है? पृथ्वी जल, अग्नि और आकाश प्रत्यक्ष है। इनका सारभूत क्या हैं? सूर्य चन्द्र और तारागण कहां से प्रकाश पाते हैं? सृष्टि निर्माण का आदि तत्व क्या है? कोई परमतत्व है क्या? क्या एक तत्व से ही यह सृष्टि बनी? या सबका साझा प्रयास यह सृष्टि है? सृष्टि और हमारे सम्बंध क्या हैं? आदि। आखिरकार अस्तित्व को कैसे जानें? कैसे शांत करें जिज्ञासा को? कठिनाई दूसरी भी है-जितना देखते हैं, उतने का सार तत्व कैसे ग्रहण करें? हमारी जीवन दृष्टि क्या हो? इंटरनेट ने लाखों-करोड़ों सूचनाएं भर दी हैं। किसे छोडें.? किसे पढ़ें? क्या शास्त्र पढें.? पढ़ें तो विवेचन विश्लेषण कैसे करें? जानने के लिए सोचना जरूरी है और सोचने के पहले ठीक से देखना भी। देखने की एक दृष्टि वैदिक पूर्वजों ने दी है। बाद के इतिहास और दर्शन में प्रायः उसी विवेक को आधार बनाया गया है। इस समझ को प्राप्त करने का दुनिया का सबसे पुराना ग्रंथ है ऋग्वेद। भारत के लोगों ने ऋग्वेद की रचना के पहले ही वैज्ञानिक चिन्तन प्रारम्भ कर दिया था। ऋग्वेद में इसी सोच-विचार के दर्शन हैं। चिंतन की यह दृष्टि निर्णयात्मक नहीं है। दर्शन और विज्ञान निर्णयात्मक नहीं होते। जहां तक जान लिया, वहीं रूक जाना उचित नहीं होता। सामान्य धारणा है कि विश्व किसी शक्ति द्वारा बनाया गया है। सृष्टि निर्माण 'विश्वकर्म' है। सृष्टि निमार्ता को विश्वकर्मा कहा गया है। ऋग्वेद के एक दार्शनिक सूक्त (10.81) के देवता विश्वकर्मा हैं। ऋषि पूछते हैं 'सृष्टि निर्माण के पहले वे कहां पर बैठे?' प्रश्न उचित है। जब पृथ्वी, आकाश आदि थे ही नहीं तो विश्वकर्मा ने कहां बैठकर यह सृजन कर्म पूरा किया? पूछते हैं कि 'सृष्टि निर्माण का मूल द्रव्य क्या था? वह वन, वृक्ष कौन-सा था? जिससे विश्वकर्मा ने सामग्री ली और विराट विश्व बनाया? यह सब मनीषी लोग जानने का प्रयास करें।' स्तुति है कि 'वे विश्वकर्मा मित्र भाव से हमें ज्ञान दें।' ऋग्वेद के एक ऋषि देवताओं के भी पहले का विचार करते हैं कि 'देवताओं के पहले युग समय में असत से सत का जन्म हुआ।'

## आज का इतिहास

- स्विट्जरलैंड में बेसल यूनिवर्सिटी की 1460 में स्थापना।
- उत्तरी जर्मनी के विस्मार पर रुस और प्रशिया की सेनाओं ने 1716 में कब्जा किया।
- जेकब रोजरविन ने 1722 में पूर्वी आयरलैंड की खोज की।
- अमेरिकी कांग्रेस ने 1818 में राष्ट्रध्वज में '13 लाल और सफेद स्ट्रिप्स तथा 20 सितारे' शामिल करने को मंजूरी दी।
- ह्यूज रोज के नेतृत्व में ब्रिटिश सेना के साथ युद्ध करने के बाद 1858 में झांसी की रानी लक्ष्मीबाई झांसी से निकल कर काल्पी पहुंची और बाद में ग्वालियर की ओर चली गयी।
- कांगरा घाटी में 1905 में आये जबरदस्त भूकम्प से लगभग 20000 लोगों की जान गयी।
- दार्शनिक श्री अरबिंदो घोष पांडिचेरी (अब पुडुचेरी) पहुंचे, जहां उन्होंने 1910 में योग और आध्यात्मिक केन्द्र खोला।
- अमेरिकन सीनेट ने 1916 में प्रथम विश्व युद्ध में हिस्सा लेने को मंजूरी दी।
- लीबिया के बेनगाजी शहर पर जर्मनी की सेना ने 1941 में कब्जा किया।
- ब्रिटिश सेना ने 1944 में इथोपिया के आदिश अबाबा पर कब्जा किया।
- उत्तरी अटलांटिक सैन्य संगठन (NATO) की 1949 में स्थापना हुई, जो शीतयुद्ध के शुरुआती दौर का नतीजा थी।
- अफ्रीकी देश सेनेगल ने 1960 में फ्रांस से स्वतंत्रता हासिल करने की घोषणा की।
- बिल गेट्स और पॉल एलन के बीच 1975 में हुए समझौते के फलस्वरूप माइक्रोसॉफ्ट की स्थापना हुई।
- पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री जुल्फिकार अली भुट्टो को 1979 में फांसी की सजा दे दी गयी।
- अमेरिका के मानवाधिकार कार्यकर्ता मार्टिन लूथर किंग की 1968 में आज ही के दिन हत्या कर दी गयी।
- तिब्बती धर्मगुरु दलाई लामा द्वारा 1994 में तिब्बती बालक उग्येन थिनली दोरजी को नये कर्मापा के रूप में घोषणा।

## सुविचार

काम की समाप्ति संतोषप्रद हो, तो परिश्रम की थकान याद नहीं रहती।
**कालिदास**

हथौड़ा कभी-कभी अपना निशाना चूक भी जाता है; लेकिन फूलों का गुलदस्ता कभी नहीं।
**अज्ञात**

## अंकजाल - 8257

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 25 | 19 | 23 | ■ | 31 | 19 | 16 | 11 | ■ |
| 14 | | 2 | | ■ | | 8 | | 4 | 24 |
| 18 | 9 | | 7 | ■ | 5 | | 7 | | 25 |
| 13 | | 8 | | ■ | | 3 | | 2 | 16 |
| 32 | 6 | | 9 | | 7 | ■ | ■ | ■ | ■ |
| ■ | ■ | ■ | ■ | 2 | | 9 | | 3 | 21 |
| 26 | 8 | | 6 | | ■ | | 6 | | 13 |
| 18 | | 2 | | 6 | ■ | 3 | | 7 | 14 |
| 29 | 8 | | 5 | | ■ | | 4 | | 14 |
| ■ | 21 | 15 | 16 | 26 | ■ | 21 | 16 | 18 | ■ |

*खाली स्थानों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर दाएँ से बाएँ एवं ऊपर से नीचे जोड़ना है जिसका सही उत्तर मटमैले रंग के खानों में दिया गया है.*

**अंकजाल 8256 का हल**

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 19 | 24 | 21 | ■ | 20 | 20 | 18 | 16 | ■ |
| 18 | 8 | 6 | 4 | ■ | 6 | 8 | 7 | 5 | 26 |
| 15 | 4 | 9 | 2 | ■ | 7 | 5 | 8 | 7 | 27 |
| 16 | 5 | 3 | 8 | ■ | 2 | 7 | 3 | 4 | 16 |
| 28 | 2 | 6 | 7 | 9 | 3 | ■ | ■ | ■ | ■ |
| ■ | ■ | ■ | ■ | 7 | 2 | 5 | 7 | 2 | 23 |
| 29 | 5 | 7 | 8 | 9 | ■ | 2 | 3 | 5 | 10 |
| 22 | 6 | 7 | 3 | 6 | ■ | 4 | 5 | 2 | 11 |
| 18 | 5 | 6 | 3 | 4 | ■ | 7 | 8 | 8 | 25 |
| ■ | 16 | 20 | 14 | 35 | ■ | 18 | 23 | 17 | ■ |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## संत की उदारता

**संत** बेनजोई के पास कई बालक शिक्षा ग्रहण करने के लिए आते थे। वह अपने सभी शिष्यों की शिक्षा पूर्ण करने के बाद ही उन्हें वहां से जाने की अनुमति देते थे। वह उद्दंड व शरारती शिष्यों को भी आज्ञाकारी और संस्कारी बनाकर ही दम लेते थे। एक बार उनके आश्रम में बहुत ही शरारती और बदतमीज लड़का आया। एक दिन वह चोरी करते हुए पकड़ा गया। बेनजोई ने उसे चोरी की बुराइयों से अवगत कराया और क्षमा कर दिया, लेकिन वह लड़का इतना बिगड़ैल था कि उस पर बेनजोई की शिक्षा का कोई प्रभाव नहीं पड़ा। उसने दोबारा चोरी की और एक शिष्य को बेवजह पीट दिया। यह शिकायत बेनजोई तक पहुंची तो उन्होंने उसे फिर बुलाकर प्रेम से समझाया और एक बार फिर क्षमा कर दिया। यह देखकर आश्रम के अन्य शिष्य आगबबूला हो गए। शाम की प्रार्थना के समय सभी शिष्य एकजुट होकर बोले, गुरुजी, यह बार-बार चोरी करता रहेगा, हमें पीटता रहेगा और आप उसे क्षमा करते रहेंगे। यह कैसा न्याय है? यदि आप इसे आश्रम से नहीं निकाल सकते तो हम सभी यह आश्रम छोड़कर चले जाते हैं। इस पर बेनजोई विनम्रता से बोले, मैंने माना कि तुम सब अच्छे हो, संस्कारी हो। कभी किसी कुसंग में न रहने के कारण दुष्कर्मों से दूर हो। यह अबोध किशोर अपने दुर्व्यसनी पिता और भाइयों द्वारा ठुकराया हुआ है।

## राशिफल

**मेष** – व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की सम्भावना है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। समय अच्छा है।

**तुला** – समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा।

**वृष** – कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जायेगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें।

**वृश्चिक** – व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिन्ता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। समय ठीक है।

**मिथुन** – यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी।

**धनु** – यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जायेगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जायेगी।

**कर्क** – आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे।

**मकर** – मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास सफल होंगे।

**सिंह** – लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। समय ठीक है।

**कुंभ** – कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जायेगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किये जा रहे काम में लाभ मिल जायेगा।

**कन्या** – कामकाज की व्यस्तता से सुख-चैन प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी।

**मीन** – परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़ कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी।

# राजस्व न्यायालयों में लाखों वाद निस्तारण को लेकर राजस्थान की पहल



**डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा**

**देश** में राजस्व विवादों से संबंधित लाखों की संख्या में प्रकरण राजस्व न्यायालयों में निस्तारण के अभाव में पेंडिंग पड़े हैं। इनमें से हजारों की संख्या में ऐसे प्रकरण भी मिल जाएंगे जो तीस साल से भी अधिक समय से निर्णय के इंतजार में हैं। राजस्व न्यायालयों में विवाद के ये प्रकरण केवल राजस्व रेकार्ड में संशोधन कर सुधार के हैं क्योंकि मालिकाना हक तय करने के मामले तो सिविल कोर्ट द्वारा निर्णित किये जाते हैं। रेवेन्यू कोर्ट में मुख्यतः म्यूटेशन, भूमि का बंटवारा, जमीन के सीमांकन, भूमि पर अतिक्रमण, दस्तावेजों में सुधार, लगान या इस तरह के विवाद या फिर पट्टेदारी के विवाद से संबंधित विवाद निर्णय के लिए आते हैं। आरसीसीएमएस जैसी कम्प्यूटरीकृत व्यवस्था होने के बावजूद इसमें कोई खास सुधार नहीं देखा जा रहा है। होता यह है कि इस तरह के विवादों या प्रकरणों के निर्णित होने में भी पीढ़ी दर पीढ़ी निर्णय के लिए तारीख दर तारीख न्यायालयों के चक्कर लगाते रहते हैं। यह अपने आप में गंभीर समस्या है पर इसका निराकरण सरकारों की इच्छा शक्ति और व्यवस्था में सुधार से आसानी से किया जा सकता है।

खास बात यह कि इस तरह के लाखों की संख्या में विवाद निर्णय के अभाव में पेंडिंग पड़े हैं। राजस्थान की सरकार ने लंबित प्रकरणों को लेकर महत्वपूर्ण पहल की है। अब पीठासीन अधिकारियों को प्रातः 10 बजे से 2 बजे तक नियमित सुनवाई करने के साथ ही प्रकरणों के निष्पादन की टाइम लाइन और मॉनेटरिंग व्यवस्था को सुदृढ़ किया है। यह कोई अकेले राजस्थान का ही मुद्दा नहीं है अपितु सभी राज्यों में इस तरह के विचाराधीन प्रकरणों की संख्या बहुत चिंतनीय स्थिति में है। गंभीरता को इसी से समझा जा सकता है और ऐसे भी उदाहरण देखने को मिलता है कि कई राजस्व न्यायालयों में तो सालभर में एक-एक केस का निस्तारण तक देखने को मिलता है। यह अपने आप में गंभीर होने के साथ कहीं-ना-कहीं हमारी व्यवस्था के लिए भी चुनौती से कम नहीं है।

राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के अनुसार राजस्व न्यायालयों के सुदृढ़ीकरण और लंबित वादों का निस्तारण सरकार की प्राथमिकता है। अकेले राजस्थान की ही आंकड़ों में बात की जाए तो इस तरह के 6 लाख 72 हजार वाद रेवेन्यू न्यायालयों में विचाराधीन चल रहे हैं। इनमें से करीब 64 प्रतिशत 4.31 लाख के वाद उपखण्ड अधिकारी के न्यायालयों में निर्णयाधीन है। चिंतनीय यह है कि 6 हजार के करीब वाद तो ऐसे हैं जो 20 से 30 साल के बीच निर्णय के प्रतीक्षा में हैं। राजस्थान के प्रमुख सचिव राजस्व टी. रविकान्त ने इस तरह के प्रकरणों को लेकर गंभीरता दिखाई और रिव्यू के बाद इस तरह की व्यवस्था चाक-चौबंद करने के निर्देश जारी कराने की पहल की है कि राजस्व न्यायालयों में विचाराधीन वादों की समयबद्ध नियमित सुनवाई हो, तारीखों पर तारीखें नहीं दी जाएं और पक्ष-प्रतिपक्ष को समुचित अवसर देते हुए वादों का प्राथमिकता से निस्तारण किया जाएं। प्रमुख सचिव राजस्व राजस्थान टी. रविकान्त ने व्यवस्था में सुधार और संवेदनशील प्रशासन का परिचय देते हुए मुख्य सचिव राजस्थान वी. श्रीनिवास ने परिपत्र जारी कर आवश्यक दिशा-निर्देश भी जारी किये हैं। यह कोई राजस्थान की नहीं अपितु इस तरह की पहल की सभी राज्य सरकारों द्वारा किये जाने की आवश्यकता है।

# 'रंग दे बसंती' वाले अब राष्ट्र को नया रंग देंगे : प्रसार भारती का नया युग

**गौरतलब** | **प्रो. आरके जैन**



गीतों में राष्ट्र की आत्मा को स्वर देनेवाले इस रचनाकार और केन्द्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) के अध्यक्ष के हाथों में अब दूरदर्शन और आकाशवाणी की कमान है। 02 मई 2026 की यह नियुक्ति सीधे प्रश्न खड़ा करती है...क्या यह पारम्परिक प्रसारण को डिजिटल युग में पुनर्जीवित कर नयी प्रासंगिकता देगा, या सार्वजनिक मंचों को और अधिक मुखर सरकारी आख्यान में ढालेगा? असल चुनौती यही है कि यह बदलाव सूचना की स्वतंत्रता और सांस्कृतिक विरासत के बीच उस सूक्ष्म संतुलन को कैसे साधता है, जिस पर लोकतंत्र की विश्वसनीयता टिकी है।

**कभी**-कभी एक निर्णय केवल पद परिवर्तन नहीं होता, बल्कि पूरे विमर्श की दिशा मोड़ देता है। प्रसून जोशी का प्रसार भारती के चेयरमैन पद पर आगमन ऐसा ही क्षण है, जहाँ सृजन और सत्ता का संगम नए अर्थ गढ़ने को तैयार दिखता है। गीतों में राष्ट्र की आत्मा को स्वर देने वाले इस रचनाकार और केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) के अध्यक्ष के हाथों में अब दूरदर्शन और आकाशवाणी की कमान है। 2 मई 2026 की यह नियुक्ति सीधे प्रश्न खड़ा करती है—क्या यह पारंपरिक प्रसारण को डिजिटल युग में पुनर्जीवित कर नई प्रासंगिकता देगा, या सार्वजनिक मंचों को और अधिक मुखर सरकारी आख्यान में ढालेगा? असल चुनौती यही है कि यह बदलाव सूचना की स्वतंत्रता और सांस्कृतिक विरासत के बीच उस सूक्ष्म संतुलन को कैसे साधता है, जिस पर लोकतंत्र की विश्वसनीयता टिकी है।

सृजन की राह पर बढ़ते एक रचनाकार ने अपने शब्दों से युवाओं के दिलों में गहरी छाप छोड़ी है। 'रंग दे बसंती' और 'चांद सिफारिश' जैसे गीतों ने नई पीढ़ी को जोड़ा, वहीं विज्ञापन जगत में 'ठंडा मतलब कोका-कोला', 'हैप्पीडेंट पैलेस', 'दाग अच्छे हैं' (सर्फ एक्सेल) और 'इनक्रेडिबल इंडिया' जैसे अभियानों से उन्होंने सांस्कृतिक गहराई का नया आयाम रचा। उनकी अभिव्यक्ति में देशज मिट्टी की सुगंध और सांस्कृतिक चेतना का सजीव प्रतिबिंब दिखाई देता है, जो शाश्वत मूल्यों को स्पर्श करता है। आधिकारिक तौर पर उन्हें दुर्लभ रचनात्मक प्रतिभा माना गया है, जिनके नेतृत्व में संस्था को नई ऊर्जा, स्पष्ट उद्देश्य और रचनात्मक दिशा मिलने की उम्मीद है। यह बदलाव ऐसे समय में सामने आया है, जब संगठन डिजिटल परिवर्तन की चुनौतियों से जूझ रहा है और उसे नवाचारपूर्ण दृष्टिकोण की आवश्यकता है।

बदलते मीडिया परिदृश्य में प्रसार भारती इस समय दोहरे संघर्ष से गुजर रही है। एक ओर डिजिटल प्लेटफॉर्म—नेटफ्लिक्स, यूट्यूब और इंस्टाग्राम—युवा दर्शकों को आकर्षित कर रहे हैं, तो दूसरी ओर संपादकीय स्वतंत्रता, सीमित संसाधन और राजनीतिक दबाव जैसी चुनौतियां बनी हुई हैं। इसके बावजूद, वेव्स ओटीटी और पे-पर-व्यू जैसे प्रयोग डिजिटल-फर्स्ट सोच को दशार्ते हैं, जबकि डायरेक्ट-टू-मोबाइल ब्रॉडकास्टिंग और एआई आधारित कंटेंट निर्माण के प्रयास भविष्य की तैयारी का संकेत देते हैं। यदि रचनात्मक दृष्टि और नवाचार का सही समावेश हो, तो ग्रामीण भारत की अनकही कहानियों को वीआर/एआर के जरिए जीवंत करना, क्षेत्रीय भाषाओं में पॉडकास्ट बनाना और सांस्कृतिक विरासत को वैश्विक मंच तक पहुंचाना संभव है। इसी दिशा में शुरू किए गए 'क्रिएटर्स कॉर्नर' जैसे कार्यक्रम भी युवा डिजिटल क्रिएटर्स को मुख्यधारा से जोड़ने का प्रयास दर्शाते हैं।

उभरती संभावनाओं के बीच आशंकाओं का साया और गहरा दिखाई देता है, क्योंकि यह संस्था बरसों से अपनी वास्तविक स्वायत्तता के लिए जूझती रही है।

स्वामित्व दिग्विजय सिंह के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक आलोक कुमार सिन्हा द्वारा एवी पब्लिशर्स, 220 माखिजा हाउस, ओल्ड एचबी रोड, नियर कोकर बाजार, कोकर, रांची, 834001 से प्रकाशित एवं **एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड**, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची 835222 से मुद्रित। आर.एन.आई.सं : **JHAHIN2009/32423, प्रबंध सम्पादक :** नागेंद्र नारायण सिंह, **सम्पादक (झारखंड) :** विष्णु शंकर उपाध्याय* । दूरभाष 0651-3501612, 8825197097, 9431343365, 8863906660
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## एक झलक

### नेतरहाट हत्याकांड में नामजद आरोपी गिरफ्तार

**लातेहार :** नेतरहाट थाना क्षेत्र में दर्ज हत्याकांड के एक नामजद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार, नेतरहाट थाना कांड संख्या-07/26, दिनांक 02 मई 2026, धारा 103(1)/238 बीएनएस के तहत दर्ज मामले में आरोपी अविनाश किसपोट्टा (उम्र 21 वर्ष) को गिरफ्तार किया गया।गिरफ्तार आरोपी अविनाश किसपोट्टा, पिता केलमेंट किसपोट्टा, ग्राम केराखांड, आरहंस, थाना नेतरहाट, जिला लातेहार का निवासी है। पुलिस को द्वारा मिली सूचना के आधार पर छापेमारी कर उसे पकड़ा गया। गिरफ्तारी के बाद आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।पुलिस अधिकारियों के अनुसार, यह कार्रवाई मामले की गंभीरता को देखते हुए प्राथमिकता के आधार पर की गई है।

### रेलवे ट्रैक पर ट्रेन की चपेट में आकर अज्ञात व्यक्ति की मौत

**मेदिनीनगर :** शहर थाना क्षेत्र के विसफुटा पुल के पास शनिवार की सुबह रेलवे ट्रैक पर ट्रेन की चपेट में आकर एक अज्ञात व्यक्ति की मौत हो गई। इसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा इस घटना की जानकारी शहर थाना की पुलिस को दी गई घटना की जानकारी मिलते ही शहर थाना के एएसआई जोहन तिर्की और पुलिस जवान घटनास्थल पर पहुंचकर स्थानीय लोगों से घटना के बारे में जानकारी लेकर शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया है।वही इस घटना के बाद से पुलिस अज्ञात व्यक्ति की पहचान करने में जुट गई है।

### अपराधी ने पुलिस जवान को मारी गोली, इलाज के बाद खतरे से बाहर

**मेदिनीनगर :** सदर थाना क्षेत्र के सुआ कौड़िया गांव में बुलेट बाइक पर सवार अपराधी ने पुलिस जवान पवन सिंह को गोली मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया।घायल पुलिस जवान की पहचान मनिका थाना क्षेत्र के चामा बरवइया गांव निवासी पवन सिंह उम्र 30 वर्ष के रूप में की गई है। इसके बाद स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा इस घटना की जानकारी सदर थाना की पुलिस को दी गई घटना की जानकारी मिलते ही सदर थाना प्रभारी लालजी कुमार अपने दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर घायल पुलिस जवान को इलाज के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचाया। जहां इलाज के बाद पुलिस जवान खतरे से बाहर है इस संबंध में सदर थाना प्रभारी लालजी कुमार ने बताया कि पुलिस जवान के दाहिने हाथ में गोली लगी है इलाज के बाद पुलिस जवान खतरे से बाहर है इस घटना के बारे में घायल पुलिस जवान के ससुर हृदया आनंद सिंह ने बताया कि पवन सिंह मनिका थाना में तैनात है वहां से कुछ दिन पहले उनका बदली कहीं और जिला में कर दिया गया है इसी बीच वह अपना ससुराल सुआ कौड़िया बिंदुआ गांव आए थे। इसी बीच रविवार की शाम वह टहल रहे थे तभी एक अपराधी वहां पहुंचा और उन्हें दो गोली मार दी। एक गोली उनके दाहिने हाथ में लगा है। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। वहीं घटना के बाद उन्हें इलाज के लिए मेदनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाया गया।

### समाहरणालय परिसर में लिफ्ट निर्माण की पहल, उपायुक्त ने किया स्थलीय निरीक्षण

# वरिष्ठों-दिव्यांगों के लिए लिफ्ट की सुविधा उपलब्ध हो : डीसी

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** आमजन एवं आगंतुकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए शनिवार को उपायुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने समाहरणालय परिसर के ब्लॉक ए,बी एवं सी में लिफ्ट निर्माण की दिशा में पहल की है। इसी क्रम में उन्होंने समाहरणालय परिसर का स्थलीय निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने तीनों ब्लॉकों का बारीकी से जायजा लिया और लिफ्ट स्थापना के लिए संभावित स्थानों का आकलन किया। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि ऐसी जगहों का चयन किया जाए, जहां आगंतुकों को अधिकतम सुविधा मिल सके तथा निर्माण कार्य भी तकनीकी रूप से सुगम हो। उपायुक्त शेखावत ने कहा कि लिफ्ट की सुविधा उपलब्ध होने से विशेष रूप से वृद्धजन, दिव्यांगजनों एवं दूर-दराज से आने वाले लोगों को काफी सहूलियत होगी। यह कदम प्रशासनिक सेवाओं को और अधिक सुलभ एवं जनहितकारी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होगा।इस दौरान उप विकास आयुक्त जावेद हुसैन,अपर समाहर्ता, भवन निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।



### नीट परीक्षा निष्पक्ष व कदाचारमुक्त कराने को लेकर शहर थाना प्रभारी ने की विभिन्न होटलों की जांच



**मेदिनीनगर :** नीट परीक्षा निष्पक्ष व कदाचारमुक्त संपन्न कराने को लेकर पलामू जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन पूरी तरह अलर्ट है। शनिवार की रात शहर थाना प्रभारी ज्योति लाल रजवार के नेतृत्व में शहर के विभिन्न होटलों व लॉज की गहन जांच की गई। शहर थाना प्रभारी ने वहां ठहरे अभ्यर्थियों के पहचान पत्रों का सत्यापन किया और संदिग्ध गतिविधियों पर विशेष नजर रखी।थाना प्रभारी ने होटल संचालकों को निर्देश दिया कि बिना वैध पहचान पत्र के किसी को कमरा न दें. किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें।जांच के दौरान कहीं से भी किसी प्रकार की आपत्तिजनक सामग्री बरामद नहीं हुई।थाना प्रभारी ने कहा कि परीक्षा में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए यह अभियान चलाया गया है।उन्होंने कहा की किसी भी तरह की अनियमितता पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।इस परीक्षा में कहीं से किसी तरह की गड़बड़ी नहीं हो इसके लिए विशेष अभियान चलाकर होटल की जांच की गई है। उन्होंने होटल संचालकों से कहा कि होटल में कोई भी संदिग्ध व्यक्ति आता है तो सबसे पहले पुलिस को इसकी सूचना दें।

### फरार लाल वारंटी गिरफ्तार, न्यायिक हिरासत में भेजा गया

**बाघमारा/धनबाद :** क्षेत्र में अपराधियों और फरार वारंटियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत कतरास थाना पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता मिली है। पुलिस द्वारा पुराने मामलों के आरोपियों, फरार वारंटियों और लाल वारंटियों के सत्यापन को लेकर लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में GR 2741/14 मामले में लंबे समय से फरार चल रहे लाल (स्थायी) वारंटी माधव केवट उर्फ माधव तुरी को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी कतरास बाजार का निवासी है और उसके खिलाफ न्यायालय से स्थायी वारंट जारी था। पुलिस ने गुप्त सूचना और सत्यापन अभियान के दौरान उसे दबोचने में सफलता हासिल की। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को माननीय न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में मंडल कारा धनबाद भेज दिया गया।

## डब्बे में ईंधन नहीं, मशीन खींच कर पम्प लाने को मजबूर, महुआडांड़ में उपभोक्ताओं की परेशानी

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**महुआडांड़ (लातेहार) :** महुआडांड़ प्रखंड मुख्यालय स्थित भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड के पेट्रोल पम्प पर इन दिनों छोटे उद्यमियों और आम उपभोक्ताओं को ईंधन लेने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। पम्प पर डब्बे या बोतल में डीजल-पेट्रोल देने से साफ इनकार किया जा रहा है, जिससे मशीन आधारित काम करने वाले लोगों की आजीविका प्रभावित हो रही है।जानकारी के अनुसार, आटा चक्की संचालक, जेनरेटर मालिक और अन्य छोटे व्यवसायी, जिन्हें मशीन चलाने के लिए कम मात्रा में डीजल की जरूरत होती है, वे पम्प से ईंधन नहीं ले पा रहे हैं। पम्प कर्मचारियों का कहना है कि उन्हें ऊपर से आदेश है कि डब्बे में



ईंधन नहीं देना है और केवल वाहनों में ही तेल भरना है। इस फैसले का असर दूर-दराज के गांवों से आने वाले लोगों पर ज्यादा पड़ रहा है। कई उपभोक्ता 8 से 22 किलोमीटर दूर से पम्प तक पहुंचे, लेकिन 5 से 10 लीटर डीजल के लिए भी उन्हें खाली हाथ लौटना पड़ा। हालात ऐसे बने कि एक जेनरेटर मालिक को मजदूर लगाकर अपनी मशीन पम्प तक धकेल कर लानी पड़ी, तब जाकर उसे डीजल मिल सका।

**तेज रफ्तार हाईवा ने छीनी जान...**

## बिना नम्बर प्लेट वाहन बना जांच की चुनौती

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार :** बालूमाथ थाना क्षेत्र के मुरपा मोड़ के पास रविवार सुबह हुए सड़क हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान हेरहंज थाना क्षेत्र के बिजरा गांव निवासी 30 वर्षीय साजिद अंसारी के रूप में हुई है। वह कोयला लेकर अपने घर लौट रहे थे, तभी पीछे से आए तेज रफ्तार हाईवा ने उन्हें कुचल दिया।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसा इतना भीषण था कि साजिद को संभलने का मौका तक नहीं मिला और घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई। घटना के बाद इलाके में शोक और आक्रोश का माहौल है।

**बिना नम्बर प्लेट हाईवा, चालक फरार**

**इस** हादसे ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। पुलिस के मुताबिक जिस हाईवा से दुर्घटना हुई, उस पर



नम्बर प्लेट नहीं थी, जिससे वाहन की पहचान करना मुश्किल हो गया है। हादसे के बाद चालक मौके से फरार हो गया।सूचना मिलते ही बालूमाथ पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और हाईवा तथा मोटरसाइकिल को जब्त कर थाना ले आई। थाना प्रभारी अमरेंद्र कुमार ने बताया कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है और फरार चालक की गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं।

**ग्रामीणों का गुस्सा फूटा, सड़क जाम**

**घटना** से नाराज परिजनों और ग्रामीणों ने बालूमाथ मुख्य सड़क को जाम कर विरोध प्रदर्शन किया। लोगों का आरोप है कि इलाके में बिना नंबर प्लेट और बेलगाम भारी वाहनों का संचालन आम हो गया है, जिससे लगातार हादसे हो रहे हैं।प्रदर्शनकारियों ने मृतक के परिजनों को उचित मुआवजा, परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी और आरोपी चालक की जल्द गिरफ्तारी की मांग की है।

## युवा व्यवसायी संजीव मलानी ने थामा कांग्रेस का दामन, सांसद ने दिलायी सदस्यता

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गुमला:** शहर के प्रसिद्ध युवा व्यवसायी संजीव मालानी ने रविवार को सुखदेव भगत के हाथों भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। उन्होंने पार्टी की नीति और सिद्धांतों से प्रभावित होकर प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश एवं जिला प्रभारी बन्धु तिर्की के नाम आवेदन देकर पार्टी से जुड़ने की अपील की थी। प्रदेश अध्यक्ष व जिला प्रभारी की सहमति के बाद सांसद द्वारा उन्हें औपचारिक रूप से सदस्यता दिलाई गई। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष राजनील तिग्गा भी मौजूद रहे। ज्ञात हो कि संजीव मालानी लंबे समय से समाजसेवा से जुड़े रहे हैं और मारवाड़ी समाज सहित कई संस्थाओं में विभिन्न पदों पर रहकर सामाजिक कार्य करते आए



हैं। मौके पर सांसद सुखदेव भगत ने कहा कि आज हमारे लिए खुशी का विषय है कि संजीव मालानी जैसे ऊर्जावान और समाजसेवी युवा भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस परिवार में शामिल हुए हैं। कांग्रेस हमेशा से गरीब, किसान, मजदूर और युवाओं की आवाज रही है। मुझे विश्वास है कि संजीव मालानी पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाते हुए संगठन को और मजबूत करेंगे।

### वैश्विक शांति में मीडिया की भूमिका पर माउंट आबू में चल रहे हैं अंतरराष्ट्रीय सेमिनार, गुमला के चार पत्रकार हैं शामिल

## मेडिटेशन से देशभर में शांति के संचार का दिया जा रहा है संदेश

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गुमला :** वैश्विक शांति में मीडिया की भूमिका विषय पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के माउंट आबू मुख्यालय में चल रहे चार दिवसीय सेमिनार में गुमला के चार मीडिया कर्मी भाग ले रहे हैं हुए हैं। 30 अप्रैल से आरंभ सेमिनार में देश भर के 500 से अधिक मीडिया कर्मी भाग ले रहे हैं,जिनमें गुमला से हरिओम सुधांशु, शहजाद अनवर, राजीव कुमार, निर्मल सिंह और ब्रह्मकुमारीज संस्था से अमित कुमार साहू शामिल है। हरियाणा के राज्यसभा सांसद सुभाष बारला, ब्रह्मकुमारीज



संस्थान की प्रशासिका बहन सुदेश, बहन शीलू, पूर्व कुलपति रायपुर मानसिंह परमार, सचिव करुणा भाई, भूनेश्वर के टीवी एडिटर तन्या पटनायक, छतीसगढ़ दैनिक दिव्यंन के एडिटर नरेश कौशल आदि ने दीप प्रज्वलन कर सेमिनार का उद्घाटन किया। राज्य सभा सांसद सुभाष बारला ने विचारों के प्रबंधन से जीवन को संतुलित करने की कला से दुनिया भर में शांति का संदेश दे रही संस्थान प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के कार्यों को महिला सशक्तिकरण का मिशाल बताया। कहा की यह एक ऐसी संस्था है जो मनुष्य को जीवन के लक्ष्य का एहसास कराता है।

### डॉलर इंडस्ट्रीज के संस्थापक दीनदयाल गुप्ता का निधन



**जमशेदपुर:** होजरी क्षेत्र की प्रमुख कंपनी डॉलर इंडस्ट्रीज लिमिटेड के संस्थापक और चेयरमैन एमेरिटस, प्रख्यात उद्योगपति दीनदयाल गुप्ता का कोलकाता में उम्र संबंधी बीमारियों के कारण निधन हो गया। वे 88 वर्ष के थे और लंबे समय से अस्वस्थ चल रहे थे। उनके निधन को भारतीय होजरी और परिधान उद्योग के एक युग के अंत के रूप में देखा जा रहा है। दीनदयाल गुप्ता ने पांच दशकों से अधिक समय तक कंपनी का नेतृत्व करते हुए उसे एक छोटे स्तर से देश की अग्रणी कंपनियों में स्थापित किया। उनके मार्गदर्शन में डॉलर इंडस्ट्रीज 1700 करोड़ रुपये से अधिक के कारोबार वाली कंपनी बनी। हरियाणा के भिवानी जिले के मनहेरू गांव में 13 सितंबर 1937 को जन्मे गुप्ता ने 1962 में कोलकाता आकर होजरी व्यवसाय की शुरूआत की थी। वर्ष 1972 में उन्होंने डॉलर इंडस्ट्रीज की नींव रखी। उनके निधन पर जमशेदपुर सहित विभिन्न स्थानों के व्यापारियों ने गहरा शोक व्यक्त किया और इसे उद्योग जगत की अपूरणीय क्षति बताया।

## जस्टिस ऑन व्हील की गाड़ी पहुंची ग्राम डूमरडीह

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गुमला :** झालसा के निदेर्शानुसार' न्याय आपके द्वार ' के तहत जस्टिस ऑन व्हील व्हील गुमला जिले में भरमन के दौरान गुमला सदर तथा डूमरडीह होते केसीपारा ग्राम पहुंचा । जहां काफी ग्रामीण जनता गण उपस्थित थे । ग्रामीणों को संबोधित करते हुए स्थाई लोक अदालत के सदस्य श्री शंभू सिंह ने कहा कि झालसा के निदेर्शानुसार न्याय आपके द्वार के तहत जस्टिस ऑन बिल जिले के विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण कर लोगों को विधि जागरूकता देने का काम कर रहा है । साथ ही साथ सरकार द्वारा चलाए जा रहे योजनाओं को भी लोगों को बताया जा रहा है ताकि उसका लाभ ग्रामीण जनता को मिल मिल सके । श्री सिंह ने बाल विवाह, मानव तस्करी, स्पॉन्सरशिप



योजना तथा डीएलएसए से होने वाले लाभ के विषय में लोगों को विस्तृत जानकारी दी । लीगल एड डिफेंस काउंसिल के इंदू पांडे ने भी लोगों को घरेलू हिंसा और अन्य कानून संबंधी जानकारियां दी । साथ ही पैनल लॉयर सुधीर पांडे एवं सादिक अंसारी ने भी अपनी बातें रखी ।कार्यक्रम में मुख्य रूप से स्थानीय मुखिया पीएलबी राजेश सिंह, तेतरु उरांव, मिट्ठू गोप, शर्मा गोप एवं भारी संख्या में ग्रामीण जनता उपस्थित थे।

## बिना जेई के स्कूल भवन की ढलाई पर बवाल, जनप्रतिनिधियों ने रुकवाया काम



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार :** बरवाडीह प्रखंड मुख्यालय स्थित बालिका उच्च विद्यालय में निमार्णाधीन कमरों की छत ढलाई को लेकर लापरवाही का मामला सामने आया है। जानकारी के मुताबिक, संवेदक के मजदूरों द्वारा बिना जूनियर इंजीनियर की मौजूदगी के ही ढलाई का काम कराया जा रहा था, जिससे निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल उठने लगे।जैसे ही इस बात की खबर स्थानीय लोगों और जनप्रतिनिधियों तक पहुंची, जिला परिषद सदस्य संतोषी शेखर, विद्यालय के प्रधानाध्यापक शब्बीर खान और प्रबंधन समिति के सदस्य मौके पर पहुंचे। उन्होंने स्थिति पर नाराजगी जताते हुए कहा कि निर्माण कार्य तय मानकों के अनुसार और अभियंता की निगरानी में ही होना चाहिए।मामले को गंभीर मानते हुए मौके पर ही ढलाई का काम रुकवा दिया गया। साथ ही निर्देश दिया गया कि जब तक संबंधित अभियंता स्थल पर उपस्थित नहीं होते, तब तक कोई काम नहीं किया जाएगा।इधर, प्रखंड विकास पदाधिकारी रेखा रेशमा मिंज ने भी इस लापरवाही पर असंतोष जताया है। उन्होंने कहा कि सरकारी निर्माण कार्यों में गुणवत्ता और पारदर्शिता सबसे अहम है, इसलिए अभियंता की निगरानी अनिवार्य है।

## पंचपदी शिक्षण पद्धति को लेकर बैठक, नयी शिक्षा नीति पर भी हुआ मंथन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**



**लातेहार :** सरस्वती विद्या मंदिर में रविवार को पंचपदी शिक्षण पद्धति को लेकर एक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता विद्यालय के सचिव राजीव रंजन पांडे एवं प्रधानाचार्य उत्तम कुमार मुखर्जी ने संयुक्त रूप से की।बैठक के दौरान नई शिक्षा नीति 2020 और पंचपदी शिक्षण पद्धति के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। सचिव राजीव रंजन पांडे ने कहा कि शिक्षा केवल ज्ञान अर्जन का माध्यम नहीं, बल्कि व्यक्तित्व निर्माण का आधार है। उन्होंने विद्या से विनय आती है का उल्लेख करते हुए शिक्षकों को बच्चों में प्रभावी ढंग से ज्ञान संप्रेषण पर ध्यान देने की बात कही। साथ ही उन्होंने शिक्षकों को मानसिक और आध्यात्मिक संतुलन बनाए रखने के लिए नियमित ध्यान करने की सलाह दी।प्रधानाचार्य उत्तम कुमार मुखर्जी ने अपने संबोधन में नई शिक्षा नीति की विशेषताओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि शिक्षा का मुख्य उद्देश्य बच्चों की अवधारणाओं को स्पष्ट करना है। उन्होंने बताया कि नई शिक्षा नीति में पंचपदी शिक्षण पद्धति को अपनाया गया है, जिसमें लर्निंग ऑब्जेक्टिव और लर्निंग आउटकम्स पर विशेष जोर दिया गया है।

### कामरेड अतुल कुमार अंजान की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित



**मेदिनीनगर :** राष्ट्रीय किसान नेता अतुल कुमार अंजान की पुण्यतिथि पर अखिल भारतीय किसान सभा, अखिल भारतीय आदिवासी महासभा एवं इप्टा पलामू के संयुक्त तत्वावधान में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। वक्ताओं ने उन्हें किसानों के हितों के लिए संघर्षरत एक प्रतिबद्ध नेता बताते हुए उनके विचारों को आज भी प्रासंगिक बताया। अखिल भारतीय किसान सभा के राष्ट्रीय सचिव केडी सिंह ने कहा कि कामरेड अंजान किसानों के सशक्त नेता थे, जो हमेशा कहते थे–किसान देश के मेरुदंड हैं, किसान टूटेगा तो देश टूटेगा। उन्होंने कहा कि आज उनके विचारों को आगे बढ़ाते हुए किसान बचाओ-देश बचाओ के नारे के साथ कृषि उत्पादों पर एमएसपी सुनिश्चित करने तथा 60 वर्ष से अधिक उम्र के किसानों को 10,000 मासिक पेंशन की मांग को लेकर संघर्ष तेज करना होगा।

## भाजपा का धरना 06 मई को 16-17 को प्रशिक्षण वर्ग



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार :** भारतीय जनता पार्टी की जिला इकाई की संगठनात्मक बैठक रविवार को जिला कार्यालय में जिलाध्यक्ष वंशी यादव की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य वक्ता व मार्गदर्शक के रूप में पलामू के जिलाध्यक्ष सह कार्यक्रम प्रभारी नरेन्द्र पाण्डेय मौजूद रहे।बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि जनहित से जुड़े विभिन्न मुद्दों को लेकर 6 मई को जिला मुख्यालय पर भाजपा द्वारा विशाल धरना-प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा। इसके साथ ही कार्यकर्ताओं के वैचारिक सशक्तिकरण के उद्देश्य से 16 और 17 मई को दो दिवसीय जिला प्रशिक्षण वर्ग भी आयोजित करने की घोषणा की गई।नरेन्द्र पाण्डेय ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रशिक्षण वर्ग संगठन की वैचारिक नींव को मजबूत करने का अहम माध्यम है। उन्होंने कार्यकताओं से संगठनात्मक मजबूती और जनसंपर्क बढ़ाने पर जोर दिया।बैठक में मनिका के पूर्व विधायक सह प्रदेश कार्यसमिति सदस्य हरिकृष्ण सिंह, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजधनी प्रसाद यादव, जिला उपाध्यक्ष राकेश दुबे, ईश्वरी सिंह, अनिल सिंह, रेणु देवी, उषा देवी, जिला महामंत्री अमलेश सिंह, छोटू राजा, जिला मंत्री ध्रुव कुमार पांडेय, आशा लकड़ा, जिला कोषाध्यक्ष विष्णु देव गुप्ता, जिला कार्यालय मंत्री मनोज प्रसाद, भगवत सिंह सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### अभिभावक और शिक्षक मिल कर गढ़ें नौनिहालों का भविष्य

# शिशु वाटिका में सीखे गये कौशल को धरातल पर उतारना हमारा कर्तव्य : ओम

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गुमला :** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर,गुमला में आयोजित दो दिवसीय शिशु वाटिका कार्यशाला का आज समापन हुआ। यह कार्यशाला नन्हे बच्चों के सर्वांगीण विकास और खेल-खेल में शिक्षा देने की पद्धति पर केंद्रित रही। शिशु वाटिका की क्षेत्र प्रमुख मंजू श्रीवास्तव अपने ऑनलाइन संबोधन में अभिभावकों से जोर देकर कहा कि शिशु वाटिका केवल विद्यालय तक सीमित नहीं है घर पर माता-पिता की भूमिका इसमें अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने बच्चों के मनोवैज्ञानिक विकास और घर के वातावरण को शिक्षाप्रद



बनाने के गुर साझा किए। उन्होंने विद्यालय में दिए जाने वाले स्वर्ण प्राशन की उपयोगिता के जानकारी दी।कार्यशाला के दौरान अभिभावकों ने अपने बच्चों के साथ मिलकर एकाग्रता बढ़ाने वाली विभिन्न गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रायोगिक गतिविधियों के क्रम में विद्यालय के नन्हे-मुन्ने भैया-बहनों ने तरण ताल का आनंद लिया। जल-क्रीड़ा के माध्यम से बच्चों के शारीरिक विकास और उनके भीतर के डर को दूर करने का प्रयास किया गया।समापन सत्र को संबोधित करते हुए गुमला विभाग प्रमुख ओम प्रकाश सिन्हा ने दो दिनों की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा प्रशिक्षु दीदियों ने यहाँ जो शिक्षण कौशल और नवाचार सीखे हैं, अब समय आ गया है कि उसे धरातल पर उतारते हुए बच्चों के शिक्षण में प्रयोग किया जाए। विद्यालय प्रबंध समिति के सचिव विजय बहादुर सिंह पूरे कार्यक्रम के दौरान उपस्थित रहकर प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते रहे। उनकी गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यशाला के उद्देश्यों को और अधिक बल दिया।

**प्रधानाचार्य की भूमिका**

**विद्यालय** के प्रधानाचार्य जितेंद्र तिवारी ने पूरी कार्यशाला के सफल क्रियान्वयन में कुशल मार्गदर्शक की भूमिका निभाई। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इस तरह के प्रशिक्षण से शिक्षकों और अभिभावकों के बीच की दूरी कम होगी और बच्चों को एक बेहतर शैक्षिक आधार मिलेगा। उनके नेतृत्व में विद्यालय निरंतर नवाचारों को अपनाकर विद्यार्थियों के चहुंमुखी विकास के लिए प्रतिबद्ध है।

## लातेहार में शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुई राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार :** जिले में रविवार को राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (स्नातक स्तर) का आयोजन शांतिपूर्ण, पारदर्शी एवं नकल-विहीन वातावरण में संपन्न हुआ। इस महत्वपूर्ण परीक्षा के लिए पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय को परीक्षा केंद्र बनाया गया था, जहां प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक तैयारियां पूर्व से ही सुनिश्चित कर ली गई थीं। जिले में कुल 166 अभ्यर्थियों के लिए परीक्षा निर्धारित थी, जिनमें से 158 अभ्यर्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए, जबकि 8 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा केंद्र पर अभ्यर्थियों के प्रवेश से लेकर परीक्षा समाप्ति तक सभी प्रक्रियाएं निर्धारित नियमों के अनुसार व्यवस्थित ढंग से पूरी की गईं।परीक्षा के सफल संचालन को लेकर प्रशासन पूरी तरह सक्रिय और सतर्क रहा। डीडीसी सैय्यद रियाज अहमद,अपर समाहर्ता रामा रविदास, अनुमंडल पदाधिकारी अजय कुमार रजक तथा ज़िला शिक्षा पदाधिकारी प्रिंस कुमार सहित अन्य वरीय अधिकारियों ने परीक्षा केंद्र का औचक निरीक्षण कर सुरक्षा एवं



व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने कक्षों में जाकर परीक्षा प्रक्रिया को भी देखा और आवश्यक निर्देश दिए।परीक्षा केंद्र पर अभ्यर्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पेयजल, शौचालय, विद्युत आपूर्ति तथा बैठने की समुचित व्यवस्था की गई थी। सुरक्षा व्यवस्था के तहत पर्याप्त संख्या में सुरक्षा कर्मियों की तैनाती की गई थी, जिससे परीक्षा के दौरान अनुशासन बना रहा।पारदर्शिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से संपूर्ण परीक्षा प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी कराई गई। इसके अतिरिक्त केंद्र के भीतर और बाहर निगरानी की विशेष व्यवस्था रखी गई, ताकि किसी प्रकार की अनियमितता की संभावना समाप्त हो सके।

## एक झलक

### भेलूआ गांव के कुएं से कोबरा का सुरक्षित रेस्क्यू

**कुंडहित (जामताड़ा) :** रविवार को कुंडहित प्रखंड के भेलूआ गांव में वन विभाग की टीम ने एक कोबरा सांप को सुरक्षित रेस्क्यू किया। यह सांप गांव के संजय मंडल के कुएं में पाया गया था, जिसकी सूचना ग्रामीणों ने तत्काल वन विभाग को दी। सूचना मिलने पर वन विभाग की रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंची और सावधानीपूर्वक कोबरा सांप को कुएं से बाहर निकालकर सुरक्षित तरीके से रेस्क्यू किया। इसके बाद उसे प्राकृतिक आवास के रूप में सुरक्षित जंगल में छोड़ दिया गया। वन विभाग की टीम ने मौके पर मौजूद लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि सांप प्रकृति का अभिन्न हिस्सा हैं और पर्यावरण संतुलन में इनकी महत्वपूर्ण भूमिका होती है। इसलिए किसी भी वन्य जीव को नुकसान पहुंचाने के बजाय तुरंत वन विभाग को सूचना देनी चाहिए, ताकि उन्हें सुरक्षित स्थान पर छोड़ा जा सके। रेस्क्यू अभियान में प्रधान वनरक्षी दुर्गा किस्कू, रामकृष्ण बाउरी, उत्पल बाध्यकर, मोहन मुर्मू, लाइट हैम्ब्रम सहित वन विभाग की टीम के अन्य सदस्य और ग्रामीण उपस्थित रहे।

### बस की चपेट में आने से 37 वर्षीय व्यक्ति की मौत

**गुमला :** गुमला जिला के बिशनपुर पर संक्षिप्त क्षेत्र के कटिया गांव के रहनेवाले 37 वर्षीय कमलेश उरांव पिता कहरू उरांव की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई रविवार को पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल गुमला भेज दिया और मामले की छानबीन में जुट गया। मृतक के परिजन भाई सिकंदर उरांव ने पुलिस को जानकारी देते हुए बताया कि गांव से कुछ लोग के साथ में कमलेश भी मेहमानी के लिए गया था जहां से लौटने के दौरान शनिवार रविवार के रात करीब 9:45 में वह बोर्रांग दो मुहान नदी के समीप को बस से उतरकर वह बस को मोड़ने के लिए रास्ता दिखा रहा था।तभी चालक अंधेरा की वजह से नहीं देख पाया और यात्री बस श्याम रथ JH7E 2463 का चक्का पीछे से उसके ऊपर चढ़ गया। जिस वजह से घटनास्थल पर ही कमलेश के दर्दनाक मौत हो गई कमलेश अपने माता-पिता का इकलौता था और उसके पांच छोटे-छोटे बच्चे व पत्नी को अपने पीछे छोड़ गया इस घटना के बाद परिजनों में मातम का माहौल है और मुआवजा की गुहार लगाई है घटना के बाद बताया जाता है कि बस के चालक बस को छोड़कर मौके से फरार हो गया।

### शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न हुई नीट की परीक्षा

**बोकारो :** रविवार को राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा आयोजित नीट परीक्षा 2026 कदाचार रहित शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई।सुबह 10 बजे से ही जिले के परीक्षा केंद्रों के बाहर परीक्षार्थियों एवं उनके अभिभावकों की भीड़ जुटने लगी थी। एन.टी.ए. से प्राप्त निर्देशानुसार परीक्षा केंद्रों में परीक्षार्थियों का प्रवेश पूर्वाह्न 11 से 1.30 बजे तक दिया गया। सभी परीक्षार्थियों ने क्रमवार परीक्षा केंद्र में प्रवेश के बाद निबंधन कराया एवं बायोमेट्रिक अटेंडेंस के बाद परीक्षा कक्ष में गये। ससमय परीक्षा शुरू हुआ। जिले के सभी परीक्षा केंद्रों पर वरीय पदाधिकारी, दंडाधिकारी एवं पुलिस बल तैनात रहें। नियंत्रण कक्ष में भी पदाधिकारी दिन भर मुस्तैद रहें।

# विस्थापितों को बीएसएल आज देगी बड़ा तोहफा

## बीएसएल आज करेगी 96 विस्थापितों को टाउनशिप में दुकान आवंटित

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बोकारो :** बोकारो स्टील प्लांट विस्थापितों को आज बड़ा तोहफा देने जा रहा है। 96 विस्थापितों को टाउनशिप में दुकान आवंटित की जाएगी। किसको दुकान मिलेगी, ये लॉटरी से तय होगा। सबसे पहले सेक्टर 1 की दुकानों के लिए लॉटरी निकाली जाएगी।सेल के इतिहास में पहली बार बोकारो स्टील प्लांट दुकानों का आवंटन लॉटरी प्रक्रिया से विस्थापितों को करने जा रही है। 4 मई की सुबह 10 बजे से लॉटरी निकाली जाएगी। कुल 1589 आवेदन में से 1577 आवेदन योग्य पाए गए थे। लॉटरी प्रक्रिया के दौरान करीब 2




हजार लोगों की भीड़ होगी। इसको देखते हुए खास तैयारी की गई है। नगर सेवा भवन परिसर में सुबह 10 बजे से लॉटरी निकाली जाएगी। खास बात यह है कि विस्थापितों के हाथों से ही पर्ची निकाली जाएगी, ताकि कोई आरोप न लगा सके। भीड़ के बीच से ही लोगों को बुलाया जाएगा और बारी-बारी से पर्ची निकलयी जायेगी। सेक्टर 1 से शुरूआत होगी। इसके बाद सेक्टर 12 तक की दुकानों की पर्ची निकाली जाएगी। सेक्टर 3 व 4 में सबसे ज्यादा आवेदन हैं। इसी दो सेक्टर में करीब 300 से ज्यादा आवेदक हैं। बता दें कि बोकारो स्टील प्लांट के नगर प्रशासन के माध्यम से बोकारो स्टील सिटी के विभिन्न सेक्टरों में स्थित बीएसएल द्वारा निर्मित 96 दुकानों के आवंटन के लिए विस्थापितों से आवेदन मंगाए गए थे। प्रक्रिया के तहत कुल 1589 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिनमें से जांच के बाद 1577 आवेदन योग्य पाए गए थे। योग्य और अयोग्य आवेदकों की सूची 27 अप्रैल 2026 से नगर सेवा भवन परिसर में प्रदर्शित कर दी गयी थी।

## पुलिस अधीक्षक ने विभिन्न थानों का किया निरीक्षण, दिये दिशा-निर्देश

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बोकारो :** बोकारो पुलिस अधीक्षक द्वारा बीएस सिटी थाना, पिंडराजोरा थाना, पेटरवार थाना, कसमार थाना व जरीडीह थाना का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान थाना क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति ,सुरक्षा व्यवस्था, साफ-सफाई एवं सीरिस्ता के कार्यों की समीक्षा की गई। उपस्थित पदाधिकारियों से पूछताछ कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। आम जनता की समस्याओं का त्वरित व विधिवत समाधान करने का निर्देश दिया गया। सभी लंबित कांडों, वारंट, इस्तेहार व कुर्की का ससमय निष्पादन हेतु निर्देशित किया गया। पासपोर्ट, चरित्र सत्यापन संबंधित मामलों को समयबद्ध तरीके से निष्पादन



हेतु निर्देशित किया गया । प्रत्येक थाना में सप्ताह में एक दिन थाना दिवस का आयोजन अनिवार्य रूप से करने के संबंध में भी निर्देशित किया गया। साथ ही नीट परीक्षा के सफलतापूर्वक आयोजन के लिए सभी परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया गया व सुरक्षा,चेकिंग के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। उक्त बात की जानकारी बेरमो अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी वशिष्ठ नारायण सिंह ने दी।

## फायरिंग मामले में दो बदमाश हथियार के साथ गिरफ्तार

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**पूर्वी सिंहभूम :** बिष्टुपुर थाना क्षेत्र के धतकीडीह स्थित कुरैशी मुहल्ले में रविवार दोपहर को दिनदहाड़े हुई फायरिंग की घटना से इलाके में सनसनी फैल गई। बदमाशों ने गामा होटल के पास पहुंचकर हवाई फायरिंग की, जिससे आसपास के लोगों में दहशत का माहौल बन गया और अफरा-तफरी मच गई। लोग अपनी सुरक्षा के लिए इधर-उधर भागने लगे। घटना की सूचना



मिलते ही बिष्टुपुर थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और आसपास के क्षेत्रों में लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच शुरू की। फुटेज के आधार पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो बदमाशों को हथियार के साथ गिरफ्तार कर लिया। बताया जा रहा है कि इस घटना में 'गोरा' नामक एक अपराधी का नाम भी सामने आ रहा था। फायरिंग की घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। होटल संचालक की निशानदेही और मोबाइल लोकेशन के आधार पर पुलिस ने आरोपितों को दबोचा। पुलिस ने घटना में इस्तेमाल किए गए हथियार को भी बरामद कर लिया है। घटना को अंजाम देने के बाद बदमाश मौके से फरार हो गए थे, जिसके बाद पुलिस ने कपाली इलाके में भी छापेमारी की। फिलहाल गिरफ्तार आरोपितों से पूछताछ जारी है और फायरिंग के पीछे के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

## चतरा पुलिस ने लकड़ी और 282 किलोग्राम डोडा किया जब्त, एक तस्कर गिरफ्तार

**चतरा :** झारखंड के चतरा जिले में पुलिस ने तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दो अलग-अलग मामलों में लकड़ी और 282 किलोग्राम डोडा बरामद किया है। इस दौरान एक आरोपित को गिरफ्तार भी किया गया है। पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीपीओ) संदीप सुमन ने रविवार को प्रेस वार्ता में इसकी जानकारी दी। एसडीपीओ ने बताया कि पहली कार्रवाई गुप्त सूचना के आधार पर प्रतापपुर थाना क्षेत्र के सहरिया चौक के पास की गई। पुलिस को सूचना मिली थी कि मनातू की ओर से बिहार के रास्ते लकड़ी की तस्करी की जा रही है। सूचना मिलते ही पुलिस ने एक नीले रंग के ट्रैक्टर को रोका। तलाशी के दौरान ट्रॉली से 24 पीस लकड़ी के बोटे बरामद किए गए। हालांकि, पुलिस को देखते ही चालक ट्रैक्टर को खेत में छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने ट्रैक्टर और लकड़ी को जब्त कर लिया है। इस मामले में ट्रैक्टर मालिक राम विजय यादव और अज्ञात चालक के खिलाफ प्रतापपुर थाना कांड संख्या 42/2026 के तहत मामला दर्ज किया गया है। दूसरी कार्रवाई में पुलिस ने प्रतापपुर थाना क्षेत्र के बेलवादहर गांव में एक मालवाहक ऑटो को रोककर जांच की। तलाशी के दौरान धान की बोरियों के नीचे छिपाकर ले जाया जा रहा 282 किलोग्राम डोडा बरामद हुआ। यह खेप कुंदा से बिहार ले जाई जा रही थी। मौके से ऑटो चालक अजय कुमार साव (27) को गिरफ्तार कर लिया गया।

## तेज आंधी-बारिश से कथारा-गोमिया मुख्य सड़क पर गिरा विशाल पेड़, दो घंटे बाधित रहा यातायात

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गोमिया :** गोमिया प्रखंड के स्वांग दक्षिणी पंचायत अंतर्गत वन बी हजारी मोड़ के पास स्क्यूटिव हॉस्टल के निकट कथारा-गोमिया मुख्य सड़क पर शुक्रवार तेज आंधी-बारिश के दौरान सड़क किनारे एक विशाल पेड़ बीच सड़क पर गिर गया। पेड़ गिरने से मुख्य मार्ग पूरी तरह अवरुद्ध हो गया और यातायात ठप हो गया। करीब डेढ़ से पौने दो घंटे तक सड़क बाधित रहने के कारण दोनों ओर एक से डेढ़ किलोमीटर तक छोटे-बड़े वाहनों की लंबी कतार लग गई। यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। सूचना मिलते ही स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ता सह होम गार्ड मंटू यादव, अंबा टांड़ और



गवार्डीह गांव के आधा दर्जन युवा मौके पर पहुंचे। उन्होंने मथुरा यादव से जेसीबी मशीन मंगवाई और कई घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद पेड़ को सड़क से हटाकर आवागमन बहाल किया। इस दौरान गोमिया थाना पुलिस भी मौके पर मौजूद रही और यातायात व्यवस्था संभाली। स्थानीय लोगों ने बताया कि इसी सड़क पर आंधी-बारिश के कारण छोटे-बड़े करीब एक दर्जन पेड़ व सूखी डालियां भी गिरे थे। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि बरसात से पहले सड़क किनारे खड़े जर्जर व सूखे पेड़ों की पहचान कर उन्हें हटाया जाए, ताकि भविष्य में ऐसे हादसों से बचा जा सके। मौके पर मंटू यादव होम गार्ड, लखन यादव, अभिषेक यादव, मानु यादव, राहुल यादव, रबी यादव, शामिल थे।

## आउटसोर्सिंग कर्मियों का बकाया मानदेय भुगतान शीघ्र नहीं हुआ, तो स्वास्थ्य व्यवस्था होगी ठप : सीटू



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कोडरमा :** आउटसोर्सिंग कम्पनी कमांडो इंडस्ट्रियल सिक्युरिटी फोर्स हजारीबाग के अंतर्गत जिला के सदर अस्पताल एवं सभी प्रखण्डों के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में कार्यरत आउटसोर्सिंग कर्मियों को तीन माह से मानदेय भुगतान नहीं होने पर सीटू ने कंपनी की निंदा की है। सीटू के राज्य सचिव संजय पासवान ने कहा कि जल्द भुगतान नहीं हुआ तो कर्मियों को संगठित कर जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था को ठप किया जाएगा। आउटसोर्सिंग कम्पनी कमांडो के अंदर जिला में कम्प्यूटर ओपरेटर, सफाईकर्मी, टेक्नीशियन, एएनएम एवं जीएनएम आदि सैकड़ों कर्मचारी कार्यरत हैं। जिन पर जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था का दारोमदार है। जिन्हें राज्य सरकार द्वारा निर्धारित मानदेय नहीं दिया जा रहा है और न ही इन कर्मचारियों का ईएसआई कट रहा है। जो सीधे सीधे श्रम कानूनों का उलंघन है। दुर्भाग्य है कि जिन आला अधिकारियों के दिशा निर्देशों पर ये कर्मी काम करते हैं। सिविल सर्जन कोडरमा को इन कर्मियों के समस्याओं से कोई मतलब नहीं है। कर्मचारी भूखमरी के कगार पर हैं। जिसके कारण सुदखोर के जाल में फंस रहे हैं। दूसरी तरफ कमांडो के मालिक नवल सिहं द्वारा सरकार के पैसे से ऐस किया जा रहा है। हजारीबाग में अपनी बेटी की शादी में पचास करोड़ से ज्यादा रुपए खर्च किया और बॉलीवुड के अभिनेता गोविंदा को नचाया। लेकिन आउटसोर्सिंग कर्मियों को मानदेय देने के लिए उनके पास पैसा नहीं है। यह सीधा सीधा श्रम कानूनों और सरकार के दिशा निर्देशों का उल्लंघन है। जिला प्रशासन इस पर संज्ञान लेकर कर्मियों का भुगतान कराये अन्यथा कर्मचारी हड़ताल पर जाने को मजबूर होगें।

## अमेरिका, ईरान, इजराइल व मध्य पूर्व तनाव का असर

# लग्न सीजन में 12-25% बढ़ा शादी का बजट

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**झुमरीतिलैया :** लग्न के इस सीजन में शादी-ब्याह का बजट पिछले वर्षों की तुलना में काफी बढ़ गया है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अमेरिका, ईरान और इजराइल के बीच बढ़ते तनाव का असर अब स्थानीय बाजारों तक साफ दिखने लगा है। पेट्रोलियम उत्पादों की कीमतों में उछाल, सप्लाई चेन में बाधा और कच्चे माल की महंगाई के कारण शादी से जुड़े लगभग हर सामान के दाम बढ़ गए हैं। इसके चलते इस बार शादियां पिछले होली पूर्व के सीजन की तुलना में करीब 12 से 25 प्रतिशत तक महंगी हो गई हैं।स्थिति यह है कि जिन परिवारों ने शादी के लिए करीब 15 लाख रुपये का बजट तय किया था, उन्हें अब 2 से 3 लाख रुपये अतिरिक्त खर्च करने पड़ रहे हैं। महंगाई का सबसे ज्यादा असर मध्यम वर्गीय परिवारों पर पड़ रहा है, जो सीमित बजट में शादी करने की योजना बनाते हैं।

> पेट्रोल-डीजल महंगा, सप्लाई प्रभावित
> मध्यम वर्ग पर सबसे ज्यादा दबाव
> खर्च में कटौती को मजबूर

**खर्च घटाने को मजबूर परिवार**

**बढ़ते** खर्च के कारण लोग अब शादी में कटौती के विकल्प अपना रहे हैं। मेन्यू सीमित करना, मेहमानों की सूची घटाना, उपहारों की कीमत कम करना और सजावट को साधारण रखना आम हो गया है। इसके अलावा कई परिवार अब दो-तीन दिन तक चलने वाले कार्यक्रमों को एक ही दिन में पूरा करने का विकल्प भी चुन रहे हैं।

**हर सेक्टर में बढ़े दाम**

**महंगाई** का असर कपड़ा, इलेक्ट्रॉनिक्स, सरार्फा, बर्तन, ऑटोमोबाइल, फर्नीचर, मेकअप, ब्यूटी पार्लर, होटल, बैंक्वेट हॉल, कैटरिंग और हलवाई जैसे सभी क्षेत्रों में देखने को मिल रहा है। एसी, फ्रिज, कूलर, एलईडी, फर्नीचर, चार पहिया वाहन, अलमारी, पंखा, घड़ी समेत दहेज में दी जाने वाली वस्तुओं की कीमतों में भी इजाफा हुआ है।

**बाजारों में बढ़ी रौनक**

**महंगाई** के बावजूद शादी के सीजन को लेकर बाजारों में भीड़ बढ़ गई है। स्टेशन रोड, रांची-पटना रोड, जैन मंदिर गली, झंडा चौक, पूर्णिमा टॉकीज, महाराणा प्रताप चौक और सुभाष चौक सहित शहर के प्रमुख बाजारों में खरीदारी जोरों पर है। साड़ियां, लहंगे, रेडीमेड परिधान, वेस्टर्न ड्रेस, कुर्ता-पायजामा और सजावटी सामानों की अच्छी खासी वैरायटी उपलब्ध है। व्यापारियों के अनुसार ग्राहकों की संख्या में बढ़ोतरी से बाजार में उत्साह है, लेकिन महंगाई के कारण खरीदारी का पैटर्न बदल गया है।

## कुंजविलास के साथ 24 पहर हरिनाम संकीर्तन का हुआ समापन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कुंडहित (जामताड़ा) :** रविवार को कुंडहित प्रखंड के बनकाटी पंचायत अंतर्गत रामपुर गांव में 24 पहर हरि नाम संकीर्तन कुंज विलास गान के साथ संपन्न हो गया। बताते चलें प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी रामपुर दुर्गा मंदिर प्रांगण में 24 पहर हरि नाम संकीर्तन का आयोजन किया गया था। इस वर्ष बीरभूम निवासी शांति मंडल ने अपने मधुर कंठ से कीर्तन गान प्रस्तुत कर सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया। कीर्तनीया श्री शांति मंडल ने कीर्तन गान के माध्यम से लोगों को समझाया कि कलयुग में मनुष्य का आयु बहुत ही कम है इसलिए समय रहते हुए सही मार्ग पर चलना चाहिए जीवो के प्रति प्रेम एवं दया का भाव रखना चाहिए क्योंकि सभी जीवो का निर्माण श्री हरि ने ही बनाया है। कलयुग में श्री हरि को पानी का एकमात्र सरल उपाय हरि नाम संकीर्तन है। इसलिए सभी को हरि नाम



संकीर्तन सुनना चाहिए एवं दूसरे को सुनने के लिए प्रेरित करना चाहिए। क्योंकि हरि नाम संकीर्तन सुनने से मनुष्य पाप से मुक्ति पाते है तथा सही मार्ग पर चलना सीखते हैं। श्री मंडल ने आगे कहा की हम लोगों को घर में भगवान रूपी माता-पिता का सेवा करना चाहिए इससे भगवान प्रसन्न होते हैं तथा उन्हें अपने चरणों में स्थान देते हैं। कीर्तन समाप्ति के बाद सभी भक्तजनों को महाप्रसाद का सेवन कराया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व जिला परिषद सदस्य भजहरी मंडल तथा रामपुर सोलह आना कमेटी के सदस्य गण तथा हजारों भक्तजन उपस्थित थे।

## विश्व प्रेस दिवस पर पत्रकार सम्मान समारोह का भव्य आयोजन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**झुमरी तिलैया :** मारवाड़ी युवा मंच एवं प्रेरणा शाखा के संयुक्त तत्वावधान में विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शहर में एक भव्य पत्रकार सम्मान सभा का आयोजन किया गया। इस गरिमामय कार्यक्रम में लोकतंत्र के चौथे स्तंभ माने जाने वाले 30 पत्रकार बंधुओं को अंगवस्त्र, गुलाब पुष्प एवं स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन मंच के जॉइंट सेक्रेटरी अधिवक्ता विकास जैन ने कुशलतापूर्वक किया। समारोह के दौरान शाखा अध्यक्ष युवा मोहित संघई ने पत्रकारों की साहसिकता, निष्पक्षता एवं समाज के प्रति उनकी अहम भूमिका की



सराहना करते हुए कहा कि मीडिया समाज का आईना है, जो सच्चाई को सामने लाने का कार्य करता है। उन्होंने अपने उद्बोधन में एक प्रेरणादायक कविता भी प्रस्तुत की– 'कलम उठी तो सच की कहानी लिखेगी,झूठ के हर चेहरे को बेनकाब करेगी। मीडिया की ताकत को समझो जनाब, ये खामोश रहकर भी बगावत करेगी।' कार्यक्रम के दौरान हाल ही में बरगी डैम में हुई दुखद नाव दुर्घटना में दिवंगत लोगों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की गई तथा उनकी आत्मा की शांति के लिए एक मिनट का मौन रखा गया। इस अवसर पर कुमार रमेशम, संतोष कुमार, ओमप्रकाश, रविंद्र शांडिल्य, भोला शंकर सिंह, अरुण बर्णवाल, आर्यन श्रीवास्तव, सुजल भदानी, राहुल सिंह, चन्द्रशेखर जोशी, अमित कुमार सिंह, अरुण सूद, गजेंद्र कुमार, सचिन यादव, रितेश लोहानी, मुकेश गोस्वामी, संजय साजन, विजय यादव, कुन्तलेश पांडेय, लखन सिंह, रामकुमार, अजय पांडेय, मनोज पाण्डेय, रवि छाबड़ा, पियुष सिंह, अमरेश कुमार, सचीन यादव, सहित अन्य पत्रकारों ने भी अपने विचार व्यक्त किए और मीडिया की भूमिका पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में मंच के सचिव अतुल खेतान, कोषाध्यक्ष महावीर खेतान, सह सचिव विकास जैन, प्रांतीय युवा भवन संयोजक राज पचीसिया, प्रेरणा शाखा की उपाध्यक्ष आर्ची जैन, सचिव प्रिया अग्रवाल, प्रांतीय मंडल-1 सहायक श्रेया केड़िया, जीव दया संयोजक सारिका लड्ढा, राहुल जैन,सीए प्रदीप हिसारिया सहित मंच के सदस्य रोहित संघई, आकाश जैन, अभिषेक गुप्ता, पीयूष साहल, सौरव जैन, आदि की उपस्थिति रही।

## डीएसओ की चिट्ठी से मचा हड़कम्प पीडीएस दुकानदारों के बीच बढ़ा विवाद

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**



**गढ़वा/डंडई :** प्रखंड क्षेत्र के बैरिया दामर गांव में जन वितरण प्रणाली (पीडीएस) से जुड़ा एक मामला सामने आने के बाद दुकानदारों के बीच हड़कंप मच गया है। सफीक अंसारी नामक पीडीएस दुकानदार ने करीब 1 से डेढ़ वर्ष बाद खाद्यान्न को लेकर जिला आपूर्ति पदाधिकारी (डीएसओ) देवानंद राम को लिखित आवेदन दिया है। अपने आवेदन में सफीक अंसारी ने दूसरे पीडीएस दुकानदार महाजुद्दीन अंसारी से 35 क्विंटल खाद्यान्न दिलाने की मांग की है। इस पर कार्रवाई करते हुए डीएसओ ने महाजुद्दीन अंसारी को पत्र जारी कर दो दिनों के भीतर लिखित स्पष्टीकरण देने का निर्देश दिया है। डीएसओ की चिट्ठी मिलते ही महाजुद्दीन अंसारी सकते में आ गए। उन्होंने कहा कि डेढ़ वर्ष बाद खाद्यान्न की मांग उठाना एक सोची-समझी रणनीति प्रतीत होती है। उनका कहना है कि यदि किसी दुकानदार का खाद्यान्न बकाया रहता है, तो वह तत्काल इसके लिए सक्रिय रहता है, लेकिन इतने लंबे समय तक चुप रहना सवाल खड़े करता है। महाजुद्दीन ने बताया कि जब सफीक अंसारी की दुकान निलंबित हुई थी और उसे उनके दुकान से टैग किया गया था, उस समय सफीक पर भारी मात्रा में खाद्यान्न की देनदारी (लायबिलिटी) थी। बावजूद इसके, न तो सफीक ने अब तक कोई खाद्यान्न लौटाया और न ही विभाग की ओर से दिलवाया गया। उन्होंने यह भी कहा कि डीएसओ की चिट्ठी में 'खाद्यान्न देने की सहमति' का उल्लेख पूरी तरह गलत है। 'जब मुझे एक छटाक भी खाद्यान्न प्राप्त नहीं हुआ, तो मैं ऐसी सहमति कैसे दे सकता हूं,' उन्होंने सवाल उठाया। महाजुद्दीन ने विभागीय आदेश का सम्मान करने की बात कही, लेकिन साथ ही यह भी आरोप लगाया कि 256 क्विंटल खाद्यान्न गबन के आरोप में निलंबित सफीक अंसारी का मामला अब भी न्यायालय में विचाराधीन है। ऐसे में उनकी दुकान को पुनः चालू किए जाने पर भी उन्होंने सवाल खड़े किए हैं।

## रविदास समाज की सशक्त कमिटी का हुआ गठन, कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रकाश रजक ने कहा

# 'शिक्षित और संगठित होकर ही मिलेगी हक की लड़ाई में जीत'

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कोडरमा :** कोडरमा प्रखंड के गरायडीह ग्राम में रविदास समाज की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में दलित उत्पीड़न संघर्ष समिति के जिला उपाध्यक्ष सह कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रकाश रजक ने विशेष रूप से शिरकत की। बैठक की अध्यक्षता समाज के वरिष्ठ सदस्यों ने की, जबकि कार्यक्रम का सफल संचालन सुजीत दास ने किया। बैठक को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रकाश रजक ने कहा कि लंबे समय से समाज के लोग बिखरे हुए थे, लेकिन अब नई सोच और नई ऊर्जा के साथ एक सशक्त मंच तैयार किया गया है। प्रकाश रजक ने बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के मंत्र शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करोऱ को दोहराते हुए कहा कि समाज को अपने हक और अधिकार के लिए एकजुट होकर लड़ने की आवश्यकता है। उन्होंने समाज में व्याप्त कुरीतियों और अंधविश्वास पर प्रहार करते हुए



कहा कि जब तक समाज अंधविश्वास की बेड़ियों से बाहर नहीं निकलेगा, तब तक सर्वांगीण विकास संभव नहीं है। उन्होंने युवाओं से आगे आकर समाज को नई दिशा देने की अपील की।

**नयी कार्यकारिणी का गठन**
**राजू दास बने अध्यक्ष**

**बैठक** में सर्वसम्मति से समाज की मजबूती के लिए 17 सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया। नवनियुक्त अध्यक्ष राजू दास ने जिम्मेदारी संभालते हुए कहा कि वे समाज को एक सूत्र में बांधने का हर संभव प्रयास करेंगे और आपसी विवादों का निपटारा समाज के बीच बैठकर ही करने की पहल करेंगे। कार्यकारिणी के मुख्य पदाधिकारी : अध्यक्ष : राजू दास,उपाध्यक्ष : मंजू देवी, सचिवः अनीता देवी, कोषाध्यक्ष : विकास दास, संयोजक : रामादास बैठक को संबोधित करने वालों में सोनू दास, महेंद्र दास, संजय दास, अमित दास, विकास दास, कामेश्वर दास और रवि दास प्रमुख रहे। सभी वक्ताओं ने एक स्वर में समाज को मजबूत बनाने और शिक्षा पर जोर देने की बात कही। कार्यक्रम में रामचंद्र दास, दिनेश दास, बाजू दास, अजय दास, नारायण दास, वीरू दास, उमेश दास, कौशल्या देवी, शीला देवी, चंदवा देवी, केसिया देवी, दुलारी देवी, रेखा देवी, बेबी देवी, रिंकी देवी और कुंती देवी सहित समाज के अन्य सम्मानित सदस्य मौजूद थे। अंत में मंजू देवी ने धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन किया।

## बीएसएल सुरक्षा विभाग टीम ने काटा अवैध बिजली कनेक्शन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बोकारो :** सेक्टर 12 कर्पूरी चौक के समीप स्थित खटाल वासियों द्वारा अवैध रूप से पोल से बिजली कनेक्शन लिया गया था जिसकी जानकारी मिलते ही बीएसएल नगर सेवा भवन के सुरक्षा विभाग के डि जी एम कर्नल आर शेखावत के नेतृत्व में टीम ने इन अवैध बिजली कनेक्शन को काटा और हिदायत दिया कि अगर दुबारा अवैध कनेक्शन लिया गया तो अब होगी विभागीय कार्रवाई, साथ ही बीएसएल के कुछ आवास में अवैध रूप से रह रहे लोगों को खाली करने की चेतावनी दी गयी। बताते चले कि सेक्टर 12 ए के आवास संख्या 1581 से 1590 आवास धारियों ने इन खटाल वासियों द्वारा लिए गए अवैध बिजली कनेक्शन सहित बीएसएल प्लांट द्वारा निर्मित नाली में कूड़ा कचड़ा फेंकने से नाली जाम होने से नाली के गंदे पानी इन ब्लॉकों में प्रवेश करने की लिखित शिकायत नगर सेवा भवन के मुख्य महाप्रबंधक से की थी जिसकी प्रतिलिपि बीएसएल प्लांट के निर्देशक प्रभारी, सुरक्षा विभाग, संचार प्रमुख आदि को दिया था। इन समस्याओं को एक दैनिक अखबार ने प्रकाशित भी किया था। नाली के गंदे पानी इन ब्लॉकों में प्रवेश ना करे इसके लिए नाली की दीवार को ऊंचा करने की भी लिखित आवेदन में शिकायत की गयी थी।

## एक झलक

### अंतरराष्ट्रीय प्रेस स्वतंत्रता दिवस पर सम्राट चौधरी ने पत्रकारों को दी बधाई

**पटना :** अंतरराष्ट्रीय प्रेस स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने पत्रकारों को बधाई दी है।सोशल मीडिया पर पोस्ट किया। पोस्ट के साथ उन्होंने पत्रकारों को शुभकामनाएं देने वाली एक तस्वीर भी साझा की है। पोस्ट करते हुए उन्होंने लिखा है- अंतरराष्ट्रीय प्रेस स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सभी पत्रकार बंधुओं को हार्दिक शुभकामनाएं। लोकतंत्र की मजबूती में स्वतंत्र और निष्पक्ष पत्रकारिता की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। आपकी कलम सच्चाई, पारदर्शिता और जनहित की आवाज बनकर समाज को जागरूक करती रहे, साथ ही आपकी जनहित के प्रति सदैव प्रतिबद्धता बनी रहे, इसी विश्वास के साथ आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएं...।

### सड़क दुर्घटना में चार की मौत, मुख्यमंत्री ने जताया शोक

**मुजफ्फरपुर :** बिहार में मुजफ्फरपुर जिले के मोतीपुर थाना क्षेत्र के एनएच-27 पर रतनपुरा के पास रविवार को हुई सड़क दुर्घटना में चार लोगों की मौत हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और उसमें सवार सभी चार लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया और स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना मिलते ही मोतीपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। साथ ही दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को सड़क से हटाकर यातायात बहाल कराया गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कार चालक अचानक सामने आए बाइक सवार को बचाने की कोशिश कर रहा था। इसी दौरान वाहन का संतुलन बिगड़ गया और कार सीधे सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकरा गई। मृतकों में मोतीपुर के साढा डम्बर निवासी 35 वर्षीय कृष्णा राय और 17 वर्षीय छोटू कुमार की पहचान हो चुकी है, जबकि दो अन्य मृतकों की पहचान अब तक नहीं हो सकी है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने मुजफ्फरपुर जिला के मोतीपुर थाना क्षेत्र के रतनपुर में सड़क दुर्घटना में 4 लोगों की हुई मौत शोक संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने इस घटना को काफी दुखद बताया है। मुख्यमंत्री ने शोक संतप्त परिवारों को दुख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है। उन्होंने मृतकों के आश्रितों को आपदा प्रबंधन विभाग से 4-4 लाख रुपए अनुग्रह अनुदान देने का निर्देश दिया है।

### गोलीकांड का मुख्य आरोपी मुठभेड़ में ढेर

**सीवान :** बिहार में सीवान नगर थाना क्षेत्र के आंदर ढाला के समीप 29 अप्रैल 2026 को हुए चर्चित गोलीकांड में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी को मुठभेड़ में ढेर कर दिया। बड़हरिया थाना क्षेत्र के लकड़ी के पास पुलिस और अपराधी के बीच हुई भिड़ंत में 25 हजार का इनामी सोनू कुमार यादव मारा गया। मृतक सोनू यादव, हुसैनगंज थाना क्षेत्र के सरेया गांव निवासी गरजू यादव का पुत्र था और इसी गोलीकांड का मुख्य शूटर बताया जा रहा था। आरोप है कि उसी ने हर्ष कुमार को गोली मारकर हत्या की थी, जबकि भाजपा नेता मनोज सिंह के बहनोई चन्दन सिंह इस हमले में गंभीर रूप से घायल हुए थे। पुलिस के अनुसार, सूचना मिली थी कि अपराधी किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में बड़हरिया की ओर जा रहा है। एसपी पुरन कुमार झा के निर्देश पर एसडीपीओ अजय कुमार सिंह के नेतृत्व में टीम गठित की गई। जैसे ही पुलिस ने घेराबंदी की, अपराधी ने फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल लाई, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस मामले में पहले ही छोटू यादव को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया जा चुका है।

# सांसद सांस्कृतिक महोत्सव सह स्वदेशी मेला का समापन

■ वंदे मातरम् के गौरवशाली 150 वर्ष पूर्ण होने पर यह महोत्सव रखा गया था

■ रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम से सांसद सांस्कृतिक महोत्सव का हुआ समापन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** आड्रे हाउस में तीन दिवसीय सांसद सांस्कृतिक महोत्सव सह स्वदेशी मेला का समापन रविवार को हो गया। मेले 1मई से आड्रे हाउस में शुरू हुआ। मौके पर केंद्रीय कानून मंत्री श्री अर्जुन राम मेघवाल बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। उनका अभिनंदन स्वागत अंग वस्त्र ,मोमेंटो देकर किया गया। बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम अद्भुत अलौकिक पर मेघवाल जी खुशी जाहिर करते हुए बच्चों को बधाई , शुभकामनाये दी एवम प्रतियोगिता में भाग लेने वाले स्कुल के कलाकारों के बीच पुरस्कार का वितरण किया।

**पग घुंघरू बांध मीरा नाची रे**

उन्होंने स्वामी विवेकानंद जी ओर मीरा बाई के चरित्र का वर्णन करते हुए भजनों की प्रस्तुति दी

**प्रभु मेरे अवगुण चित ना धरो**

मेघवाल ने अपने संबोधन में कहा कि 1 मई को बुद्ध पूर्णिमा के दिन महोत्सव प्रारंभ हुआ। आज समापन उत्सव हम मना रहे है।लेकिन कल भी हम उत्सव मनाएंगे व कल का दिन उत्सव का दिन रहेगा। उन्होंने सफल आयोजन के लिए सांसद रक्षा राज्य मंत्री सहित सभी लोगों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी ।उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन स्थानीय कलाकारों के संग लोगों के लिए प्रेरणा का स्तंभ बनेगा। झारखंड के प्रथम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी भी सांसद सांस्कृतिक महोत्सव सह स्वदेशी मेला के आयोजन में शामिल हुए। उन्होंने महोत्सव के सफल आयोजन पर सांसद सर केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ को बधाई और शुभकामनाएं दी उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम सचमुच बहुत ही अच्छा कार्यक्रम है आने वाले समय मे एक उदाहरण कायम करेगा ।इस आयोजन के जरिये घरेलू उत्पाद को बढ़ावा मिलेगा एवम उत्पादों को लोकल बाजार में जगह मिलेगी। उन्होंने कहा कि स्वदेशी को जीवन में उतरना होगा। हम सभी कोशिश करे की मोटे अनाज का सेवन करें। इस अवसर पर भाजपा के संगठन मंत्री कर्मवीर जी, महापौर रोशनी खलको, उपमहापौर नीरज कुमार,महानगर अध्यक्ष वरुण साहू,पूर्व राज्य सभा सांसद अजय मारू भी मौजूद थे। तीन दिवसीय सांसद सांस्कृतिक महोत्सव स्वदेशी मेला के समापन अवसर पर केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने बताया की 125 स्टॉल लोगो को निःशुल्क उपलब्ध कराया गया है। जो पूर्णत स्वदेशी को समर्पित है। उन्होंने कहा झारखंड की संस्कृति, पहचान, विविधता, परंपरा, लोक कला साथ ही यहां के लोक नृत्य संगीत को एक ही छत के नीचे कला संस्कृति के माध्यम से उनका संरक्षण और संवर्धन के लिए स्थानीय कलाकारों को प्रोत्साहित करने का वृहद अलौकिक, सुंदर कार्य सांसद सांस्कृतिक महोत्सव स्वदेशी मेला के माध्यम से किया गया है, जो हमारे स्वदेशी कला संस्कृति और यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को साकार करने का एक सशक्त माध्यम भी है । तीन दिनों में हजारों लोगों ने सांसद सांस्कृतिक महोत्सव सह स्वदेशी मेले का आनंद लिया।

**स्वदेशी मेले में स्थानीय उत्पादक की थी बिक्री**

महिलाओं के द्वारा निर्मित पापड़, खजला, बड़ी, मंगोड़ी, विभिन्न प्रकार के अचार, ब्लैक राइस, रेड राइस, एनर्जी चॉकलेट मडुवा के लड्डू ,रागी की कुकीज, चॉकलेट सहित कई उत्पाद की लोगो ने खरीददारी की। इसी के साथ हर्बल मसाला, घरेलू दवा, मेटल की तस्वीर, जूट बैग,उन से बने हैंडमेड फ्लावर, लिपिन आर्ट, ब्लू कार्ड पेंटिंग की तस्वीर आदि भी विक्रय के लिए सही मूल्य पर मिल रही थी। अन्न आहार कुटीर में झारखंड के पारंपरिक वयन्जनो सहित मोटे अनाज से बने मड़वा समोसा,मड़वा चोप, निमकी, भुजिया चॉकलेट ,बिस्किट जैसे खाद्य पदार्थ को लोगों ने आनंद उठाया। रांची के ईशान सिंह ने तैरने का 10 घंटे का वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया है।

## सतगावां थाना प्रभारी के तबादले पर भावुक विदाई

# पुलिसकर्मियों, जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने दी भावभीनी विदाई



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**सतगावां :** सतगावां थाना प्रभारी के तबादले के बाद रविवार को थाना परिसर में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान पुलिसकर्मियों,जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने उन्हें भावभीनी विदाई दी।समारोह में वक्ताओं ने कहा कि थाना प्रभारी सौरभ कुमार शर्मा ने अपने कार्यकाल के दौरान सतगावां क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ रखने में अहम भूमिका निभाई।अपराध पर लगाम लगाने के साथ-साथ जनता से संवाद और सहयोग बढ़ाने पर जोर दिया पुलिसकर्मियों ने बताया कि थाना प्रभारी हमेशा अधीनस्थों के साथ मित्रवत व्यवहार करते थे और मुश्किल समय में मार्गदर्शन करते थे।ग्रामीणों ने भी उनके कार्यकाल की सराहना करते हुए कहा कि उनकी मौजूदगी में थाना में शिकायत लेकर आने वालों को राहत मिली।विदाई समारोह में भावुक होते हुए थाना प्रभारी ने कहा, सतगावां मेरे लिए सिर्फ पोस्टिंग नहीं, परिवार जैसा रहा। यहां की जनता का प्यार और सहयोग हमेशा याद रहेगा। जहां भी रहूंगा, सतगावां को नहीं भूलूंगा। उन्होंने पुलिस टीम, जनप्रतिनिधियों और क्षेत्रवासियों का आभार जताया और नई जिम्मेदारी को निष्ठा से निभाने का भरोसा दिलाया।इस अवसर पर थाना के अन्य पुलिसकर्मी, चौकीदार और स्थानीय जनप्रतिनिधि भी उपस्थित थे। सभी ने थाना प्रभारी को नए कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दीं और शॉल ओढाकर,भगवान श्रीराम राम की तस्वीर देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर एसआई रौशन पासवान,श्रवण राम,बृजनंदन यादव,मुखिया संघ अध्यक्ष उत्तम सिंह,मुखिया मंटू चौधरी,वीरेंद्र राय,पंसस रणधीर कुमार,भोला प्रसाद वर्णवाल,भाजपा नेत्री ब्यूटी कुमारी,झामुमो छात्र मोर्चा जिला अध्यक्ष अखिलेश यादव,,प्रणव मुरारी,पंसस प्रतिनिधि विवेक पाण्डेय,अमित अग्रवाल,पत्रकार संघ अध्यक्ष मुन्ना यादव,सुधीर सिंह,विकास पाण्डेय, प्रवीण यादव, आकाश यादव, विक्रम यादव, सुबोध यादव,प्रदीप यादव सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे ।

# मई दिवस : रजरप्पा क्षेत्र ने जीते कई प्रतिष्ठित पुरस्कार



■ सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड, मुख्यालय, रांची में आयोजित मई दिवस समारोह एवं पुरस्कार वितरण 2026 में रजरप्पा क्षेत्र ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कई महत्त्वपूर्ण पुरस्कार किये अपने नाम ।

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रजरप्पा(रामगढ़) :** रजरप्पा क्षेत्र को उत्कृष्ट सीएसआर गतिविधियों के लिए सर्वश्रेष्ठ एरिया अवार्ड से सम्मानित किया गया है। साथ हीं ड्रिल्स में उच्चतम उपयोग के लिए भी सर्वश्रेष्ठ क्षेत्र घोषित किया गया। वहीं, रजरप्पा ओसीपी को बेस्ट ओसी माइन (ग्रुप-ए) श्रेणी में अधिकतम क्षमता उपयोग हेतु प्रथम पुरस्कार प्रदान किया गया । व्यक्तिगत उपलब्धियों में रजरप्पा क्षेत्र के कर्मियों ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। ड्रिल ऑपरेटर श्रेणी में महेंद्र पासी ने प्रथम एवं रामलाल मांझी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त कॉन्ट्रैक्टर वर्कर श्रेणी में नित्यानंद सिंह एवं दीपक कुमार ने भी उल्लेखनीय प्रदर्शन कर सम्मान प्राप्त किया। उपरोक्त पुरस्कार सीएमडी नीलेन्दु सिंह सहित सभी निदेशक मण्डल तथा मुख्य सतर्कता अधिकारी द्वारा प्रदान किया गया। इस अवसर पर महाप्रबंधक, रजरप्पा क्षेत्र राजीव सिंह, स्टाफ ऑफिसर (उत्खनन) एस. के. सिन्हा, उप प्रबंधक (उरफ) आशीष झा, एरिया सेफ्टी ऑफिसर एस. के. चौधरी, प्रोजेक्ट अभियंता अमित दयाल, प्रबंधक चंद्रशेखर आजाद, वरीय प्रबंधक अनंत तिवारी सहित विजय ठाकुर, एस. एस. रवानी एवं चरितर राम उपस्थित थे।

## भाजपा का दो दिवसीय जिला प्रशिक्षण वर्ग 05 मई से, सम्राट चौधरी करेंगे उद्घाटन



**एजेंसी**

**पटना :** भारतीय जनता पार्टी द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 के अंतर्गत मुंगेर में दो दिन एवं एक रात्रि का जिला स्तरीय प्रशिक्षण वर्ग सरस्वती विद्या मंदिर, मुंगेर में आयोजित किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण वर्ग पार्टी संगठन को और अधिक सशक्त एवं कार्यकताओं को दक्ष बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। प्रशिक्षण वर्ग का उद्घाटन पांच मई को बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी द्वारा किया जाएगा। वे इस अवसर पर उपस्थित कार्यकताओं को संबोधित करते हुए संगठन और सरकार में समन्वय तथा हमारी जिम्मेदारी, कार्य विस्तार की हमारी दृष्टि पर अपनी बात रखेंगे। इसके अलावा वे सरकार की सफलता को लेकर भी कार्यकताओं को बताएंगे। भाजपा के प्रदेश प्रशिक्षण प्रमुख और बिहार संस्कृत शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष मृत्युंजय कुमार झा ने बताया कि सरस्वती विद्या मंदिर में आयोजित इस कार्यक्रम को लेकर जोरशोर से तैयारियाँ चल रही हैं। दो दिवसीय इस प्रशिक्षण वर्ग में जिले के सभी कार्यकर्ता शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि इस प्रशिक्षण वर्ग को लेकर कार्यकताओं में उत्साह है। उन्होंने बताया कि इस प्रशिक्षण वर्ग को भव्य बनाने के लिए जिला के पदाधिकारी लगे हुए हैं। उन्होंने बताया कि इस प्रशिक्षण वर्ग में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी सहित पार्टी के कई वरिष्ठ नेता कार्यकताओं को मार्गदर्शन के लिए मुंगेर आएंगे। इस प्रशिक्षण वर्ग में प्रदेश के कई पदाधिकारी भी कार्यकताओं को संगठन, आदर्श एवं नैतिकता का पाठ पढ़ाने के लिए पहुंचेंगे। उन्होंने बताया कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता राष्ट्र सर्वोपरि के सिद्धांत के साथ कार्य करता है और यह प्रशिक्षण उसी भावना को और मजबूत करने का माध्यम है। इस प्रशिक्षण वर्ग के माध्यम से संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूती प्रदान करने तथा आगामी समय में जनसंपर्क अभियान को गति देने की योजना है। प्रदेश प्रशिक्षण प्रमुख ने बताया कि बिहार के सभी 52 सांगठनिक जिलों में जिला स्तरीय प्रशिक्षण वर्ग आयोजित किए जा रहे हैं। राज्य में 1420 मंडलों के प्रशिक्षण पूर्ण होने के बाद 2 मई से बिहार में जिला प्रशिक्षण वर्ग की शुरूआत की गई है। प्रशिक्षण वर्ग में कार्यकताओं को केंद्र सरकार की गरीब कल्याणकारी योजनाओं एवं बिहार सरकार के विकास कार्यों की जानकारी दी जाएगी, ताकि वे इन उपलब्धियों को जन-जन तक प्रभावी ढंग से पहुंचा सकें। झा ने कहा कि यह अभियान पूरे देश में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026ह्व के रूप में चलाया जा रहा है, जिसके अंतर्गत प्रत्येक जिले में प्रशिक्षण वर्ग आयोजित किए जा रहे हैं।

## सतयारी पूजा स्थल में झंडा बदली कार्यक्रम का आयोजन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** हेंसल पिस्का मोड़ स्थित सतयारी पूजा स्थल में झंडा बदली कार्यक्रम का आयोजन अध्यक्ष जितू तिर्की के नेतृत्व में श्रद्धा और उल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत गांव की महिलाओं द्वारा पूजा-अर्चना एवं सरना भजन के साथ हुई, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। इस अवसर पर गांव के पाहन भुनू पाहन, मुन्ना पाहन, सोमरा पाहन एवं जोगेन्दर पाहन ने पारंपरिक विधि-विधान से झंडा बदली कर गांव के देवी-देवताओं की पूजा-अर्चना की। पूजा के उपरांत श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद स्वरूप खिचड़ी भंडारा का भी आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया।

## विवाहिता की मौत, मायकेवालों ने लगाया हत्या का आरोप



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बेड़ो :** थाना क्षेत्र के बेड़ो मनखा मुडा में शनिवार की रात एक विवाहिता की मौत की खबर की सूचना मिलने पर बेड़ो पुलिस ने 29 वर्षीया राधा देवी पति बिपुल खन्ना का शव उसके घर से बरामद किया है। इधर घटना की खबर फैलते ही मुहल्ले में कोहराम मच गया। वहीं घटना की सूचना मिलने पर थाना प्रभारी सुजीत कुमार उरांव व एस आई उत्तम पासवान बदल बल घटनास्थल पर पहुंचे। साथ ही पुलिस ने शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। इधर पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मृतका के पिता हीरा सिंह ने इस मामले को लेकर बेड़ो थाना में मृतका के पति बिपुल खन्ना,ससुर रघुवीर खन्ना व सास रीता देवी के विरुद्ध हत्या का मामला दर्ज कराया है। उन्होंने आवेदन में कहा कि उसकी पुत्री राधा देवी की शादी 2015 में हुई थी। शादी के कुछ साल बाद से ही राधा देवी के साथ मारपीट की जाती रही है। वहीं हीरा सिंह ने बताया कि घटना वाले दिन भी उन्होंने काफी समझाने बुझाने का काम किया था। तभी उन्हें शनिवार की रात उनके दामाद के द्वारा मौत की सूचना मिली। इसके बाद उन्होंने आकर देखा तो उनकी पुत्री की मौत हो चुकी थी।

# एमजीसीयू के 33 विधार्थी गेट 2026 परीक्षा में हुए सफल

**एजेंसी**

**पूर्वी चंपारण :** महात्मा गाँधी केंद्रीय विश्वविद्यालय (एमजीसीयू) के कंप्यूटर विज्ञान एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग ने गेट 2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी शैक्षणिक उत्कृष्टता का उदाहरण प्रस्तुत किया है। विभाग के बीटेक (कंप्यूटर साइंस) के तृतीय एवं अंतिम वर्ष के कुल 51 विद्यार्थियों में से रिकॉर्ड 33 विद्यार्थियों ने गेट 2026 परीक्षा उत्तीर्ण की है, जो बिहार राज्य में एक ही विभाग से सर्वाधिक सफलता मानी जा रही है। इस उपलब्धि में तृतीय वर्ष के छात्र रणजीत चौधरी ने अखिल भारतीय 63वीं रैंक प्राप्त कर विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया है। वहीं अंतिम वर्ष के छात्रों में रोहित राज ने 130वीं, दिव्यांशु वत्स ने 296वीं तथा अक्षांश तिवारी ने 493वीं रैंक हासिल की है। वर्ष 2017 में स्थापित कंप्यूटर विज्ञान एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग ने अपने प्रथम बैच से ही उत्कृष्ट प्रदर्शन की परंपरा को बनाए रखा है। पिछले वर्षों की तरह इस वर्ष भी विभाग ने देश की प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग परीक्षा गेट में उल्लेखनीय सफलता अर्जित की है। विभागाध्यक्ष प्रो. विकास पारीक ने जानकारी देते हुए बताया कि विभाग में वर्तमान में केवल कंप्यूटर विज्ञान शाखा संचालित है, और एक ही विभाग से इतने अधिक विद्यार्थियों का गेट में सफल होना पूरे बिहार में एक उल्लेखनीय उपलब्धि है। उन्होंने इस सफलता का श्रेय विद्यार्थियों की मेहनत एवं शिक्षकों के मार्गदर्शन को दिया।



**सफल विद्यार्थियों की सूची**

**अंतिम वर्ष :**
रोहित राज, दिव्यांशु वत्स, अक्षांश कुमार तिवारी, राज कुमार, प्रिंस कुमार विश्वकर्मा, आदर्श चंद, रितीक राज तिवारी, आर्या कुमारी, अंकित, राजीव कुमार, मुस्कान, आर्यन राज, जयंतीका, पवन कुमार विश्वकर्मा एवं विशाल आर्यन।

**तृतीय वर्ष :**
रणजीत चौधरी, ऋषभ शुक्ला, पंकज कुमार सिंह, श्रुति गुप्ता, सृष्टि गुप्ता, स्वतंत्र साहू, संदीप प्रजापति, ज्ञान प्रकाश यादव, आलोक जायसवाल, मोनू कुमावत, पवित्र मंडल, अजैन राज पाराशर, प्रतीक पांडेय, रिया कुमारी, आलोक मेहता, कार्तिक साहू, प्रताप यादव एवं आदिल लतीफ। उल्लेखनीय है कि इस वर्ष गेट परीक्षा का आयोजन भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, गुवाहाटी द्वारा किया गया था।

## पश्चिम चंपारण से सद्भाव यात्रा की शुरुआत करेंगे निशांत कुमार

# जदयू कार्यकर्ता जगह-जगह करेंगे स्वागत




**एजेंसी**

**पटना :** जनता दल यूनाइटेड के नेता निशांत कुमार आज से सद्भाव यात्रा की शुरूआत करेंगे। निशांत अपनी यात्रा की शुरूआत पश्चिम चंपारण से करेंगे। उनकी यात्रा को लेकर जनता दल यूनाइटेड के कार्यकर्ताओं में उत्साह है। कार्यकर्ताओं के द्वारा जगह-जगह उनके स्वागत की तैयारी की गई है। निशांत कुमार 3 और 4 मई को पश्चिम चंपरण में जनसम्पर्क करेंगे। यात्रा के लिए रविवार सुबह 11:15 बजे वह पटना से पश्चिम चंपारण के लिए प्रस्थान करेंगे। इसके बाद 11:30 बजे सोनपुर के बजरंग चौक के समीप सारण जिला के जदयू कार्यकर्ताओं के द्वारा उनका स्वागत किया जाएगा। दोपहर 12:15 बजे वैशाली जिला के कार्यकर्ताओं के द्वारा स्वागत, 01:15 बजे सकरी चौक पर मुजफ्फरपुर जिला के कार्यकर्ताओं के द्वारा स्वागत किया जाएगा। इसके बाद वे पूर्वी चंपारण पहुंचेंगे जहां महिषी प्रखण्ड के महेंद्र चौक मंगराही पर दोपहर 2:45 पर कार्यकर्ता स्वागत करेंगे। इसके बाद 3:45 बजे पश्चिम चंपारण के जौकटिया चौक, बेतिया में कार्यकर्ता स्वागत करेंगे। शाम 4 बजे वे बेतिया के हरिवाटिका चौक पहुंचेंगे और महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करेंगे। 05:50 बजे बगहा अनुमंडल कार्यालय के समीप बाबा साहब भीमराव अंबेदकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण करेंगे। इसके बाद वे विभिन्न जगहों पर कार्यकताओं से मिलते हुए 7:25 बजे गंडक बैराज स्थल का अध्ययन करेंगे। वहीँ 8:15 बजे वाल्मीकिनगर के कन्वेन्शन सेंटर में पार्टी के प्रमुख नेताओं से मुलाकात करेंगे और रात्रि विश्राम करेंगे। दूसरे दिन 4 मई को वाल्मीकिनगर टाइगर रिजर्व में जंगल सफारी का भ्रमण करगें। इसके बाद दोपहर 1 बजे बेतिया स्थित बापू सभागार में संगठन जिला बगहा और पश्चिम चंपारण के कार्यकताओं के साथ निशान संवाद कार्यक्रम में भाग लेंगे। इसके बाद पटना के लिए प्रस्थान करेंगे।

## पहाड़ी मंदिर चार्ज लेने की प्रक्रिया पर विवाद, विकास समिति ने किया विरोध

**रांची :** मीडिया के माध्यम से जानकारी प्राप्त हुई है कि कल झारखंड राज्य हिन्दू न्यास बोर्ड द्वारा जारी अवैध एवं असंवैधानिक अधिसूचना के आधार पर बनाई गई समिति पहाड़ी मंदिर का चार्ज लेने आने वाली है। वर्तमान पहाड़ी मंदिर विकास समिति इसे पूरी तरह न्याय, विधि एवं माननीय न्यायालय की गरिमा के विरुद्ध मानते हुए इसका पुरजोर विरोध करने का निर्णय लेती है। इसी क्रम में पहाड़ी मंदिर विकास समिति ने आज भी पहाड़ी मंदिर परिसर में उक्त अधिसूचना एवं प्रस्तावित चार्ज प्रक्रिया का विरोध दर्ज कराया तथा इसे मंदिर की परंपरा, धार्मिक स्वायत्तता एवं न्यायिक प्रक्रिया के विरुद्ध बताया। समिति राँची एवं पूरे राज्य के सभी मंदिर प्रबंधन समितियों, धार्मिक संगठनों एवं सनातन समाज से आग्रह करती है कि वे इस अन्यायपूर्ण कार्रवाई के विरोध में हमारा साथ दें। आज जो परिस्थिति पहाड़ी मंदिर के साथ उत्पन्न की जा रही है, वही कल राज्य के किसी भी मंदिर के साथ हो सकती है। इसलिए सभी धर्मप्रेमी एकजुट होकर मंदिरों को राजनीति का अड्डा बनने से रोकने हेतु आगे आएँ। समिति के सदस्य सुनील माथुर, हेमलाल सिंह एवं सुशील लाल ने कहा है कि उनके विरुद्ध लगाए गए तथ्यों से परे एवं निराधार आरोपों के संबंध में वे कानूनी राय प्राप्त कर रहे हैं तथा मानहानि का लगभग 5 करोड़ का मुकदमा दायर करने पर विचार कर रहे हैं। समिति झारखंड सरकार एवं विशेष रूप से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी से आग्रह करती है कि इस असंवैधानिक एवं विवादित अधिसूचना को अविलंब रद्द किया जाए। इस प्रकार की अव्यवहारिक एवं विवादास्पद अधिसूचनाओं से न केवल सनातन समाज एवं हिंदुओं की भावनाएँ आहत हो रही हैं, बल्कि राज्य सरकार की छवि भी धूमिल हो रही है।

## एक झलक

### रुतुराज ने की कार्तिक कंबोज और नूर की प्रशंसा

**चेन्नई :** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के कप्तान रुतुराज गायकवाड़ ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ आईपीएल मुकाबले में जीत पर खुशी जतायी है। रुतुराज में मैच में अच्छे प्रदर्शन के लिए युवा कार्तिक शर्मा की जमकर प्रशंसा की है। रुतुराज ने कहा कि कार्तिक लंबे छक्के लगाने वाला खिलाड़ी है। इससे अलावा उन्होंने तेज गेंदबाज अंशुल कम्बोज और स्पिनर नर अहमद की कसी हुई गेंदबाजी की भी प्रशंसा की है। अंशुल ने 3 जबकि नूर ने 2 विकेट लेकर अपनी टीम की जीत में प्रमुख भूमिका निभाई। इस मैच में जीत के साथ ही सीएसके की प्लेऑफ के लिए संभावनाएं बढ़ी हैं। इस मैच में सीएसके के गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मुंबई को 159 रनों पर ही रोक दिया। सीएसके ने कप्तान रुतुराज और कार्तिक के अर्धशतकों की सहायता से 11 गेंदें शेष रहते ही लक्ष्य हासिल कर लिया। इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए मुंबई इंडियंस ने 159 रन बनाये। सीएसके की ओर से कम्बोज ने तीन विकेट जबकि नूर ने दो विकेट लिए। इन गेंदबाजों के अच्छे प्रदर्शन से मुंबई की टीम बड़ा स्कोर नहीं बना पायी।

### पांड्या ने माना प्रदर्शन हर क्षेत्र में खराब रहा

**चेन्नई :** मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पांड्या ने चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) टीम के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मुकाबले में मिली हार पर निराशा जतायी है। पांड्या ने ये भी माना है कि इस हार से उनकी टीम की प्लेऑफ की उम्मीदों को भी करारा झटका लगा है। सीएसके से मिली 8 विकेट की हार से मुम्बई के अब प्लेऑफ में पहुंचने बचे हुए सभी मैच जीतने के अलावा रन रेट को भी काफी बेहतर बनाना होगा। इसके अलावा अन्य मैचों के परिणामों पर भी नजरें रखनी होंगी। इस हार के साथ ही मुम्बई अब तक खेले गए नौ मैचों में केवल दो जीत ही पाई है। इस निराशाजनक प्रदर्शन के बाद, टीम के कप्तान पांड्या ने माना है कि उनकी टीम का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है। पांड्या ने कहा कि उनकी टीम हर क्षेत्र में सीएसके से पीछे रही। उन्होंने कहा, सीएसके ने हमसे बेहतर गेंदबाजी, बल्लेबाजी और फील्डिंग की।

### व्हीलचेयर क्रिकेट चैम्पियनशिप का शुभारम्भ

**ग्रेटर नोएडा :** व्हीलचेयर क्रिकेट इंडिया एसोसिएशन की आयोजित 5वीं राष्ट्रीय व्हीलचेयर क्रिकेट चैंपियनशिप 2026 का शुभारंभ हो गया है। ग्रेटर नोएडा स्थित शहीद विजय सिंह पथिक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में मशहूर फिल्म अभिनेता जैकी श्रॉफ ने शनिवार को चैंपियनशिप का आधिकारिक तौर पर उद्घाटन किया। यह प्रतिष्ठित टूर्नामेंट आज (3 मई) से 10 मई तक चलेगा। इसमें पूरे देश की शीर्ष टीमें एक रोमांचक सुपर 5 ग्रैंड फाइनल फॉर्मेट में प्रतिस्पर्धा करेंगी, जो भारत में व्हीलचेयर क्रिकेट के उच्चतम स्तर को प्रदर्शित करेगा। उद्घाटन कार्यक्रम में शामिल हुए अभिनेता जैकी श्रॉफ ने खिलाड़ियों के जुनून और दृढ़ संकल्प से बेहद प्रभावित होकर एक प्रेरणादायक संदेश साझा किया। उन्होंने कहा कि सभी के लिए मेरा संदेश यह है कि जिंदगी में बिंदास रहो।

# आईपीएल में कोलकाता की लगातार तीसरी जीत

## हैदराबाद को 07 विकेट से हराया; रघुवंशी की फिफ्टी, वरुण को 03 विकेट




**एजेंसी**

**हैदराबाद :** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने रविवार को खेले गए इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के 45वें मैच में सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) को सात विकेट से हरा दिया। हैदराबाद के राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए एसआरएच पूरे ओवर भी नहीं खेल पाई और 19 ओवर में 165 रन पर ऑलआउट हो गई। जवाब में केकेआर ने 18.2 ओवर में तीन विकेट पर 169 रन बनाते हुए मुकाबला अपने नाम कर लिया। इस जीत के साथ कोलकाता के सात अंक हो गए हैं। टीम 9 मैचों में तीन जीत के साथ अंक तालिका में 8वें नंबर पर है। हैदराबाद की 10 मैचों में यह चौथी हार है। टीम 12 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर है। 166 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी केकेआर को कप्तान अजिंक्य रहाणे और इम्पैक्ट प्लेयर के तौर पर उतरे फिन एलेन ने अच्छी शुरूआत दिलाई। दोनों बल्लेबाजों ने तेजी से रन बटोरे। फिन ने चौथे ओवर में दो चौके और दो छक्के जड़ते हुए पारी को तेजी से आगे बढ़ाया। हालांकि, इसी ओवर की आखिरी गेंद पर फिन एक और बड़े शॉट के प्रयास में कैच दे बैठे। फिन ने 13 गेंदों पर तीन चौकों और दो छक्कों की मदद से 29 रन बनाए। इसके बाद रहाणे और अंगकृष रघुवंशी के बीच शानदार साझेदारी हुई। दोनों ने दूसरे विकेट के लिए 84 रनों की साझेदारी निभाई और टीम को जीत के करीब ले गए। रहाणे 15वें ओवर की आखिरी गेंद पर आउट हुए। रहाणे ने अपनी पारी में 36 गेंदों का सामना किया और चार चौकों और एक छक्के की मदद से 43 रन बनाए। कप्तान का विकेट गिरने के कुछ देर बाद रघुवंशी भी पवेलियन लौट गए। उन्होंने 47 गेंदों पर पांच चौके और दो छक्कों की मदद से 59 रन बनाए। अंत में रिंकू सिंह और कैमरून ग्रीन ने टीम की जीत सुनिश्चित कर दी। रिंकू ने नाबाद 22 रन और ग्रीन ने नाबाद 3 रन बनाए। सनराइजर्स हैदराबाद की ओर से कप्तान पैट कमिंस, शिवांग कुमार और साकिब हुसैन ने एक-एक विकेट लिया। मुकाबले में हैदराबाद ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया था। टीम को सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा और ट्रेविस हेड ने एक बार फिर अच्छी शुरूआत दिलाई। दोनों बल्लेबाजों ने पहले विकेट के लिए 44 रन जोड़े। अभिषेक ने 10 गेंदों में 15 रन बनाए। उनका विकेट गिरने के बाद हेड और ईशान किशन ने पारी को तेजी से आगे बढ़ाया। इस दौरान हेड ने 22 गेंदों पर अपनी अर्धशतक भी पूरा किया। हैदराबाद का दूसरा विकेट 105 रन के कुल स्कोर पर गिरा। हेड 28 गेंदों पर नौ चौकों और तीन छक्कों की मदद से 61 रन बनाकर आउट हुए। ट्रेविस का विकेट गिरने के बाद हैदराबाद की पारी धीमी हो गई। टीम एक के बाद एक विकेट गिरने से आगे 60 रन ही जोड़ पाई। टीम पूरे ओवर भी नहीं खेल पाई और 19 ओवर में 165 रन पर ऑलआउट हो गई। हेड के अलावा किशन ने 29 गेंदों पर चार चौकों और दो छक्कों की मदद से 42 रन की पारी खेली। इनके अलावा अन्य कोई बल्लेबाज बड़ी पारी नहीं खेल पाया। केकेआर के लिए वरुण चक्रवर्ती ने तीन विकेट लिए। सुनील नरेन और कार्तिक त्यागी को दो-दो विकेट मिले, जबकि वैभव अरोड़ा, कैमरून ग्रीन और अनुकूल रॉय को एक-एक सफलता मिली।

## मुम्बई को सबसे अधिक बार हरानेवाली पहली टीम बनी सीएसके




**एजेंसी**

**चेन्नई :** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की टीम ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में यहां मुंबई इंडियंस के खिलाफ मिली जीत के साथ ही एक बड़ा रिकार्ड भी अपने नाम कर लिया है। अब सीएसके की टीम मुंबई इंडियंस को 20 वीं बार हराने वाली पहली टीम बन गयी है। दोनों टीमों के बीच अब तक कुल 41 आईपीएल मैच खेले गए हैं, जिसमें से सीएसके ने 20 में जीत हासिल की है, जबकि मुंबई इंडियंस ने 21 मैचों जीत हासिल की है। मुंबई के खिलाफ सर्वाधिक जीत दर्ज करने वाली टीमों की सूची में चेन्नई के बाद पंजाब किंग्स का नाम आता है, जिसने 35 मैचों में 17 जीत दर्ज की हैं, जिसमें एक सुपर ओवर की जीत भी शामिल है। इस जीत ने चेन्नई सुपर किंग्स को आईपीएल अंक तालिका में छठे स्थान पर पहुंचा दिया है। अब नौ मैचों में 8 अंकों के साथ ही सीएसके प्लेऑफ की दौड़ में बनी हुई है। अगर वह अपने बचे हुए पांच मैचों में से चार में जीत हासिल कर लेते हैं, तो उनके लिए प्लेऑफ की राह बन सकती है। वहीं मुंबई इंडियंस को इस हार से करारा झटका लगा है। वह अब नौवें स्थान पर बनी हुई है। आईपीएल 2024 में खेले गए नौ मैचों में से उसे केवल सिर्फ दो में जीत मिली है। इससे अब उसके शीर्ष-4 में पहुंचने की उम्मीदें लगभग खत्म हो गई हैं। अगर मुंबई इंडियंस अपने बाकी बचे सभी पांच मैच भी जीत जाती है, तो लीग स्टेज के अंत में उनके पास केवल 14 अंक होंगे। हालांकि, पिछले चार आईपीएल सीजन के आंकड़ों पर गौर करें तो सिर्फ एक बार ऐसा हुआ है जब किसी टीम ने लीग स्टेज में 14 अंक लेकर प्लेऑफ में जगह बनाई हो।

## प्रोफेसर दिलीप सिंह की मनी पुण्यतिथि

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** प्रोफेसर दिलीप सिंह की पुण्यतिथि श्रद्धा, सम्मान और भावपूर्ण वातावरण में मनायी गई। इस अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने उपस्थित होकर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। उसके बाद सभी ने दो मिनट का मौन धारण कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। इस दौरान वक्ताओं ने प्रोफेसर दिलीप सिंह के जीवन, उनके व्यक्तित्व और समाज तथा शिक्षा के क्षेत्र में



उनके अमूल्य योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि प्रोफेसर साहब न केवल एक उत्कृष्ट शिक्षक थे, बल्कि एक प्रेरणादायक मार्गदर्शक भी थे, साथ ही अपने विचारों और कार्यों से अनेक लोगों के जीवन को दिशा दी। उनके आदर्श, सादगी और समाज के प्रति समर्पण आज भी सभी के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। क्रिकेट के साथ कबड्डी खेल को आजीवन बढ़ाने में उनका योगदान भुलाया नही जा सकता । कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने उनके बताए मार्ग पर चलने और समाज सेवा के कार्यों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। अंत में सभी ने एक स्वर में उन्हें नमन करते हुए कहा कि प्रोफेसर दिलीप सिंह का योगदान सदैव याद रखा जाएगा और उनकी स्मृतियां हमेशा हमारे दिलों में जीवित रहेंगी।

## भारतीय टीम शायद ही बांग्लादेश दौरे पर जाये : सैकिया




**एजेंसी**

**मुम्बई :** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) का बांग्लादेश दौरा संकट में पड़ता नजर आ रहा है। बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया के बांग्लादेश दौरे को लेकर ताजा बयान से ये ही संकेत मिले हैं। सैकिय ने कहा, आईपीएल के बाद हमारा घरेलू शेड्यूल काफी व्यस्त है। अफगानिस्तान के खिलाफ सीरीज है, उसके बाद इंग्लैंड का दौरा है। इस दौरे के बाद हम सत्र के बाकी हिस्से पर विचार करेंगे। बीसीसीआई सचिव के इस बयान को भारतीय टीम के आगामी व्यस्त कार्यक्रम से और बल मिलता है। आईपीएल 2026 के 31 मई को समाप्त होने के बाद, भारत का शेड्यूल इस प्रकार है: 6 से 10 जून तक मोहाली में अफगानिस्तान के खिलाफ एकमात्र टेस्ट। इसके बाद 14 से 20 जून के बीच धर्मशाला, लखनऊ और चेन्नई में अफगानिस्तान के खिलाफ तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज होगी। फिर टीम इंडिया जून के अंत में आयरलैंड के खिलाफ दो टी20 मैच और 1 से 19 जुलाई तक इंग्लैंड के खिलाफ पांच टी20 और तीन एकदिवसीय मैच खेलने के लिए इंग्लैंउ एगी। इंग्लैंड में व्हाइट-बॉल सीरीज के बाद, भारत 23 से 26 जुलाई तक जिम्बाब्वे में तीन टी20 मैच खेलेगा।

## आईपीएल में 200 विकेट लेनेवाले पहले विदेशी खिलाड़ी बने सुनील नरेन

**हैदराबाद :** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के स्टार स्पिनर सुनील नरेन इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में 200 विकेट लेने वाले तीसरे एवं पहले विदेशी खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने यह उपलब्धि रविवार को सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के खिलाफ मैच में हासिल की। हैदराबाद के खिलाफ इस मैच में 37 वर्षीय सुनील नरेन ने चार ओवर के अपने स्पेल में 31 रन देकर 2 विकेट चटकाए। उन्होंने एसआरएच के बल्लेबाज ईशान किशन और साहिल अरोड़ा को आउट किया। साहिल का विकेट उनके लिए यादगार रहा। इसी विकेट के साथ नरेन ने आईपीएल में अपने 200 विकेट पूरे किए। इस स्टार स्पिनर के 197 आईपीएल मैचों में अब 201 विकेट हो गए हैं।

## साइ ने राष्ट्रीय शिविर से करीब 40 मुक्केबाजों का नाम हटाया

▶ चयन ट्रायल में नहीं ले सकेंगे भाग



**एजेंसी**

**नयी दिल्ली :** भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) ने राष्ट्रीय शिविर से करीब 40 मुक्केबाजों के नाम हटा दिये हैं। इससे अब इनके राष्ट्रमंडल और एशियाई खेलों के लिए चयन ट्रायल में भाग लेने पर संशया छा गया है। इससे खिलाड़ियों के साथ ही भारतीय मुक्केबाजी महासंघ (बीएआई) की भी मुश्किलें बढ़ गयी हैं। बीएआई की पिछले साल दिसंबर में जारी चयन नीति के अनुसार, 30 मार्च से 5 अप्रैल तक आयोजित चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ (सीओएएस) कप में 20 भार वर्गों (पुरुष और महिला दोनों में 10-10) में शीर्ष दो स्थान हासिल करने वाले कुल 40 मुक्केबाजों को राष्ट्रीय शिविर में शामिल किया जाना था। वहीं इन मुक्केबाजों को राष्ट्रमंडल खेल, एशियाई खेल और विश्व मुक्केबाजी कप दो के लिए भारतीय टीमों के चयन हेतु मूल्यांकन परीक्षणों के लिए पात्र माना गया था। इन सभी खिलाड़ियों ने महासंघ द्वारा तय की गई प्रक्रिया का पालन करते हुए शिविर में अपनी जगह बनायी थी। महासंघ ने माना है कि सूची में 40 नाम नहीं हैं और वे इस मामले को सुलझाने के लिए साइ के साथ लगातार संपर्क में हैं पर अभी तक कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला है। इस गंभीर स्थिति के कारण 5 मई को शुरू होने वाली मूल्यांकन प्रक्रिया को एक दिन के लिए स्थगित कर दिया गया है, और अब यह 6 मई से शुरू होगी। यह देरी सीधे तौर पर इन मुक्केबाजों के भविष्य पर असर डाल रही है, क्योंकि चयन प्रक्रिया की समय-सीमा नजदीक आ रही है। वहीं जिन मुक्केबाजों में से एक ने अपनी निराशा व्यक्त करते हुए कहा, हमें बताया गया था कि सीओएएस कप जीतने पर हमें शिविर में जगह मिल जाएगी। पिछले साल भी यही नीति थी, इसलिए मुझे समझ नहीं आ रहा कि समस्या क्या है। चोट के कारण राष्ट्रीय चैंपियनशिप में हिस्सा नहीं ले पाने के बाद, शिविर में शामिल होना और राष्ट्रमंडल व एशियाई खेलों के लिए प्रतिस्पर्धा करना मेरे लिए एकमात्र तरीका है। यह स्थिति उन एथलीटों के लिए सबसे बड़ी मुश्किले है जिन्होंने इन बड़े अंतरराष्ट्रीय मंचों पर देश का प्रतिनिधित्व करने की उम्मीदें पाल रखी हैं।यह घटना ऐसे समय में हुई है जब राष्ट्रमंडल खेल 23 जुलाई से 2 अगस्त तक बर्मिंघम, इंग्लैंड में होने वाले हैं, जबकि एशियाई खेल 19 सितंबर से 4 अक्टूबर तक जापान के आइची और नागोया में निर्धारित हैं।

## मोराबादी में वुडबॉल का जलवा, इंटर डिस्ट्रिक्ट चैंपियनशिप का समापन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची।** मोराबादी स्थित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के खेल मैदान में झारखंड राज्य वुडबॉल संघ द्वारा आयोजित एक-दिवसीय झारखंड स्टेट इंटर डिस्ट्रिक्ट वुडबॉल चैंपियनशिप 2026 का शानदार समापन हुआ। प्रतियोगिता में राँची समेत राज्य के विभिन्न जिलों एवं स्कूलों के 100 से अधिक खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सतीश वर्मा एवं रिंकू वर्मा उपस्थित



रहे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में झारखंड राज्य वुडबॉल संघ के अध्यक्ष संजीव कुमार, हाई कोर्ट के अधिवक्ता पी.के. लाला, सोहिनी राय (समाजसेविका), युवा नाट्य संगीत एकेडमी के निदेशक ऋषिकेश लाल, रिलेशंस के निदेशक आशुतोष द्विवेदी, झारखंड राज्य वुडबॉल संघ के सचिव गोविंद झा, समाजसेवी जी.सी. बसुकी एवं संतोष कुमार उपस्थित रहे।सीनियर एवं जूनियर दोनों वर्गों में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। सभी विजेताओं को अतिथियों द्वारा मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।इस अवसर पर संतोष कुमार, अंश वर्मा, दीपक वर्मा, रौनक कुमार, मनीष कुमार, बलवीर, देवुजन ठाकुर, शुभम कुमार, मयंक कुमार, राजेश कुमार एवं आयुष कुमार सहित कई खेल प्रेमी उपस्थित रहे। अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। यह प्रतियोगिता राज्य में वुडबॉल खेल के बढ़ते प्रभाव और युवाओं के उत्साह का प्रतीक बनी।

## झारखंड के पहलवान अमित गोप का एशियाई कुश्ती चैम्पियनशिप के लिए चयन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची ।** झारखंड के पहलवान अमित गोप, 77केजी ग्रीको रोमन का अंडर-23 सीनियर एशियाई कुश्ती चैम्पियनशिप-2026, वियतनाम के लिए भारतीय कुश्ती टीम में चयन होना पूरे राज्य के लिए गर्व का क्षण है। अमित को इस बड़ी उपलब्धि पर हार्दिक शुभकामनाएं। हमारी दुआ है कि आप वियतनाम की धरती पर दमदार प्रदर्शन करें और तिरंगा लहराकर देश-प्रदेश का नाम रोशन करें। झारखण्ड के पहलवान अमित कुमार के अंडर-23 एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप के



लिए भारतीय कुश्ती टीम में चयन होने पर, झारखंड राज्य कुश्ती संघ के अध्यक्ष- जीशान कमर,(भा.प्र.से.) ,अभिभावक- के रवि कुमार,(भा.प्र.से.), खेल निदेशक झारखंड आसिफ इकराम, हमारे मार्गदर्शक- भोलानाथ सिंह, महासचिव- रजनीश कुमार, बिजय शंकर सिंह, सभी जिला कुश्ती अध्यक्ष/ सचिव एवं झारखंड राज्य कुश्ती परिवार तथा खेल विभाग के द्वारा शुभकामनाएं दी गई।

# टी-20 विश्व कप टीम के लिए टीम चयन से संतुष्ट हैं हरमनप्रीत

**एजेंसी**


**मुम्बई :** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने कहा है कि आईसीसी टी20 विश्कप के लिए जो टीम उन्हें मिली है। वह अच्छी टीम है और अब उनका लक्ष्य टी20 विश्व कप 2026 जीतना रहेगा। विश्वकप 12 जून से इंग्लैंड और वेल्स में शुरू हो रहा है। हरमनप्रीत ने कहा कि पिछले साल एकदिवसीय विश्वकप में मिली जीत से प्रेरित होकर उनकी टीम इस बार भी बेहतर प्रदर्शन करेगी। भारतीय टीम ग्रुप ए में है और विश्वकप में अपने अभियान की शुरूआत 14 जून को पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबले से करेगी। इस ग्रुप में




ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, नीदरलैंड्स और दक्षिण अफ्रीका जैसी काफी अच्छी टीमें भी शामिल हैं। हरमनप्रीत ने टीम की घोषणा के बाद कहा, मैं निश्चित रूप से इस टीम को जीत का प्रबल दावेदार मानती हूं। आज हमने जिस टीम को चुना है, उसमें चैंपियन बनने की पूरी क्षमता है। किसी पर कोई दबाव नहीं, कोई अति-आत्मविश्वास नहीं। टी20 क्रिकेट का मतलब सिर्फ अच्छा क्रिकेट खेलना है।

इस टीम के चयन में सबसे बड़ी चुनौती ऑलराउंडर अमनजोत कौर की अनुपस्थिति रही, जो पिछले कुछ महीनों से क्रिकेट से दूर हैं। हरमनप्रीत ने कहा कि ये एक बड़ा झटका बताया क्योंकि इस खिलाड़ी का विकल्प तलाशना बेहद कठिन हालांकि, टीम संतुलन बनाए रखने के लिए अनुभवी स्पिनर राधा यादव को टीम में शामिल किया गया है। राधा ने हाल के महीनों में इंडिया ए टीम के साथ खेलते हुए प्रभावी प्रदर्शन किया था। हरमनप्रीत ने कहा, अमनजोत हमारी एक अहम खिलाड़ी हैं, लेकिन वह अभी उपलब्ध नहीं हैं। वह पिछले 4-5 महीनों से क्रिकेट से दूर हैं। उनकी जैसी खिलाड़ी ढूंढना मुश्किल था पर हम कोशिश कर रहे हैं। हमने राधा को टीम में वापस बुलाया है, वह भी एक ऑलराउंडर हैं।

वहीं इसके अलावा हरलीन देओल के स्थान पर भारती फुलमाली को शामिल किया गया है। टीम ने मध्यक्रम में अधिक आक्रामक बल्लेबाजी के लिए भारती को अवसर दिया है। हरमनप्रीत ने कहा कि टी20 मे मध्यक्रम की जरुरतों को देखते हुए ही भारती को शामिल करना अधिक सही रहेगा। हरलीन हालांकि अभी भी टेस्ट टीम का हिस्सा बनी हुइ हैं। हाल ही में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सीरीज हारने के बावजूद, कप्तान का ध्यान खेल के महत्वपूर्ण चरणों में अपनी रणनीति को सही ढंग से लागू करने पर है।



स्पेन की राधानी मैड्रिड में महिलाओं के एकल मतुआ मैड्रिड ओपन टेनिस खिताब जीतने के बाद खुशी मनाती हुई यूक्रेन की मार्टा कोस्तयुक।

## एक झलक

### रेडिसन भारत में बढ़ायेगा होटल चेन

**नयी दिल्ली :** वैश्विक आतिथ्य शृंखला रेडिसन होटल ग्रुप भारत में अपने परिचालन का तेजी से विस्तार करने की तैयारी में है। कंपनी ने दिसंबर 2026 तक देश में अपने परिचालन वाले होटलों की संख्या 157-160 तक और कमरों की संख्या 19,000-19,500 तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा है। समूह 2030 तक भारत में 500 होटलों के महत्वाकांक्षी लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए भी प्रतिबद्ध है। वर्तमान में रेडिसन भारत में 142 होटलों (17,000 कमरों) का संचालन करता है, जबकि 84 अन्य निमार्णाधीन हैं। कंपनी के दक्षिण एशिया के प्रबंध निदेशक और मुख्य परिचालन अधिकारी के मुताबिक इस साल 18 और होटल खुलने से 2,000-2,500 अतिरिक्त कमरे जुड़ेंगे। मांग के माहौल पर उन्होंने पश्चिम एशिया संकट के मिश्रित प्रभावों का जिक्र किया। उन्होंने बताया कि प्रमुख शहरी बाजारों में कुछ सुस्ती देखी गई, लेकिन टियर-2 और टियर-3 शहरों पर इसका ज्यादा असर नहीं पड़ा।

### एनपीएस में बड़ा बदलाव, जुलाई 2026 से जेब पर बढ़ेगा बोझ

**नयी दिल्ली :** नेशनल पेंशन सिस्टम (एनपीएस) में निवेश करने वाले करोड़ों सब्सक्राइबर्स के लिए एक महत्वपूर्ण खबर है। पेंशन फंड रेगुलेटर पीएफआरडीए ने एनपीएस खातों पर लगने वाले सालाना मेंटेनेंस चार्ज (एएमसी) में बदलाव की घोषणा की है, जो जुलाई 2026 से लागू होंगे। 29 अप्रैल को जारी इस सर्कुलर का मकसद शुल्कों में एकरूपता लाना और मौजूदा विसंगतियों को दूर करना है। इन नए नियमों का सीधा असर आपके टियर-1, टियर-2 और निष्क्रिय (डॉरमेंट) खातों पर पड़ेगा, जिससे आपकी रिटायरमेंट प्लानिंग की लागत में बदलाव आ सकता है। टियर-1 और टियर-2 खाते हुए बराबर एनपीएस सब्सक्राइबर्स के लिए एक अहम बदलाव टियर-2 खातों से संबंधित है। अब तक टियर-1 और टियर-2 खातों के मेंटेनेंस चार्जेस में अंतर था, लेकिन पीएफआरडीए ने अब इन्हें एक समान कर दिया है। इसका अर्थ है कि टियर-2 खाते पर भी वही सालाना मेंटेनेंस चार्ज लगेगा जो उसी सेक्टर के टियर-1 खाते पर लागू होता है।

### कोटक महिंद्रा बैंक का मुनाफा 10 फीसदी उछला

**नयी दिल्ली :** बैंकिंग सेक्टर की दिग्गज कंपनी कोटक महिंद्रा बैंक ने वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही के नतीजे पेश कर दिए हैं। जारी किए गए आंकड़ों के मुताबिक बैंक ने अपने मुनाफे में अच्छी बढ़ोतरी दर्ज की है। बैंक का समेकित मुनाफा सालाना आधार पर 10 प्रतिशत बढ़कर 5,423 करोड़ रुपये पर पहुंच गया है। अगर सिर्फ स्टैंडअलोन आधार पर बात करें तो बैंक के मुनाफे में 13 फीसदी का उछाल आया है, जो अब 4,027 करोड़ रुपये हो गया है। पिछले साल इसी तिमाही में यह आंकड़ा 3,552 करोड़ रुपये था। बैंक की इस कामयाबी के पीछे प्रोविजनिंग में आई भारी कमी और एसेट क्वालिटी का बेहतर होना मुख्य वजह मानी जा रही है। बैंक की ब्याज से होने वाली शुद्ध आय में भी सुधार देखा गया है। सालाना आधार पर इसमें 8 प्रतिशत की वृद्धि हुई और यह 7,876 करोड़ रुपये तक पहुंच गई। हालांकि, अन्य आय के मामले में बैंक को मामूली गिरावट झेलनी पड़ी।

## टॉप 10 में शामिल 04 कम्पनियों का मार्केट कैप

# 2.20 लाख करोड़ से अधिक की बढ़ोतरी

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** घरेलू शेयर बाजार में पिछले कारोबारी सप्ताह के दौरान हुई खरीद-बिक्री के कारण देश की टॉप 10 मोस्ट वैल्यूड कंपनियों में शामिल छह कंपनियों के मार्केट कैप में गिरावट आ गई, जबकि चार कंपनियों के मार्केट कैप में बढ़ोतरी हो गई। शीर्ष स्थान पर मौजूद इन दस कंपनियों में से छह के मार्केट कैप में सोमवार से गुरुवार तक के कारोबार के बाद 1.24 लाख करोड़ रुपये से अधिक की गिरावट आ गई। इनमें सबसे अधिक नुकसान आईसीआईसीआई बैंक को हुआ, जबकि देश में सार्वजनिक क्षेत्र का सबसे बड़ा बैंक स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) नुकसान उठाने के मामले में दूसरे स्थान पर रहा। दूसरी ओर, टॉप 10 मोस्ट वैल्यूड कंपनियों में शामिल कंपनियों में शेष बची चार कंपनियों के मार्केट कैप में पिछले सप्ताह के कारोबार के बाद 2.20 लाख करोड़ रुपये से अधिक का उछाल आ गया। मार्केट कैप में बढ़ोतरी हासिल करने वाली यानी फायदा उठाने वाली चारों कंपनियों में देश में सबसे अधिक मार्केट कैप वाली कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज रही, जबकि मार्केट कैप में बढ़ोतरी के मामले में दूसरे स्थान पर भारतीय एयरटेल रही। इस सप्ताह के कारोबार के बाद रिलायंस इंडस्ट्रीज, भारती एयरटेल, टाटा कंसलटेंसी सर्विसेज (टीसीएस) और बजाज फाइनेंस के मार्केट कैप में 2,20,161.46 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हो गई। दूसरी ओर, आईसीआईसीआई बैंक, स्टेट बैंक



ऑफ इंडिया (एसबीआई), एचडीएफसी बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर, भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) और लार्सन एंड टूब्रो के मार्केट कैप में 1,24,060.61 करोड़ रुपये की गिरावट आ गई। सोमवार से गुरुवार के बीच हुए कारोबार के बाद रिलायंस इंडस्ट्रीज का मार्केट कैप 1,39,655.80 करोड़ रुपये बढ़ कर 19,36,303.30 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। इसी तरह भारती एयरटेल का मार्केट कैप 43,503.51 करोड़ रुपये उछल कर 11,49,222.13 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया। इसके अलावा टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) का मार्केट कैप 27,569.83 करोड़ रुपये की बढ़त के साथ 8,94,933.95 करोड़ रुपये के स्तर पर और बजाज फाइनेंस का मार्केट कैप 9,432.32 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी के साथ 5,83,123.13 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंचा हुआ नजर आया। दूसरी ओर, आईसीआईसीआई बैंक का मार्केट कैप 45,364.62 करोड़ रुपये कम होकर 9,04,980.78 करोड़ रुपये के स्तर तक आ गया। इसी तरह स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) का मार्केट कैप 30,922.57 करोड़ रुपये की गिरावट के साथ 9,85,829.96 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। इसके अलावा, एचडीएफसी बैंक का मार्केट कैप 20,951.31 करोड़ रुपये फिसल कर 11,87,274.17 करोड़ रुपये के स्तर पर, हिंदुस्तान यूनिलीवर का मार्केट कैप 18,420.79 करोड़ रुपये घट कर 5,28,799.01 करोड़ रुपये के स्तर पर, भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) का मार्केट कैप 8,222.49 करोड़ रुपये की गिरावट के साथ 5,04,798.07 करोड़ रुपये के स्तर पर और लार्सन एंड टूब्रो का मार्केट कैप 178.83 करोड़ रुपये की कमजोरी के साथ 5,51,993.05 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया। मार्केट कैप के लिहाज से रिलायंस इंडस्ट्रीज 19,36,303.30 करोड़ रुपये के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) के साथ देश की सबसे अधिक मार्केट कैप वाली कंपनी रही। इसके बाद एचडीएफसी बैंक (कुल मार्केट कैप 11,87,274.17 करोड़ रुपये), भारती एयरटेल (कुल मार्केट कैप 11,49,222.13 करोड़ रुपये), स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (कुल मार्केट कैप 9,85,829.96 करोड़ रुपये), आईसीआईसीआई बैंक (कुल मार्केट कैप 9,04,980.78 करोड़ रुपये), टीसीएस (कुल मार्केट कैप 8,94,933.95 करोड़ रुपये), बजाज फाइनेंस (कुल मार्केट कैप 5,83,123.13 करोड़ रुपये), लार्सन एंड टूब्रो (कुल मार्केट कैप 5,51,993.05 करोड़ रुपये), हिंदुस्तान यूनिलीवर (कुल मार्केट कैप 5,28,799.01 करोड़ रुपये) और भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) (कुल मार्केट कैप 5,04,798.07 करोड़ रुपये) के नाम सबसे मूल्यवान टॉप 10 कंपनियों के लिस्ट में दूसरे से दसवें स्थान पर बने रहे।

## केन्द्र की हरी झंडी 37,500 करोड़ से कोयला गैसीकरण को मिलेगा प्रोत्साहन




एजेंसी

**नयी दिल्ली :** केन्द्रीय मंत्रिमंडल जल्द ही कोयला गैसीकरण परियोजनाओं को बढ़ावा देने के लिए एक बड़ी प्रोत्साहन योजना को मंजूरी दे सकता है। सूत्रों ने बताया कि इस योजना का वित्तीय परिव्यय 37,500 करोड़ रुपये होगा, जिसका मुख्य उद्देश्य स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन को बढ़ावा देना और देश की आयात निर्भरता को कम करना है। सूत्रों के अनुसार, कोयला मंत्रालय ने इस योजना का कैबिनेट नोट पहले ही तैयार कर लिया है। प्रस्तावित योजना का मकसद देश भर में सतह कोयला और लिग्नाइट गैसीकरण परियोजनाओं में तेजी लाना है। इसका लक्ष्य एलएनजी, यूरिया, अमोनियम नाइट्रेट, अमोनिया, कोकिंग कोल, मेथनॉल और डीएमई जैसी महत्वपूर्ण वस्तुओं पर आयात निर्भरता घटाकर आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देना है। इसके साथ ही यह ईंधन और रसायनों के उत्पादन के लिए घरेलू कोयला और लिग्नाइट संसाधनों के उपयोग को बढ़ाएगा, जिससे 2030 तक 10 करोड़ टन कोयला गैसीकरण क्षमता के राष्ट्रीय लक्ष्य को प्राप्त करने में मदद मिलेगी। यह एक एकीकृत योजना है जिसमें कोई श्रेणी नहीं है, और एक एकल परियोजना के लिए अधिकतम 3,000 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता का प्रावधान है। गौरतलब है कि पिछली प्रोत्साहन योजना में निजी क्षेत्र को अधिकतम 1,000 करोड़ रुपये और पीएसयू को 1,350 करोड़ रुपये प्रति परियोजना दिए जाते थे।

### यूएई ने अपने हवाई क्षेत्र में सामान्य उड़ान संचालन किया बहाल

**नयी दिल्ली :** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने अपने हवाई क्षेत्र में सामान्य उड़ान संचालन को पूरी तरह बहाल करने की घोषणा की है। देश के नागरिक उड्डयन प्राधिकरण (जीसीएए) ने बताया कि सुरक्षा और परिचालन स्थिति की विस्तृत समीक्षा के बाद यह महत्वपूर्ण फैसला लिया गया है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि पहले एहतियातन उठाए गए कुछ कदमों को अब हटा लिया गया है। जीसीएए ने एयरस्पेस की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए लगातार रियल-टाइम निगरानी जारी रखने का आश्वासन दिया है। इसके लिए तकनीकी और ऑपरेशनल टीमें पूरी तरह तैयार हैं, ताकि किसी भी नई स्थिति से तुरंत निपटा जा सके। प्राधिकरण ने इस दौरान यात्रियों और एयरलाइंस के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया ।

## घरेलू सर्राफा बाजार में तेजी का रुख, सोना और चांदी ने लगायी छलांग

- एक सप्ताह में सोने के भाव में 2,960 रुपये तक की गिरावट



एजेंसी

**नयी दिल्ली :** घरेलू सर्राफा बाजार में भी आज के कारोबार के दौरान तेजी का रुख नजर आ रहा है। आज के कारोबार में हाजिर सोना 510 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 810 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हो गया। इसी तरह चांदी के भाव में आज के कारोबार में 9,900 रुपये प्रति किलोग्राम की मजबूती नजर आ रही है। सोने के भाव में आई तेजी के कारण देश के ज्यादातर सरार्फा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,50,930 रुपये से लेकर 1,52,730 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 1,38,350 रुपये से लेकर 1,40,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी की कीमत में आए उछाल के कारण दिल्ली सरार्फा बाजार में आज ये चमकीली धातु 2,65,000 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर बिक रही है। साप्ताहिक आधार पर देखें, तो पिछले सप्ताह के कारोबार में सोना की कीमत में गिरावट दर्ज की गई है। पिछले सप्ताह के कारोबार में 24 कैरेट सोने की कीमत में 2,960 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की कमजोरी आ गई। इसी तरह 22 कैरेट सोना साप्ताहिक आधार पर 2,850 रुपये प्रति 10 ग्राम तक सस्ता हो गया। इसके विपरीत चांदी के भाव में पिछले सप्ताह के कारोबार में तेजी दर्ज की गई। इस तेजी के कारण चांदी पिछले सप्ताह के भाव की तुलना में 5 हजार रुपये प्रति किलोग्राम तक महंगी हो गई। दिल्ली में आज 24 कैरेट सोना 1,51,080 प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,38,500 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,50,930 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,38,350 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,50,980 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,38,400 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है।

## मारुति सुजुकी की रिकॉर्ड बिक्री




अप्रैल में 1.91 लाख से अधिक वाहनों की बिक्री

एजेंसी

**नई दिल्ली :** देश की सबसे बड़ी कार विनिमार्ता मारुति सुजुकी इंडिया ने नए वित्त वर्ष 2026-27 की शुरूआत दमदार तरीके से की है। कंपनी ने अप्रैल में रिकॉर्ड 1,91,122 इकाइयों की घरेलू बिक्री दर्ज करते हुए अपनी बाजार हिस्सेदारी को पिछले वित्त वर्ष के 39 प्रतिशत से बढ़ाकर 42 प्रतिशत कर लिया है। उद्योग के अनुमानों के मुताबिक, अप्रैल महीने में कंपनी ने अपनी बाजार हिस्सेदारी में लगभग तीन प्रतिशत अंकों की वृद्धि दर्ज की है। यह वृद्धि कंपनी की यात्री कारों के साथ-साथ एसयूवी सेगमेंट के महत्वपूर्ण योगदान से संभव हुई है। मारुति सुजुकी के एक वरिष्ठ कार्यकारी अधिकारी ने बताया कि इस प्रदर्शन के साथ कंपनी ने नए वित्त वर्ष की शानदार शुरूआत की है और बाजार हिस्सेदारी भी हासिल की है। अप्रैल में यात्री कारों की बिक्री 96,725 इकाई रही, जबकि एसयूवी सेगमेंट ने 55,065 इकाइयों की अब तक की सबसे अधिक बिक्री दर्ज की, जो पिछले वर्ष की तुलना में 141.6 प्रतिशत अधिक है। कंपनी एसयूवी बाजार में भी शीर्ष स्थान के करीब पहुंच गई है। इससे पहले कंपनी की सर्वाधिक घरेलू बिक्री दिसंबर 2025 में 1,82,165 इकाई थी।

### सीआईएल-सैम को जयपुर मेट्रो से 918 करोड़ का ऑर्डर मिला



**नई दिल्ली :** बुनियादी ढांचा क्षेत्र की कंपनी सीगल इंडिया लिमिटेड के संयुक्त उद्यम सीआईएल-सैम इंडिया को जयपुर मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड (जेएमआरसी) से 918.04 करोड़ रुपये का एक महत्वपूर्ण ऑर्डर मिला है। यह अनुबंध जयपुर मेट्रो के फेज-2 विस्तार के डिजाइन और निर्माण कार्यों से संबंधित है। सीगल इंडिया ने रविवार को बताया कि उसके संयुक्त उद्यम सीआईएल-सैम इंडिया को यह ठेका दिया गया है। इसमें जयपुर मेट्रो फेज-2 के तहत 10.8 किलोमीटर के ऊंचे वायडक्ट और दस एलिवेटेड मेट्रो स्टेशनों का डिजाइन व निर्माण शामिल है। सीआईएल-एसएएम इंडिया में सीगल इंडिया की 74 फीसदी और सैम इंडिया बिल्टवेल प्राइवेट लिमिटेड की 26 फीसदी हिस्सेदारी है। परियोजना की कुल बोली लागत 918.04 करोड़ रुपए (18 फीसदी जीएसटी सहित) है, जिसे 34 महीने की समय सीमा में पूरा किया जाना है।

# अगले सप्ताह होगी तीन कम्पनियों के आईपीओ की लॉन्चिंग



दो कम्पनियों के शेयर होंगे लिस्ट

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** सोमवार यानी 04 मई से शुरू होने वाले कारोबारी सप्ताह के दौरान प्राइमरी मार्केट में पिछले सप्ताह की तुलना में कुछ अधिक हलचल होती हुई नजर आने वाली है। इस सप्ताह तीन कंपनियां अपना आईपीओ लॉन्च कर रही हैं। इनमें दो आईपीओ एसएमई सेगमेंट के हैं, जबकि एक आईपीओ एक रियल एस्टेट इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट का है। इन तीन नए आईपीओ के अलावा पिछले सप्ताह खुले एक आईपीओ में भी इस सप्ताह निवेशक बोली लगा सकेंगे। ये आईपीओ मेनबोर्ड सेगमेंट का है। जहां तक नई लिस्टिंग की बात है, तो इस सप्ताह दो कंपनियां स्टॉक मार्केट में एंट्री करने वाली हैं। इस सप्ताह के पहले दिन 04 मई को वैल्यू 360 कम्युनिकेशंस का 41.69 करोड़ रुपये का आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए खुलेगा। इस इश्यू में 06 मई तक बोली लगाई जा सकेगी। आईपीओ में बोली लगाने के लिए 95 रुपये से लेकर 98 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 1,200 शेयर का है। आईपीओ की क्लोजिंग के बाद 07 मई को अलॉटमेंट फाइनल किया जाएगा। कंपनी के शेयरों की लिस्टिंग 11 मई को एनएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर हो सकती है। इसके अगले दिन 05 मई को रिकोड स्टूडियोज का 44.56 करोड़ रुपये का आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए खुलेगा। इस इश्यू में 07 मई तक बोली लगाई जा सकेगी। आईपीओ में बोली लगाने के लिए 150 रुपये से लेकर 158 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 800 शेयर का है। आईपीओ की क्लोजिंग के बाद कंपनी के शेयरों की लिस्टिंग 12 मई को बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर हो सकती है। 05 मई को ही बागमाने प्राइम ऑफिस आरईआईटी का 3,405 करोड़ रुपये का आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए खुलेगा। इस इश्यू में भी सात मई तक बोली लगाई जा सकेगी। आईपीओ में बोली लगाने के लिए 95 रुपये से लेकर 100 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है। इस आईपीओ में 2,390 करोड़ रुपये के 23.90 करोड़ नए शेयर जारी किए जाएंगे, जबकि 10.15 करोड़ शेयर ऑफर फॉर सेल विंडो के जरिए बेचे जाएंगे। आईपीओ की क्लोजिंग के बाद 12 मई को अलॉटमेंट फाइनल किया जाएगा। ट्रस्ट के शेयरों की लिस्टिंग 15 मई को बीएसई और एनएसई पर हो सकती है।

## पेज एक के शेष

**05 राज्यों में हुए चुनावों के आज आयेंगे नतीजे...**

में 84 प्रतिशत, 2016 में 82.66 प्रतिशत और 2021 में 81.56 प्रतिशत मतदान हुआ था. इस बार मतदान 92 प्रतिशत से भी अधिक रहा है।

**2021 की तुलना में 21.11 लाख ज्यादा वोट**

**पहले** चरण में 152 सीटों पर 2021 की तुलना में करीब 21.11 लाख अधिक वोट पड़े। दूसरे चरण में 142 सीटों पर 9.08 लाख वोटों की वृद्धि हुई। प्रति सीट औसतन 6,400 अधिक वोट। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि प्रवासी श्रमिकों की घरों में वापसी ने वोटों में इस भारी वृद्धि के पीछे एक महत्त्वपूर्ण भूमिका निभायी है।

पहले चरण की 152 सीटों में ग्रामीण मतदाताओं की संख्या 81 प्रतिशत है, जबकि मुस्लिम मतदाताओं की संख्या 29 प्रतिशत, अनुसूचित जाति के मतदाताओं की संख्या 24 प्रतिशत और अनुसूचित जनजाति के मतदाताओं की संख्या 09 प्रतिशत है। वहीं, दूसरे चरण की 142 सीटों में ग्रामीण मतदाताओं की संख्या केवल 53 प्रतिशत है, जिसका मतलब है कि शहरी प्रभाव अधिक है।

**बंगाल में निर्वाचन आयोग की तैयारी पूरी, 77 केन्द्रों पर होगी मतगणना...**

उत्तर कोलकाता की सात सीटों चौरंगी, एंटाली, बेलघाटा, जोड़ासांको, श्यामपुकुर, मानिकतला और काशीपुर-बेलगाछिया की मतगणना नेताजी इंडोर स्टेडियम परिसर स्थित खुदीराम अनुशीलन केन्द्र के पास होगी।

इसके अलावा, भवानीपुर विधानसभा क्षेत्र की मतगणना सखावत मेमोरियल स्कूल में होगी। कोलकाता बंदरगाह सीट के मत सेंट थॉमस बॉयज स्कूल (डायमंड हार्बर रोड) में गिने जायेंगे। वहीं, रासबिहारी सीट की मतगणना बालीगंज गवर्नमेंट हाई स्कूल तथा बालीगंज विधानसभा क्षेत्र की गिनती बाबा साहेब आम्बेडकर एजुकेशन यूनिवर्सिटी (बालीगंज सर्कुलर रोड) में होगी।

दक्षिण कोलकाता के कई क्षेत्रों की मतगणना भी अलग-अलग केन्द्रों पर होगी। जादवपुर के एपीसी रॉय पॉलिटेक्निक कॉलेज में भांगर, सोनारपुर उत्तर और सोनारपुर दक्षिण की गिनती होगी। अलीपुर जजेस कोर्ट परिसर स्थित बिहारीलाल कॉलेज में बेहाला पूर्व, बेहाला पश्चिम और कसबा सीटों की मतगणना होगी। वहीं, हेस्टिंग्स हाउस कॉम्प्लेक्स, अलीपुर में महेशतला, मेटियाब्रुज, बजबज, जादवपुर और टालीगंज विधानसभा क्षेत्रों के मतों की गिनती की जायेगी।

जिला-वार व्यवस्था के अनुसार अलीपुरद्वार में एक, बांकोड़ा में तीन, बीरभूम में तीन, कूचबिहार में पांच, दक्षिण दिनाजपुर में दो, दार्जिलिंग में तीन, हुगली में पांच, हावड़ा में चार, जलपाईगुड़ी में दो, झाड़ग्राम में एक, कालिम्पोंग में एक, कोलकाता में पांच (उत्तर में एक और दक्षिण में चार), मालदा में दो, मुर्शिदाबाद में पांच, नदिया में चार, उत्तर 24 परगना में सात, पश्चिम बर्दवान में दो, पश्चिम मेदिनीपुर में तीन, पूर्व बर्दवान में चार, पूर्व मेदिनीपुर में चार, पुरुलिया में तीन, दक्षिण 24 परगना में छह तथा उत्तर दिनाजपुर में दो मतगणना केन्द्र बनाये गये हैं।

राज्य में सबसे अधिक 33 विधानसभा सीटें उत्तर 24 परगना जिले में हैं। इन सीटों की मतगणना आठ केन्द्रों से की जायेगी। इनमें बारासात गवर्नमेंट कॉलेज एंड हाई स्कूल, बसीरहाट हाई स्कूल, बसीरहाट पॉलिटेक्निक कॉलेज, बिधाननगर कॉलेज, बनगांव का दीनबंधु महाविद्यालय, पानीहाटी का गुरु नानक कॉलेज परिसर और बैरकपुर का राष्ट्रगुरु सुरेन्द्रनाथ कॉलेज शामिल हैं।

**जनगणना 2027 में सरना धर्म को मिले अलग पहचान...**

**आदिवासी पहचान और सरना परम्परा का उल्लेख पत्र** में मुख्यमंत्री ने सरना धर्म की विशिष्टताओं का विस्तार से उल्लेख करते हुए कहा कि आदिवासी समाज की अपनी अलग पूजा पद्धति, प्रकृति पूजा, ग्राम देवता, कूल देवता और पारम्परिक त्योहार इस धर्म को अलग पहचान देते हैं। उन्होंने बताया कि स्वतंत्रता पूर्व जनगणना में विभिन्न धर्मों की अलग-अलग पहचान दर्ज की जाती थी। लेकिन, आजादी के बाद आदिवासी धर्म को अलग श्रेणी में शामिल नहीं किया गया। उन्होंने 2011 की जनगणना का हवाला देते हुए कहा कि अलग कोड नहीं होने के बावजूद देशभर के करीब 50 लाख लोगों ने स्वयं को 'सरना' धर्म से जुड़ा बताया था, जो इस मांग की गम्भीरता को दर्शाता है।

**हथियार तस्करी मॉड्यूल से जुड़े चार गुर्गे गिरफ्तार...**

अमृतसर; सतनाम सिंह उर्फ सत्ता (23) निवासी गांव फतेहपुर, तरनतारन, तनुप्रीत सिंह (26) निवासी प्रताप नगर, अमृतसर और करनजोत सिंह उर्फ साजन (26) निवासी कृष्णा नगर, अमृतसर के रूप में हुई है। इनके पास से बरामद किये गये हथियारों में ऑस्ट्रिया निर्मित दो 9 एमएम ग्लॉक, चीन निर्मित चार .30 बोर और एक .30 बोर पिस्तौल हैं।

डीजीपी गौरव यादव ने कहा कि प्रारम्भिक जांच के अनुसार गिरफ्तार किये गये हथियार तस्कर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों के माध्यम से पाकिस्तान स्थित तस्करों के सम्पर्क में थे। उन्होंने बताया कि गैर-कानूनी हथियारों की खेप सरहद पार से ड्रोन के जरिये भेजी गयी थी, जिसे स्थानीय सहयोगियों के माध्यम से आगे आपराधिक तत्वों में वितरित किया जा रहा था।

पुलिस आयुक्त (सीपी) अमृतसर गुरप्रीत सिंह भुल्लर ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर एक योजनाबद्ध कार्रवाई में समरबीर उर्फ सिमर को दो ग्लॉक पिस्तौलों सहित गिरफ्तार किया गया था। उससे पूछताछ के बाद आगे की कार्रवाई में उसके तीन अन्य साथियों सतनाम उर्फ सत्ता, तनुप्रीत सिंह और करनजोत उर्फ साजन को भी गिरफ्तार कर लिया गया, जिनके खुलासों के आधार पर पांच और पिस्तौल बरामद की गयीं।

पुलिस आयुक्त ने बताया कि सतनाम उर्फ सत्ता पहले भी व्यावसायिक मात्रा में हेरोइन की बरामदगी से संबंधित एक मामले में शामिल रहा है और उसके कब्जे से 8 किलोग्राम हेरोइन बरामद की गयी थी। उन्होंने आगे बताया कि सतनाम सत्ता और करनजोत उर्फ साजन एक ही मोहल्ले में रहते हैं और पाकिस्तान-आधारित हैंडलर के निर्देशों पर मिल कर काम कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जांच में यह भी सामने आया है कि गिरफ्तार किये गये सभी आरोपित पढ़े-लिखे हैं और पहले एक निजी फर्म में सेल्समैन के रूप में काम कर चुके हैं।

**मुफ्त इंसुलिन और जांच सुविधा का एलान....**

मधुमेह की जांच, निदान और उपचार के लिए एक मानकीकृत राष्ट्रीय ढांचा तैयार किया गया है। इसका उद्देश्य जन्म से लेकर 18 वर्ष तक के सभी बच्चों की सार्वभौमिक जांच सुनिश्चित करना है। योजना के तहत सामुदायिक स्तर और स्कूलों में प्रारम्भिक पहचान के बाद संदिग्ध बच्चों को जिला स्तरीय स्वास्थ्य केन्द्रों पर भेजा जायेगा।

सरकार ने इस पहल के तहत सार्वजनिक स्वास्थ्य केन्द्रों में व्यापक सहायता पैकेज की भी घोषणा की है। इसमें निःशुल्क स्क्रीनिंग और जांच सेवाएं, आजीवन मुफ्त इंसुलिन थेरेपी, ग्लूकोमीटर और टेस्ट स्ट्रिप्स जैसे जरूरी उपकरण उपलब्ध कराये जायेंगे। इसका मकसद खासकर गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों पर पड़नेवाले आर्थिक बोझ को कम करना है।

जल्दी पहचान को बढ़ावा देने के लिए मंत्रालय ने '4 टी' ढांचे पर जोर दिया है, ताकि माता-पिता और शिक्षक शुरुआती लक्षणों को आसानी से पहचान सकें। इनमें बार-बार पेशाब आना, अत्यधिक प्यास लगना, अत्यधिक थकान या सुस्ती महसूस होना और अचानक वजन कम होना शामिल हैं।

दिशा-निर्देशों में केवल उपचार ही नहीं, बल्कि परिवारों के सशक्तीकरण पर भी विशेष ध्यान दिया गया है। इसमें इंसुलिन देने की सही तकनीक, नियमित निगरानी और आपात स्थिति में प्रबंधन के लिए प्रशिक्षण जैसी व्यवस्थाएं शामिल हैं।

मंत्रालय का मानना है कि इस समग्र दृष्टिकोण से देश में बाल मधुमेह के मामलों की समय पर पहचान और बेहतर उपचार सम्भव हो सकेगा, जिससे बच्चों का स्वास्थ्य और जीवन गुणवत्ता बेहतर होगी।

**मुख्य सचिव अविनाश कुमार ने जनगणना-2027 के तहत स्व-गणना की प्रक्रिया पूरी की...**

लिए प्रशासनिक तैयारियां शुरू कर दी गयी हैं।

इस मौके पर प्रभात कुमार, निदेशक, जनगणना कार्य निदेशालय झारखण्ड, सुशांत गौरव, नगर आयुक्त नगर निगम रांची, डॉ. सत्येन्द्र कुमार गुप्ता संयुक्त निदेशक, शेषनाथ बैठा जिला सांख्यिकी अधिकारी, रांची, ज्ञानचंद्र महतो सहायक निदेशक आदि उपस्थित रहे।

**पश्चिम बंगाल चुनाव में केन्द्रीय बलों ने किया सराहनीय कार्य : अधीर रंजन...**

को नामांकन दाखिल करने से रोका जाता है। उनके मुताबिक, कई मामलों में पुलिस और सत्तारूढ़ दल के कार्यकर्ता मिल कर विपक्ष की भागीदारी को बाधित करते हैं, जिससे लोकतांत्रिक प्रक्रिया प्रभावित होती है।

उन्होंने यह भी दावा किया कि चुनाव जीतने के बाद भी कई उम्मीदवारों को प्रमाणपत्र देने में बाधाएं उत्पन्न की जाती हैं। हालांकि, इस बार के चुनावी अनुभव का जिक्र करते हुए पश्चिम बंगाल में चुनाव के दौरान हिंसा और धांधली के आरोप पहले भी लगते रहे हैं। इस बार भी विभिन्न राजनीतिक दलों के बीच बयानबाजी जारी है, जिससे राज्य की सियासत में तनाव बना हुआ है।

**मिशन दृष्टि सफलतापूर्वक लॉन्च...**

समान विस्तृत और कलर्ड फोटो कैप्चर करते हैं, लेकिन बादल छाए रहने और अंधेरे से जमीनी तस्वीर स्पष्ट नहीं मिलती है। दूसरी ओर, रडार सिस्टम बादलों के पार देखने के लिए रेडियो तरंगों का उपयोग करते हैं और रात में भी काम करते हैं, हालांकि वे आमतौर पर कम स्पष्ट छवियां उत्पन्न करते हैं। ऑप्टोसार एक ही उपग्रह में दोनों तकनीकों को एकीकृत करके इस अंतर को पाटता है। यह एक ही बार में ऑप्टिकल और रडार डाटा को एक साथ कैप्चर करता है, फिर आउटपुट को एक एकीकृत छवि में मिलाता है। परिणामस्वरूप हर मौसम में बादलों के रहते हुए भी पृथ्वी की अत्यन्त विस्तृत तस्वीरें मिल सकेंगी। यह भारत के सबसे उच्च-रिजॉल्यूशन वाले उपग्रहों में से एक है। स्पेसएक्स की प्रक्षेपण सेवाओं का लाभ उठा कर, भारतीय स्टार्टअप अत्याधुनिक पेलोड विकास पर ध्यान केन्द्रित करते हुए कक्षा तक तेजी से और ज्यादा लचीली पहुंच प्राप्त कर रहे हैं।

मिशन दृष्टि भारत के अंतरिक्ष परिदृश्य में एक बदलाव का संकेत है, जो काफी हद तक सरकार के नेतृत्व से हटकर निजी नवाचार द्वारा संचालित अधिक गतिशील पारिस्थितिकी तंत्र की ओर अग्रसर है। जैसे-जैसे गैलेक्सीआई उपग्रह की डाटा क्षमताओं को चालू करने की तैयारी कर रहा है, यह मिशन पृथ्वी पर नजर रखने के तरीके को फिर से परिभाषित कर सकता है, जिससे समय या मौसम की परवाह किये बिना स्पष्ट और अधिक विश्वसनीय जानकारी मिल सकेगी।

## एक झलक

### मिडिल ईस्ट में फिर जंग का खतरा

**तेल अवीव/तेहरान/वॉशिंगटन :** मिडिल ईस्ट में एक बार फिर जंग का खतरा मंडराने लगा है। ईरान के अधिकारी मोहम्मद जाफर असदी ने चेतावनी दी कि अमेरिका से फिर से युद्ध हो सकता है, ईरानी सेना इसके लिए तैयार है। ईरान के सीनियर अधिकारी मोहसिन रजाई ने अमेरिका को चेतावनी देते हुए कहा कि होर्मुज स्ट्रेट को अमेरिकी सेना की कब्रगाह बना दिया जाएगा। मोहसिन रजाई पहले ईरान की रिवोल्यूशनरी गार्ड में कमांडर रह चुके हैं। उन्होंने अमेरिकी सेना को समुद्री लुटेरा (पाइरेट) बताते हुए कहा कि अमेरिका दुनिया का इकलौता ऐसा पाइरेट है जिसके पास एयरक्राफ्ट कैरियर हैं। रजाई ने पिछले महीने इस्फहान में एक अमेरिकी एफ-15ई विमान गिराए जाने का जिक्र करते हुए कहा कि जैसे उस विमान का मलबा पड़ा था, वैसे ही अमेरिकी जहाजों और सैनिकों का भी अंजाम हो सकता है।
वहीं अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने चेतावनी दी है कि ईरान ने कोई गलती की, तो उस पर फिर से हमले हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि अमेरिका फिलहाल मजबूत स्थिति में है, जबकि तेहरान दबाव में है और समझौता करना चाहता है। इसके अलावा ट्रम्प ने ट्रुथ सोशल पर पोस्ट कर बताया कि पाकिस्तान की मध्यस्थता में ईरान की ओर से 14-पॉइंट का प्रस्ताव मिला है, जिसके डिटेल ड्राफ्ट का इंतजार है।

### इराक ने सीरिया के रास्ते फिर शुरू किया तेल निर्यात

**बगदाद :** इराक ने सीरिया के अल-यारूबियाह बॉर्डर क्रॉसिंग के जरिए तेल निर्यात फिर से शुरू कर दिया है। 70 टैंकरों का एक काफिला इस रास्ते से सीरिया में दाखिल हुआ, जो पिछले 14 सालों में इस मार्ग से पहला ऐसा शिपमेंट है। मीडिया रिपोर्ट में सीरिया की समाचार एजेंसी के हवाले से बताया गया है कि काफिले ने भूमध्यसागर तट पर स्थित बानियाज रिफाइनरी का रुख किया। अल-यारूबियाह क्रॉसिंग पर तैनात सीरियाई अधिकारी फेरास रुस्तम ने कहा कि 14 साल बाद इस क्रॉसिंग का फिर से खुलना इराक और सीरिया के बीच आर्थिक संबंधों को मजबूत करने की एक रणनीतिक पहल है। उन्होंने यह भी जोड़ा कि इससे व्यापार और ऊर्जा आपूर्ति को ज्यादा प्रभावी ढंग से सुगम बनाया जा सकेगा और दोनों देशों के बीच दीर्घकालिक साझेदारी विकसित होगी।

# विकसित भारत के सांस्कृतिक आधार में भाषाओं की निर्णायक भूमिका : गजेन्द्र सिंह शेखावत

एजेंसी

**गांधीनगर :** गांधीनगर स्थित गुजरात साहित्य अकादमी, शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास तथा भारतीय भाषा मंच के संयुक्त तत्वावधान में 'विकसित भारत का सांस्कृतिक संदर्भः भारतीय भाषाओं की भूमिका' विषय पर केंद्रित भारतीय भाषा संगम 2.0 का सफल आयोजन एकता नगर, केवड़िया में सम्पन्न हुआ। इस दो दिवसीय राष्ट्रीय आयोजन में देश के 31 राज्यों से लगभग 300 से अधिक भाषाविद्, शिक्षाविद्, नीति-निमार्ता तथा भाषा कार्यकर्ता सहभागी बने। लगभग 50 भाषा संस्थानों के प्रमुखों तथा 40 से अधिक भारतीय भाषाओं के प्रतिनिधियों की उपस्थिति ने इस संगम को एक विराट राष्ट्रीय विमर्श का स्वरूप प्रदान किया। इस संगम में देश के 31 राज्यों से लगभग 300 से अधिक भाषाविद्, शिक्षाविद्, नीति-निमार्ता, शोधकर्ता तथा भाषा कार्यकर्ता सहभागी बने। लगभग 50 भाषा संस्थानों के प्रमुखों तथा 40 से अधिक भारतीय भाषाओं के प्रतिनिधियों की उपस्थिति ने इस आयोजन को बहुआयामी राष्ट्रीय विमर्श का स्वरूप प्रदान किया। विविध भाषाई पृष्ठभूमियों से आए प्रतिभागियों ने यह स्पष्ट किया कि भारतीय भाषाएँ केवल संप्रेषण का माध्यम नहीं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक चेतना, ज्ञान परंपरा और सामाजिक संरचना की आधारशिला हैं। कार्यक्रम 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की भावना स्पष्ट रूप से परिलक्षित किया। उद्घाटन सत्र में भारत सरकार के पर्यटन



एवं संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संबोधन में भारतीय भाषाओं को भारत की सांस्कृतिक आत्मा बताते हुए कहा कि यदि भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है तो उसकी जड़ों—अर्थात भारतीय भाषाओं—को सशक्त करना होगा। उन्होंने यह भी कहा कि भाषा केवल संवाद का माध्यम नहीं, बल्कि पहचान, परंपरा और ज्ञान का संवाहक है। इस अवसर पर शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के राष्ट्रीय सचिव डॉ. अतुल कोठारी ने अपने मुख्य वक्तव्य में भारतीय भाषाओं को राष्ट्रनिर्माण की आधारशिला बताया। उन्होंने शिक्षा, शोध और नवाचार के क्षेत्र में भारतीय भाषाओं के उपयोग को बढ़ाने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि जब तक ज्ञान अपनी मातृभाषाओं में नहीं पहुँचेगा, तब तक व्यापक सामाजिक परिवर्तन संभव नहीं है। साथ ही संस्कृति शिक्षा उत्थान न्यास के राष्ट्रीय सह-संयोजक और भारतीय भाषा मंच के राष्ट्रीय संयोजक डॉ. राजेश्वर कुमार की सहभागिता ने आयोजन को संगठनात्मक और वैचारिक रूप से सुदृढ़ बनाया। भारतीय भाषा मंच की ओर से प्रस्तुत प्रस्तावना में यह स्पष्ट किया कि भारतीय भाषा संगम का उद्देश्य केवल चर्चा तक सीमित नहीं है, बल्कि इसे एक जनांदोलन के रूप में विकसित करना है, जो देश के कोने-कोने तक भाषाई चेतना को पहुँचाए। उन्होंने महात्मा गांधी के उस विचार का उल्लेख किया कि भारत की आत्मा गांवों में बसती है, तथा सरदार वल्लभभाई पटेल द्वारा स्वतंत्रता के पश्चात रियासतों के एकीकरण को केवल राजनीतिक ही नहीं, बल्कि सांस्कृतिक एकीकरण भी बताया। उन्होंने कहा कि भारतीय भाषा संगम 2.0 इसी सांस्कृतिक एकात्मता को सुदृढ़ करने का एक सशक्त प्रयास है। गुजरात साहित्य अकादमी के अध्यक्ष डॉ. भाग्येश झा ने सभी अतिथियों का अभिनंदन करते हुए कहा कि भारतीय भाषाएँ हमारी सांस्कृतिक धरोहर हैं, जिन्हें संरक्षित और समृद्ध करना हमारा सामूहिक दायित्व है।

# दिल्ली में 04 मंजिला बिल्डिंग में लगी आग, 09 लोगों की मौत

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के विवेक विहार में आज तड़के चारमंजिला रिहायशी इमारत में आग लग गई। इस हादसे में नौ लोगों की मौत हो गई। कई लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया है। दो लोग मामूली रूप से झुलस गए हैं। उन्हें गुरु तेग बहादुर अस्पताल में भर्ती कराया गया है।
पुलिस के मुताबिक, तड़के करीब 3:48 बजे विवेक विहार थाना को एक पीसीआर कॉल के माध्यम से आग लगने की सूचना मिली। पुलिस और दमकल विभाग के अलावा अन्य टीमें तत्काल घटनास्थल (विवेक विहार फेज-1 स्थित मकान नंबर बी-13) पर पहुंचे।दूसरी, तीसरी और चौथी मंजिल पर ऊंची लपटें उठ रही थीं। दमकलकर्मियों और पुलिस ने संयुक्त राहत एवं बचाव अभियान चलाते हुए आग में फंसे करीब 10-15 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला। मृतकों की पहचान की प्रक्रिया जारी है। आग पर नियंत्रण के लिए 12 दमकल गाड़ियों को बुलाया गया। इसमें घंटों का वक्त लगा। पुलिस और दमकल विभाग की टीमें आग लगने के कारणों की जांच कर रही हैं। सूत्रों का कहना है कि एसी में विस्फोट होने कारण आग लगी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि भवन की सुरक्षा व्यवस्था, फायर सेफ्टी इंतजाम और निर्माण मानकों की भी जांच की जाएगी।





## जिंदा जले एक ही परिवार के पांच सदस्य

### जल कर मरे सभी नौ लोगों की हुई पहचान

**राष्ट्रीय** राजधानी दिल्ली के विवेक विहार फेज-1 स्थित एक रिहायशी चारमंजिला इमारत में रविवार तड़के लगी आग में जान गंवाने वाले नौ लोगों की पहचान कर ली गई है। इस लाक्षागृह में एक ही परिवार के पांच सदस्य जिंदा जले हैं।
पुलिस के अनुसार, दूसरी मंजिल पर पीछे वाले फ्लैट से एक परिवार के पांच लोगों के शव मिले। मृतकों की पहचान अरविंद जैन (60), उनकी पत्नी अनीता जैन (58), बेटे निशांत जैन (35), बहू आंचल जैन (33) और डेढ़ वर्षीय पोता मास्टर आकाश जैन के रूप में हुई है। पहली मंजिल से शिखा जैन (45) का शव बरामद किया गया। तीसरी मंजिल से एक अन्य परिवार के तीन सदस्यों के शव मिले, जिनकी पहचान नितिन जैन (50), उनकी पत्नी शैली जैन (48) और बेटे सम्यक जैन (25) के रूप में हुई है। हादसे में झुलसे नवीन जैन (48)को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उनकी हालत के बारे में फिलहाल विस्तृत जानकारी नहीं दी गई है।


दमकल विभाग के प्रवक्ता एके मलिक के अनुसार, इस हादसे में मरने वालों की संख्या नौ हो गई है। आग इमारत के छह फ्लैटों में रखे घरेलू सामान से फैली। राहत एवं बचाव अभियान के दौरान विभिन्न मंजिलों से नौ झुलसे शव बरामद किए गए। सभी शव दिल्ली पुलिस की क्राइम टीम को सौंपे गए हैं। प्राथमिक जानकारी के अनुसार आग इमारत के छह फ्लैटों में फैली। पहली मंजिल से एक शव, दूसरी मंजिल से पांच शव तथा सीढ़ियों के ऊपर बनी लॉक मुमटी से तीन शव बरामद किए गए हैं। अधिकारियों के अनुसार मुमटी बंद थी। आशंका जताई जा रही है कि कुछ लोग धुएं और आग से बचने के लिए वहां पहुंचे, लेकिन बाहर नहीं निकल सके।
दमकल विभाग ने बताया कि आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। शुरूआती जांच में शॉर्ट सर्किट सहित अन्य संभावित कारणों पर भी पड़ताल की जा रही है। दमकल विभाग यह भी जांच करेगा कि इमारत में फायर सेफ्टी के पर्याप्त इंतजाम थे या नहीं और कहीं सुरक्षा मानकों की अनदेखी तो नहीं की गई। अधिकारियों का कहना है कि जांच पूरी होने के बाद आग लगने के सटीक कारणों का खुलासा किया जाएगा।

# चुनौतियों से मुक्ति पाने का सबसे सुगम तरीका आध्यात्मिक : स्वामी निगमानन्द



कृष्ण बिहारी मिश्र

**योगदा** सत्संग आश्रम में आयोजित रविवारीय सत्संग को संबोधित करते हुए स्वामी निगमानन्द ने कहा कि आज जो नाना प्रकार की चुनौतियां हमारे जीवन में जो मुंह बाये खड़ी हैं, उसके शिकार केवल आप ही नहीं हैं, बल्कि ये चुनौतियां अनादि काल से चली आ रही है। लोग उसका सामना करते रहे हैं, कुछ उस पर विजय पाये और कुछ उस पर विजय नहीं पा सकें। लेकिन इन नाना प्रकार की चुनौतियों पर विजय पाने का सबसे सरल तरीका है झ परमहंस योगानन्द जी द्वारा बताया गया आध्यात्मिक पथ। अगर हम उनके बताये पथ को अपनाते हैं, तो हमारा जीवन सरल व सुगम हो जायेगा। उन्होंने इस बात पर जोर देकर कहा कि आधुनिक विज्ञान वहां तक नहीं पहुंच सकता, जहां तक परमहंस योगानन्द जी का बताया मार्ग हमें पहुंचाता है। परमहंस योगानन्द जी का चुनौतियां के समाधान के बारे में बताया गया मार्ग बहुत ही सुंदर और सरल है। उन्होंने कहा कि आजकल की दुनिया के सामने सबसे बड़ी चुनौती आइडेंटिटी क्राइसिस की है। लोगों को पता ही नहीं कि वे क्या हैं? और करना क्या है?



स्वामी निगमानन्द ने इस आइडेंटिटी क्राइसेस को लेकर एक प्राचीन कथा सुनाई। उन्होंने बताया कि एक बार जब राजा जनक सो रहे थे। तब उन्होंने स्वप्न में देखा कि वे भिखारी है। भीख मांग रहे हैं। कोई उन्हें भीख दे रहा है और कोई भीख नहीं दे रहा है। जब उनका स्वप्न भंग हुआ तो उन्होंने स्वयं को राजा के रूप में देखा। उन्होंने इस बात को लेकर सभा बुलाई और सभासदों से पूछा कि आखिर वे क्या है? स्वप्न में दिख रहे भिखारी या सही में राजा? राजा जनक के इस सवाल को देखकर सभी आश्चर्य में पड़ गये कि भला ये कोई सवाल है? तभी उनके मंत्री कही से महर्षि अष्टावक्र को ले आये। अष्टावक्र को देखते ही सभी सभासद् हंसने लगे। जिसे देखकर अष्टावक्र ने कहा कि ये सभी उनके शरीर को देखकर हंस रहे, लेकिन इस शरीर के अंदर जो ज्ञान के रूप में आत्मा हैं, उसे ये देख ही नहीं सकते। इसलिए वे हंस रहे हैं। तभी राजा जनक ने अष्टावक्र को बैठने को कहा। अष्टावक्र ने कहा कि राजा जनक अभी आप शिष्य के रूप में हमारे सामने हैं और मैं गुरु, अतः मेरे लिए ऊंची आसन और आपके लिए उससे नीचे आसन होनी चाहिए। राजा जनक ने ठीक वैसा ही किया। तभी राजा जनक ने वो सवाल पूछा जो उन्होंने सभासदों से की थी। वे क्या हैं? भिक्षुक या राजा। महर्षि अष्टावक्र ने कहा कि न तुम राजा हो और न ही भिक्षुक, तुम केवल तत्वमसि हो। राजा जनक को ज्ञान हुआ और तब जाकर वे राजर्षि बने।
स्वामी निगमानन्द ने कहा कि ये आइडेंटिटी क्राइसिस से लोग आज भी जूझ रहे हैं। उन्हें पता ही नहीं कि वे क्या हैं, करना क्या है, जिंदगी खत्म हो जाती है और लोग स्वयं को समझ नहीं पाते और इसी उधेड़ बुन में उनकी जिंदगी समाप्त हो जाती है। उन्होंने यह भी कहा कि आजकल के लोगों को कई लोगों से अपेक्षाएं होती है और ये अपेक्षाएं भी कई चुनौतियों को जन्म देती हैं। उन्होंने इस पर भी युक्तेश्वर गिरि और परमहंस योगानन्द से जुड़ी कथा सुनाई, कि कैसे परमहंस योगानन्द जी अपने गुरु युक्तेश्वर गिरि से बिना बताए आश्रम को छोड़कर चल दिये थे और जब वे आश्रम लौटे तो उन्हें लगा कि उनके गुरु युक्तेश्वर जी गुस्सायेंगे। लेकिन ऐसा हुआ नहीं। क्योंकि युक्तेश्वर गिरि जी ने परमहंस योगानन्द जी से कोई अपेक्षा ही नहीं रखी थी।
उन्होंने कहा कि चुनौतियां कई युद्धों को भी जन्म देती है। जब आप जीवन धारण करते हैं तो कई युद्ध आपके जीवन में चलते रहते हैं, अगर आप इस जीवन रुपी युद्ध में स्थिर हैं तो युद्धिष्ठिर है। उन्होंने इस पर भी एक कथा सुनाई जो रोचक थी। उन्होंने कहा कि एक बार श्रीकृष्ण दुर्योधन के पास गये और उनसे कहा कि वो उनके लिए एक सत्यनिष्ठ व्यक्ति खोज लाये। लेकिन दुर्योधन का कहना था कि इस संसार में सत्यनिष्ठ व्यक्ति कोई हैं ही नहीं। भगवान श्रीकृष्ण ने कहा कि थोड़ा जोर लगाओ, देखो, कही मिल जाये। लेकिन दुर्योधन को एक भी ऐसा व्यक्ति नहीं मिला। अब भगवान युद्धिष्ठिर के पास गये और उन्हें कहा कि इस संसार में अगर कोई दुरात्मा व्यक्ति हैं, तो खोज कर लाओ। युद्धिष्ठिर ने कहा कि उन्हें तो इस संसार में कोई दुरात्मा व्यक्ति ही नहीं दिखता। भगवान श्रीकृष्ण ने उनसे भी कहा कि जोर लगाओ, देखो कही मिल जाये। पर अंत में युद्धिष्ठिर को कोई दुरात्मा व्यक्ति नहीं मिला। अंत में भगवान श्रीकृष्ण से कहा कि प्रभु माफ करें, हमें तो कोई दुरात्मा व्यक्ति नहीं मिला। इसका मतलब क्या, इसका मतलब यह है कि जैसी जिसकी सोच होती है, वैसे ही लोग उसके सामने आ जाते हैं। आप अपनी सोच और इच्छाशक्ति को जैसा रखेंगे। वैसा ही सब कुछ होता जायेगा।
उन्होंने कहा कि हमारे शरीर में जो चक्र है। वे दरअसल पांडव पुत्रों का स्थान रखते हैं। जैसे मूलाधार चक्र -सहदेव, स्वाधिष्ठान -नकुल, मणिपुर झ अर्जुन, अनाहत -भीम, और विशुद्धि झ युद्धिष्ठिर की तरह है। ये पांचों मिट्टी, जल, अग्नि, वायु, आकाश का प्रतिनिधित्व करते हैं। जब हम क्रिया-साधना करते हैं, तो इससे चेतना का परिवर्तन होता है और प्राणशक्ति को इससे ऊर्जा मिलती है।
उन्होंने कहा कि हमारे जीवन में देवासुर संग्राम की तरह युद्ध चल रहा है। नकारात्मक शक्तियां असुर और सकारात्मक शक्तियां देवता का प्रतिनिधित्व करती हैं। हर के अंदर कौरव-पांडव हैं। पांडवों को हमेशा कौरवों को परास्त करना है। हमेशा आप अंतःनिरीक्षण करते रहे। इससे आपको सत्य को समझने में आसानी होगी। इसके लिए टाइम मैनेजमेंट करिये। टाइम मैनेजमेंट के साथ इनर्जी मैनेजमेंट पर भी ध्यान देना होगा। मैनेजमेंट का भी एक तरीका होता है। नहीं तो आप कुछ भी नहीं कर पायेंगे। आपकी इनर्जी, आपकी चेतना को सिर्फ ध्यान के द्वारा ही ठीक रखा जा सकता है। आपको अपने शरीर को ठीक रखने की कला भी आनी चाहिए। आपको अपनी भावना को नियंत्रित करने की कला भी आनी चाहिए। योगदा सत्संग यही सिखाता है। आप अपनी सोच, अपनी भावना और अपने विचार को कैसे संतुलित रख सकते हैं, इसके लिए परमहंस योगानन्द जी के बताये पाठों का अभ्यास करिये। उनकी बताई शिक्षाएं आपको सकारात्मकता की ओर ले जायेंगी।
**(लेखक बिहार-झारखण्ड के वरिष्ठ पत्रकार एवं विद्रोही24 के सम्पादक हैं।)**

# इंदौर-पीथमपुर इकोनॉमिक कॉरिडोर मप्र की प्रगति का नया अध्याय : मोहन यादव



एजेंसी

**भोपाल :** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि विकास एक क्रमिक प्रक्रिया है। प्रदेश में अधिकाधिक औद्योगिक इकाइयों की स्थापना के जरिए उत्पादन गतिविधियों का विस्तार और निर्यात वृद्धि हमारा प्रमुख लक्ष्य है। हम उद्योग-धंधों को बढ़ावा देकर प्रदेश के औद्योगिक विकास लक्ष्यों की ओर तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। इंदौर-पीथमपुर इकोनॉमिक कॉरिडोर प्रदेश की प्रगति का नया अध्याय है।
मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को इंदौर जिले में ग्राम नैनोद में इन्दौर-उज्जैन मेट्रोपोलिटन एरिया की अत्यंत महत्वपूर्ण परियोजना के तहत 2360 करोड़ की लागत से विकसित होने वाले इंदौर-पीथमपुर इकोनॉमिक कॉरिडोर के पहले चरण के कार्यों का भूमिपूजन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यह इकोनॉमिक कॉरिडोर यहां की नई संभावनाओं, नए सपनों और नए अवसरों का गेट-वे है। उन्होंने कहा कि यह कॉरिडोर सच्चे अर्थों में नये मध्य प्रदेश के निर्माण में मील का पत्थर साबित होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि मालवा के किसान हमेशा कमाल करते हैं। प्रदेश के विकास में विशेषकर मालवा क्षेत्र के किसानों का सहयोग और समर्पण अनुकरणीय है।
मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह कॉरिडोर इंदौर-पीथमपुर औद्योगिक प्रक्षेत्र सहित पूरे मालवांचल के विकास को नई गति देगा। साथ ही इंदौर-उज्जैन मेट्रोपॉलिटन एरिया के समग्र विकास में भी अहम भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि इस कॉरिडोर के निर्माण से उद्योगों को बेहतर कनेक्टिविटी, लॉजिस्टिक्स और आधारभूत सुविधाएं मिलेंगी, जिससे उत्पादन लागत में कमी आयेगी।
देश का प्रमुख इंडस्ट्रियल हब बनेगा मध्य प्रदेशमुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इस इकोनॉमिक कॉरिडोर के पहले चरण में सड़क, परिवहन और औद्योगिक ढांचे को मजबूत किया जाएगा। इस कॉरिडोर से रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे।




देश के प्रमुख बी-स्कूलों में से एक रांची के जेवियर इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल सर्विस (एक्सआईएसएस) ने अपना 65वां वार्षिक दीक्षांत समारोह पीजीडीएम डिप्लोमा प्राप्त कर रहे बैच 2024-26 के 318 स्नातक छात्रों के लिए 02 मई 2026, शनिवार को आयोजित किया। समारोह के दौरान ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट के 121 विद्यार्थी, रूरल मैनेजमेंट के 74 विद्यार्थी, फाइनेंशियल मैनेजमेंट के 62 विद्यार्थी और मार्केटिंग मैनेजमेंट के 61 विद्यार्थियों ने स्नातक की उपाधि प्राप्त की। चार कार्यक्रमों के 21 छात्रों को शीर्ष रैंक धारक घोषित किया गया और उनमें 11 गोल्ड, 06 सिल्वर और 04 ब्रोंज मेडल वितरित किये गये।